
**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 04 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 34, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 319 अंकों की गिरावट

कमजोर वैश्विक रुझानों को देखते हुए प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 319 .22 अंक या 0 .41 प्रतिशत गिरकर 77,186 .74 पर बंद हुआ। } 14

## अमित शाह ने केजरीवाल पर साधा निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में डबल इंजन की भाजपा सरकार वाले राज्यों ने प्रगति की है लेकिन दिल्ली पीछे रह गई, क्योंकि आम आदमी पार्टी बहाने बनाती रहती है और केंद्र से लड़ती रहती है। } 16



# महाकुम्भ : बसंत पंचमी पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**विशेष संवाददाता**

महाकुंभ नगर (उप्र), तीन फरवरी (भाषा) महाकुंभ-2025 का तीसरा अमृत स्नान बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार तड़के से शुरू हो गया, जिसमें अब तक करोड़ों लोग गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोपहर तक 1.25 करोड़ से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगा चुके थे। मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया, संगम घाट पर नागा साधु संतों और आम श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई।

हर कोई अमृत स्नान का अलौकिक आनंद ले रहा है और चारों ओर हर हर गंगे का घोष सुनाई दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, महाकुंभ में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं में पवित्र अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई। सूचना निदेशक शिशिर सिंह ने बताया कि योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास पर प्रमुख सचिव (गृह) और डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) के साथ मिलकर तड़के साढ़े तीन बजे से ही महाकुंभ में स्नान संबंधी व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अमृत स्नान निर्विघ्न रूप से जारी है और संन्यासी अखाड़ों के साथु संतों का अमृत स्नान संपन्न होने के साथ अब बैरागी अखाड़े घाट पर पहुंच रहे हैं। क्रम में सबसे पहले संन्यासी अखाड़ों ...शेष पृष्ठ 14 पर



## त्रिवेणी तट पर नागा साधु बने आकर्षण का केंद्र

**विशेष संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 के अंतिम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था।

कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे। बसंत पंचमी के अमृत स्नान ...शेष पृष्ठ 14 पर



महाकुम्भ में संगम तट पर डुबकी लगाते नगा साधु

## आज महाकुम्भ में स्नान करेंगे भूटान नरेश

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक सोमवार को लखनऊ पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भूटान नरेश को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका कुशलक्षेम जाना। भूटान नरेश ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। वहीं एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न प्रस्तुतियों से उनका स्वागत किया। वांग्चुक ने भी कलाकारों की हौसलाअफजाई की। भूटान नरेश मंगलवार को प्रयागराज महाकुम्भ जाएंगे। वे यहां संगम पर पावन त्रिवेणी स्नान व दर्शन-पूजन आदि करेंगे। स्वागत करने वालों में महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव ...शेष पृष्ठ 14 पर



लखनऊ हवाई अड्डे पर भूटान नरेश को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**संक्षेप**

### चंद्रिका टंडन ने जीता ग्रैमी पुरस्कार

नयी दिल्ली। भारतीय-अमेरिकी गायिका एवं उद्यमी चंद्रिका टंडन ने एल्बम त्रिवेणी के लिए बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किया है। पेप्सिको की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इंद्रा नूयी की बड़ी बहन टंडन ने अपने सहयोगियों दक्षिण अफ्रीकी बांसुरी वादक वाउटर केलरमैन और जापानी सेलो वादक इरु मात्सुमोतो के साथ यह पुरस्कार जीता। रिकॉर्डिंग अकेडमी द्वारा आयोजित इस सबसे बड़े संगीत पुरस्कार समारोह का 67वां संस्करण रविवार को लॉस एंजिलिस के क्रिप्टोडॉटकॉम एरेना में आयोजित किया गया।

### कार-तेल टैंकर की टक्कर, आठ घायल

अमेठी। जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मारुति वैन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खड़े तेल टैंकर से टकरा गई। हादसे में सात महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर मिश्रा ने बताया कि वैन में आर्केस्ट्रा पार्टी के आठ सदस्य सवार थे और वे लखनऊसे कुशीनगर की तरफ जा रहे थे। अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में वैन अनियंत्रित होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खड़े तेल टैंकर से टकरा गई और उसमें सवार सभी आठ लोग घायल हो गए। हादसे में घायल लोगों की पहचान वैन चालक इरशाद अली, हर्षिता तिवारी, गुड़िया विश्वकर्मा, पूजा, खुशी रॉय, शिखा कुमारी, स्नेहा और सौम्या तिवारी के रूप में हुई है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार थमा

### आप सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त : पीएम मोदी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जमकर प्रचार किया। साथ ही दावा कि दिल्ली में एक बार फिर से आप की सरकार बन रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि अपनी छवि बचाने के लिए वह केवल उन्हीं विद्यार्थियों को दसवीं कक्षा में प्रोन्नत (प्रमोट) कर रही है, जिनके बोर्ड परीक्षा पास करने की गारंटी है। मोदी ने छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत में कहा मैंने सुना है कि दिल्ली में अगर कोई छात्र नौवीं कक्षा में खराब प्रदर्शन करता है तो उसे 10वीं कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाता। आम आदमी पार्टी के संयोजक ...शेष पृष्ठ 14 पर



### राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी को ब्रेन स्ट्रोक

लखनऊ। अयोध्या के राम जन्म-भूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास (85) की ब्रेन स्ट्रोक (मस्तिष्काघात) के कारण तबीयत बिगड़ गई और उन्हें लखनऊके संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। एसजीपीजीआई ने सोमवार को एक बयान में कहा, सत्येंद्र दास जी को रविवार को भर्ती कराया गया और न्यूरोलॉजी वॉर्ड में उनका उपचार किया जा रहा है। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ है। मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप की समस्या है। इसमें कहा गया उनकी हालत गंभीर है, लेकिन फिलहाल वह देख-सुन पा रहे हैं।

## सीएम धामी ने 'आप' पर साधा निशाना

### डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है दिल्ली का समग्र विकास




**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून/नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण के लिए कार्य करती है जबकि भाजपा विकास और जनकल्याण की राजनीति करती है। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में आरके पुरम विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनिल शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

सीएम धामी ने कहा कि वह तीन दर्जन से अधिक समय से सभाएं दिल्ली में चुनाव प्रचार में कर चुका हूं, दिल्ली की जनता के उत्साह को देखकर मुझे पूर्ण विश्वास है कि यहां डबल इंजन सरकार बनने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देशभर में विकास के कार्य ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- सरकार की व्यवस्थाओं को साधु-संतों ने सराहा (पृष्ठ-02)
- मिल्कीपुर उपचुनाव : शह-मात के खेल में जुटे दल (पृष्ठ-02)
- गिरावट के साथ रुपया पहली बार 87 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- बड़े आर्थिक झटके से साख में कमी का जोखिम (पृष्ठ-14)
- जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** अध्यक्ष जी आपने बार-बार आग्रह किया कि विपक्षी सदस्य प्रश्नकाल को बाधित न करें

## सदन में विपक्ष ने भगदड़ पर सरकार को घेरा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर लोकसभा व राज्यसभा में सरकर से जवाब की मांग करते हुए सोमवार को हंगामा किया। जिसके बाद विपक्षी दलों ने सदर से बर्हिगमन किया।

सरकार ने कहा कि विपक्षी दल राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान किसी भी विषय को उठा सकते हैं। बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। कई विपक्षी सांसद आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनसे सदन चलने देने की अपील की और कहा, अगर आपको देश की जनता ने नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही काम करिये। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा आज उम्मीद की गई थी कि प्रश्नकाल अच्छी तरह चलेगा। अध्यक्ष जी आपने बार-बार आग्रह किया कि विपक्षी सदस्य प्रश्नकाल को बाधित नहीं करें। आप लोग (विपक्ष) सरकार से प्रश्न नहीं पूछकर सदन को बाधित कर रहे हैं, यह अच्छा नहीं है। जनता आपसे सवाल पूछेगी। मैं इसका खंडन करता हूं। उन्होंने कहा कि जो भी सदस्य किसी विषय पर बोलना चाहते हैं, वे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बोल सकते हैं। बिरला के कई बार अपील करने के बावजूद विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी जारी रही। नारेबाजी के बीच ही, प्रश्नकाल संपन्न हुआ। विपक्षी दलों के सदस्यों ने प्रधानमंत्री जवाब दो और मोदी सरकार शेम शेम के नारे लगाए। मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का आरोप है कि सरकार ने इस घटना में मृतकों का सही आंकड़ा नहीं बताया।



## अयोध्या : दलित महिला की नृशंस हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जिला संवाददाता**

अयोध्या। पुलिस ने एक दलित महिला की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसका शव शनिवार को एक नहर से बरामद किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नायर ने बताया कि हरि राम कोरी, विजय साहू और दिग्विजय सिंह ने शराब के नशे में अपराध को अंजाम दिया और घटना के बाद शव को नहर में फेंक दिया। महिला बृहस्पतिवार से लापता थी। इस बीच, परिवार के सदस्यों ने बलात्कार और हत्या का आरोप लगाया और दावा किया कि महिला की आंखें फोड़ दी गई थीं, उसकी हड्डियां टूटी हुई थीं और उसके शरीर पर गहरे घाव थे। पांच फरवरी को मिल्कीपुर उपचुनाव के मद्देनजर महिला की मौत एक राजनीतिक मुद्दा बन गई है। हत्या के बाद विपक्षी दलों ने कानून व्यवस्था को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला किया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के तहत पीडीए पर अत्याचार किया जा रहा है। पीडीए शब्द का इस्तेमाल सपा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक या पिछड़े वर्गों, दलितों और अल्पसंख्यकों के लिए करती है। फैजाबाद से अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद समेत पूरी पार्टी इस घटना से आहत है। फैजाबाद के सांसद प्रसाद पीड़िता के परिवार से मिलने उसके घर गए थे। बाद में, इस घटना पर आयोजित ...शेष पृष्ठ 14 पर




# साधु-संतों ने अमृत स्नान के लिए सरकार की व्यवस्थाओं को सराहा

विशेष संवाददाता (vol)




**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को अखाड़ों के भव्य अमृत स्नान के बीच संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ त्रिवेणी संगम तट पर उमड़ पड़ी। देशभर के प्रमुख संतों ने इस अवसर पर की गई व्यवस्थाओं के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की।

मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान मची भगदड़ की घटना के बाद यह अमृत स्नान हो रहा है। मौनी अमावस्या पर भगदड़ की घटना में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी तथा 60 लोग घायल हो गए थे। इस घटना से स्तब्ध उत्तर प्रदेश सरकार ने भीड़ प्रबंधन प्रणाली तथा सुरक्षा, चिकित्सा एवं परिवहन व्यवस्था को बढ़ा दिया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बसंत पंचमी पर त्रुटि रहित अमृत स्नान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को सुबह आठ बजे तक 62 लाख से अधिक लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अमृत स्नान बिना किसी अप्रिय घटना की सूचना के जारी रहा और आदित्यनाथ, जो स्वयं एक साधु हैं, को संतों से प्रशंसा मिली। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा, बसंत पंचमी के इस पावन पर्व पर पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। हमारा सामाजिक सद्भाव, आध्यात्मिक मूल्य आज पूरे विश्व के केंद्र में हैं। योग और आयुर्वेद के माध्यम से भारत की अद्भुत स्वीकृति बढ़ रही है। हम वही हैं जो पूरे संसार को अपना परिवार मानते हैं। हम यह भी चाहते हैं कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएं और प्लास्टिक का उपयोग ना किया जाए। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा, बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सभी सनातनी आज मां सरस्वती की आराधना करेंगे। सभी अखाड़े पवित्र स्नान कर रहे हैं। कोई भी सरकार इस परंपरा को तभी समझ सकती है जब सरकार में कोई धर्म को समझने वाला हो और धर्म को योगी जी (आदित्यनाथ) से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। आनंद अखाड़ा के आचार्य स्वामी बालिकानंद गिरी जी महाराज ने कहा, अमृत स्नान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत भव्य और दिव्य तैयारी की है। शासन और प्रशासन की ओर से भी पूरा सहयोग किया गया है। पूरी दिव्यता के साथ अमृत स्नान संपन्न हो रहा है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा, आज बसंत पंचमी के अवसर पर अंतिम अमृत स्नान है। इसके बाद हम वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। हमें स्नान के लिए 40 मिनट का समय दिया गया है। मैं सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध करता हूं कि जब तक अत्यंत आवश्यक न हो, संगम घाट पर जाने से बचें। अटल पीठाधीश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती ने कहा, अमृत स्नान बहुत शांतिपूर्वक और उत्कृष्ट तरीके से संपन्न हुआ। इस कुंभ मेले का उद्देश्य विश्व में शांति और एकता स्थापित करना है। सभी को इससे एक सीख लेनी चाहिए। यहां सभी जाति और धर्म के लोग एकत्रित होते हैं। एकता, समृद्धि और भाईचारे की भावना बनी रहे। निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने कहा, महाकुंभ स्वयं ही अमृत स्नान है। मुगल शासन के दौरान जिसे शाही स्नान कहा जाता था, आज वैदिक संस्कृति में उसे अमृत स्नान के नाम से जाना जाता है। गंगा के दर्शन मात्र से ही पापों से मुक्ति मिलती है और हम यहां त्रिवेणी में उपस्थित हैं। प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा, आज बसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि इससे पहले कभी कुंभ में इतनी बड़ी संख्या में लोग आए होंगे। बच्चों और बुजुर्गों को पहले स्नान कराया जाना चाहिए। श्रद्धालुओं को सभी का ध्यान रखना चाहिए। मैं युवाओं से भी आग्रह करता हूं कि वे सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## तड़के 3 बजे से ही वॉर रूम में डटे सीएम योगी, पल पल की लेते रहे अपडेट



विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रातः साढ़े तीन बजे से अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में बैठक की।

उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के संगम में स्नान का लाभ मिल सके।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए किया गहन निरीक्षण
- साधु-संतों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था पर रहा विशेष ध्यान
- डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को लगातार देते रहे आवश्यक दिशा निर्देश




## मतदान के दिन पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाये : सपा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि भारत निर्वाचन आयोग मूकदर्शक की भूमिका से ऊपर उठकर 273-मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव पारदर्शी, स्वतंत्र, भयमुक्त, निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए त्वरित कार्यवाही करें। 273-मिल्कीपुर विधान सभा उप चुनाव में मतदान के दिन पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप पर पूर्ण रूप से रोक लगायी जाये। 273-मिल्कीपुर विधान सभा उप-चुनाव में पीठासीन अधिकारियों पर भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के लिए दबाव बनाने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक पवन कुमार तिवारी के विरुद्ध कठोर, दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। पीठासीन अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में पर्ची उपलब्ध करायी जाये, जिससे मतदान के दिन कोई मतदाता मतदान से वंचित नहीं होने पाये। भाजपा सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों द्वारा राशन कोटेदारों व ग्राम प्रधानों को धमकी देकर भाजपा के पक्ष में मतदान कराने का दबाव बनाने वालो के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की कार्यवाही जाये जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। ज्ञापन को केके श्रीवास्तव, डा हरिश्चन्द्र सिंह एवं राधेश्याम सिंह ने सौंपकर त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

- सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर उठायी मांग

## तीन परियोजनाओं के लिए 148.90 लाख रुपये मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में गाजियाबाद में सड़क निर्माण से सम्बन्धित 03 कार्यों के लिए 148.90 लाख रुपए की धनराशि मंजूर की गई है। शासनादेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र-मोदीनगर के ग्राम चुडियाला में परमाल के मकान से मेडिकल स्टोर होते हुए हीरे प्रधान के घर तक सीसीरोड व नाली के निर्माण कार्य हेतु 75.75 लाख रुपए, ग्राम मुकीमपुर शंकर के मकान से मेन रोड तक व गुलाब के प्लांट से होते हुए सत्तू पंडित के खेत तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य हेतु 37.19 लाख रुपए तथा ग्राम फतेहपुर में सुरेन्द्र सैनी के मकान से परशुराम त्यागी के ट्यूबवेल तक इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण कार्य हेतु 35.96 लाख रुपए की धनराशि मंजूर की गयी है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव : शह और मात के खेल में जुटी भाजपा-सपा

शैलेन्द्र श्रीवास्तव



**लखनऊ।** प्रदेश की हाईप्रोफाइल विधानसभा सीट बन चुकी मिल्कीपुर में उपचुनाव को लेकर प्रचार भले ही थम गया हो लेकिन भाजपा-सपा के बीच शह-मात का असल खेल अब शुरू हो गया है। यहां पर दोनों ओर से बड़े-बड़े नेता और पदाधिकारी विधानसभा का लगातार दौरा कर चुके हैं और कुछ प्रवास भी कर रहे हैं। ऐसे में चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। पक्ष-विपक्ष की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है, ऐसे में कोई भी दल अपने हाथ से यह सीट जाने नहीं देना चाहता।

मिल्कीपुर विधानसभा से विधायक रहे अवधेश प्रसाद अब सपा से अयोध्या के सांसद बन चुके हैं। उनके सांसद बनने के बाद अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट खाली हुई और सपा ने इस सीट से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को टिकट दिया है। अवधेश प्रसाद अपने बेटे को चुनाव जिताने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। यहां बात केवल अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद की नहीं, सपा ने अपनी प्रतिष्ठा पर ले लिया है। यहां पर सपा सांसद डिम्पल यादव ने भी जनसभा को संबोधित कर प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगा। मिल्कीपुर सपा के लिए कितना अहम है, इस बात का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि सांसद डिम्पल यादव की जनसभा के अगले दिन ही सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा बूथ और सेक्टर प्रभारियों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठक की। वहीं, सपा के वरिष्ठ नेता और नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने प्रबुद्ध जनों के साथ जन चौपाल लगाकर प्रत्याशी अजीत प्रसाद को जिताने की अपील की। साथ ही अखिलेश यादव भी लगातार निगाहें बनाये रहे और प्रचार बंद होने से पूर्व उन्होंने भी मिल्कीपुर की जनता के बीच अपनी बात रखकर अजीत प्रसाद को जिताने की अपील की। वहीं, भाजपा के प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व भी मिल्कीपुर विधानसभा सीट को लेकर काफी गंभीर है। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और संगठन के बड़े पदाधिकारी और सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, जेपीएस राठौर समेत कई मंत्रियों ने पूरी विधानसभा का दौरा किया और कुछेक ने वहां पर प्रवास भी किया। इसमें मुख्य रूप से पूर्व भाजपा अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह लगातार वहां पर प्रवास करते हुए क्षेत्रीय प्रबुद्ध लोगों के बीच भाजपा के प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए लगातार चौपाल और जनसभा कर रहे हैं। इस दौरान एक-एक वोट को लेकर भाजपा काफी सतर्क है और भाजपा के पुराने नेता और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर रहे हैं। चर्चा रहीं कि लोकसभा चुनाव के दौरान अयोध्या के चुनाव प्रचार से लेकर मतदाताओं को जोड़ने में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कोई रुचि नहीं दिखायी और कुछ इस अतिउत्साह में भी रहे कि इस बार तो यहां पर सीट भाजपा की ही निकलेगी। इस दौरान कुछ बड़े नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मुकम्मल तवज्जो नहीं दिया। जिससे काफी क्षेत्रीय नेता और कार्यकर्ता नजरअंदाजी को लेकर निराश और नाराज हो गये, जिस कारण अब प्रदेश के शीर्ष नेता और सरकार के मंत्री उनके मान-मनौव्वल में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस सीट को लेकर काफी गंभीर है और उन्होंने भी जनसभायें कर मिल्कीपुर से भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को जिताने की अपील की और जनता के बीच भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा ने क्षेत्रीय और जातीय समीकरण पर वृहद स्तर पर मंथन करने के बाद चंद्रभानु पासवान को टिकट दिया, जिसके लिए कई नेताओं ने दावेदारी ठोंकी थी और लगातार अटकलों का बाजार गर्म था। अब संगठन को उम्मीद है कि इस बार भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान जीत हासिल करेंगे। फिलहाल अब जीत जिस भी दल के प्रत्याशी की हो लेकिन दोनों ही दल अपनी जीत के लिए क्षेत्र में काफी पसीना बहा रहे हैं। एक ओर संगठन से लेकर सरकार के नुमाइंदे जुटे हुए हैं तो दूसरी तरफ सपा वर्तमान सांसद और पूर्व विधायक अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को जीत दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। बता दें कि 5 फरवरी को इस सीट पर मतदान होना है। तब तय हो जायेगा कि इस सीट पर किसका प्रत्याशी जीत दर्ज कराने में सफल रहा।

- पक्ष-विपक्ष के बड़े नेता लगातार की सभाएं
- हाईप्रोफाइल सीट के उपचुनाव में दोनों दलों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी

# सफाई कंपनियों के विरोध में उतरे आउटसोर्सिंग सफाईकर्मी, किया प्रदर्शन

## झाड़ू संग घेरा नगर निगम कार्यालय, मेयर व नगर आयुक्त संग पार्षदों की बैठक आज, नहीं बनी बात तो सदन में होगा निर्णय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में सफाई ठेके को लेकर नगर निगम का चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। निजी कंपनी को कूड़ा उठान के साथ ही सड़कों की सफाई का काम दिए जाने पर

**अफसरों व कंपनी पर लगाये आरोप, कहा-समाधान न होने पर नहीं होगी सफाई**

पार्षदों के बाद सोमवार को आउसोर्सिंग से काम कर रहे कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। निजी हाथों में सफाई का काम सौंपे जाने पर ठेका सफाई कर्मियों ने जमकर विरोध किया। सफाई कर्मचारियों ने शहर में सफाई करने से मना कर दिया है। इससे राजधानी में कूड़ा उठान व सफाई को लेकर समस्या हो सकती है।

सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू लेकर विरोध-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। आरोप है कि सफाई का काम निजी कंपनी को सौंपा गया है, जबकि वे उम्मीद कर रहे थे कि उन्हें नगर निगम में स्थायी किया जाएगा, क्योंकि वे वर्षों से काम कर रहे थे। अब जब काम निजी हाथों में दिया गया, तो उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया गया। कर्मचारियों ने कूड़ा उठाने का काम भी बंद कर दिया है। सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष बाबू भारती ने बताया कि शहर के सभी सफाईकर्मी नगर निगम मुख्यालय और जोन कार्यालयों पर प्रदर्शन कर



रहे हैं। करीब 10 सालों से सैकड़ों युवक और महिलाएं सफाई का काम कर रहे थे और उन्हें उम्मीद थी कि नगर निगम उन्हें नियमित करेगा। आरोप है कि एलएसए व लॉयन इन्वॉयरो में जिन कर्मचारियों को लिया जा रहा है उनके वेतन निर्धारण, पुराने बकाये व काम करने के घंटे की कोई जानकारी नहीं दी गई है। संगठन ने नगर आयुक्त के नाम से मांग पत्र देते हुए मांग की है कि सम्बंधित फर्म से समस्याओं का समाधान कराया जाए, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे कूड़ा उठाने का काम नहीं करेंगे।

**मेयर व नगर आयुक्त संग पार्षदों की बैठक आज, नहीं बनी बात तो सदन में होगा निर्णय** :एलएसए को सफाई का काम दिए जाने के विरोध में पार्षदों के साथ मेयर व नगर आयुक्त मंगलवार को बैठक करेंगे।

इस मामले में जहां मेयर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं वहीं भाजपा समेत सपा पार्षद भी न झुकने का फैसला कर चुके हैं। सोमवार को भी दोनों दल के पार्षदों ने बैठक कर रणनीति बनायी। 110 पार्षदों में से 60 से अधिक पार्षद मेयर व प्रशासन के फैसले के विरोध में है। पार्षदों का सीधा आरोप है कि टेंडर में गड़बड़ी की वजह से उनके वार्डों में सफाई प्रभावित होगी, भविष्य में सफाई न होने पर जिम्मेदार कौन होगा? सदन में मिले आश्वासन के बाद भी पार्षदों ने प्रशासन पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि मंगलवार को होने वाली बैठक में मेयर व नगर आयुक्त तथा पार्षद आमने-सामने होंगे। यह भी चर्चा है कि जिन वार्डों में लॉयन इन्वॉयरो काम कर रही है, भले ही वहां के पार्षद विरोध नहीं कर रहे हैं मगर उनका समर्थन भी अपने साथी पार्षदों को मिल रहा है। आधे से अधिक पार्षदों का एक मत होने पर सदन में प्रशासन को अपना निर्णय वापस भी लेना पड़ सकता है। उधर, पार्षदों, आउटसोर्सिंग कर्मचारी के विरोध के चलते सोमवार को भी कई जोनों में घरों से कूड़ा नहीं उठ सका। सड़कों पर झाड़ू न लगने से लोग परेशान हैं। अगर यही हाल रहा है तो गली-मोहल्लों में रहना मुश्किल हो जाएगा।

# फरवरी में गर्मी का अहसास आज से बदलाव के संकेत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फरवरी के पहले हफ्ते से ही गर्मी महसूस होने लगी है। मौसम के तल्ख तेवर अप्रैल के महीने का अहसास करा रहे हैं। पुरवाई और तीखी धूप की वजह से दिन में जाड़े के कपड़े उतर गए हैं तो कार्यालयों में पंखों की जरूरत महसूस होने लगी है। इस बीच मौसम विज्ञानियों का कहना है कि प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में मंगलवार को हल्की से मध्यम बारिश के संकेत हैं। पश्चिम में बूंदाबांदी का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहने का पूर्वानुमान है। इसके बाद दिन व रात के पारे में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए प्रदेश के 14 जिलों में गरज चमक संग वज्रपात की चेतावनी जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि नए सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पूर्वा हवाएं अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर पश्चिम में बारिश कराएंगी। इस दौरान राजधानी लखनऊ में भी बादलों की आवाजाही देखने को मिल सकती है। बुधवार से दिन व रात के पारे में हल्की गिरावट के आसार हैं।

अनुमान है कि 6, 7 और 8 फरवरी को प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। लेकिन, सुबह और रात के समय हल्का कोहरा भी पड़ सकता है। तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है, जिससे सुबह और रात में हल्की ठंड महसूस हो सकती है। सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। लखनऊ में 12.6 डिग्री न्यूनतम और 29.2 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। अयोध्या, नजीबाबाद और शाहजहांपुर में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि मेरठ, बहराइच और गोरखपुर में यह 9.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

# फरवरी के आखिरी सप्ताह में पेश होगा यूपी का बजट

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल का बजट सत्र फरवरी के आखिरी सप्ताह में आहूत किया जाएगा। इसमें करीब 8 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किए जाने की संभावना है। इस बजट में विकास के योगी मॉडल की छाप दिखेगी। मध्यवर्ग, युवा, किसान और महिलाएं बजट के फोकस में होंगी। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, अभी सत्र की तिथियां फाइनल नहीं हुई हैं। लेकिन, तैयारियां फरवरी के आखिरी सप्ताह को ध्यान में रखकर की जा रही हैं। सभी विभागों के बजट प्रस्तावों को अंतिम रूप दे दिया गया है। गौरतलब है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में मोदी सरकार 3.0 का दूसरा बजट पेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक करार दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, 'विकसित भारत' के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुणा बढ़ाएगा।

# नगर निगम प्रशासन पर आरोप, काम के दबाव से बीमार हो रहे कर्मचारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम प्रशासन पर अपने कर्मचारियों से जबरन व अपेक्षा से अधिक काम कराने आ आरापे लग रहा है। निगम के अलग-अलग कर्मचारी संगठनों ने आरोप लगाया है कि काम के दबाव में कई कर्मचारी मानसिक तनाव, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बीमारी से

- **कर्मचारियों का हो रहा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न, कार्यबंदी की चेतावनी**

जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि कर्मचारियों की यह हालत प्रशासन की गलत नीतियों की वजह से हो रही है। इसको लेकर कर्मचारियों में आक्रोश है। खासकर राजस्व संवर्ग से जुड़े कर्मचारियों पर वसूली का अत्यधिक दबाव है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन पर दबाव बनाने की वजह से वह अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं।

नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण कर्मचारियों पर अधिक काम का बोझ डाला जा रहा है। बढ़ती आबादी और कार्यक्षेत्र के अनुसार सरकार ने वसूली लक्ष्य बढ़ा दिया है और नगर निगम को अतिरिक्त व्यय अपने आय के स्त्रोत से वहन करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम जल कल कर्मचारी संघ की तरफ से इस समस्या को लेकर महापौर, नगर विकास के प्रमुख सचिव और नगर आयुक्त को पत्र लिखा गया है, साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी गई है। नगर निगम जल कल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने कहा है कि राजस्व संवर्ग से जुड़े कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की जरूरत है। इसके लिए शासन और प्रशासन के अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्णय लेना होगा। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से टैक्स वसूली समेत अन्य कार्यों को लेकर 24 घंटे काम हो रहा है। जिससे राजस्व निरीक्षक, संबंधित लिपिक, सहायक कर्मचारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पास न परिवार के लिए और न ही अपनी सेहत के लिए समय है। अनैतिक रूप से टैक्स वसूली का दबाव, निलंबित और वार्ड से हटाने आदि की धमकी, कोई छुट्टी नहीं, हर छुट्टी में वसूली कैंप, इन कर्मचारियों का सामाजिक, घर, परिवार की शादी-ब्याह आदि सब प्रभावित हो रहा है। शशि कुमार मिश्रा के मुताबिक कर्मचारियों की इस दुर्दशा की जिम्मेदारी सरकार पर है। निकायों का करोड़ों टैक्स सरकारी और अर्ध सरकारी कार्यालय पर बकाया है, लेकिन उनके बजट से आज सीधे कटौती करके निकायों को नहीं दिया जा रहा। उसके लिए हमारी निकाय बराबर दबाव बनाने के अलावा कर ही क्या सकती है, न आवश्यकता अनुसार कर्मचारी हैं, न ही विभाग में कोई भर्ती हो रही, सैकड़ों किलोमीटर का कार्यक्षेत्र बढ़ चुका है। वहीं आम नागरिकों से वसूली का दबाव बना रहता है, जिससे इस कार्य से जुड़े कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव रहना किसी से छुपा नहीं है और यही दबाव उन्हें बीमारियों की चपेट में ला रहा है।

**गलत नीतियों की वजह से राजस्व सेवा के कर्मियों पर काम का दबाव :** उ.प्र.स्थानीय निकाय केंद्रीयत राजस्व सेवा कर्मचारी कल्याण एसोसियेशन के प्रां.अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा का कहना है कि सरकार और शासन की गलत नीतियों के कारण राजस्व सेवा के कर्मियों को कार्य क्षमता से अधिक कार्य करना पड़ रहा है। बढ़ी हुई आबादी एवं बढ़े हुए कार्य क्षेत्र के अनुरूप सरकार एवं शासन निरन्तर वसूली लक्ष्य को बढ़ रही है और साथ ही साथ निकायों को यह भी निर्देश दिया जा रहा है कि अतिरिक्त आने वाले व्यय -भार को निकाय अपने आय के श्रोत से वहन करे। इस वजह से कर्मचारियों का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। उनके साथ मारपीट की जाती है और उस पर विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाती है। लक्ष्य के अनुरूप वसूली ना होने पर निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। यही वजह है कि राजस्व संवर्ग के कर्मचारी मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ हैं। मांग की है कि काम के घंटे की बनाई गई नीति का अनुपालन हो, सुरक्षा प्रदान किया जाए एवं सभी अधिकारियों को राजस्व वसूली में उनके पद के अनुरूप अधिनियम के तहत सहभागिता कराई जाए अन्यथा सभी राजस्व सेवा के कर्मी पूरे प्रदेश में कार्य बंदी करने पर विवश हो जायेंगे।

**दो कर्मचारियों का अस्पताल में चल रहा उपचार :** नगर निगम में कार्यरत कर निरीक्षक श्रेणी 2 रमेश गिरी कुछ महीने से निजी हॉस्पिटल में उपचार करा रहे हैं। इसी तरह राजस्व निरीक्षक शिवेंद्र मिश्रा ब्रेन हेमरेज होने पर मेंदाता अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार को नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त व जोनल अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित कर्मचारी का हाल चाल जाना। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने ऐसी घटनाओं पर खेद व्यक्त किया है। संगठन मंत्री संघ से मो. रेहान, कार्य मंत्री राजीव कुमार, राजीव रतन राय ने कर्मचारी से मुलाकात कर हाल लिया।

# प्रयागराज महाकुंभ में हो रहा विविध साधनाओं का संगम

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** महाकुंभ त्याग और तपस्या के साथ विभिन्न साधनाओं के संकल्प का भी पर्व है। प्रयागराज महाकुम्भ साधनाओं के विविध संकल्पों का साक्षी बन रहा है ऐसी ही एक साधना है पंच धूनी तपस्या जिसे अग्नि स्नान की साधना भी कहा जाता है जिसकी शुरूआत बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व से हो गई।

कुम्भ क्षेत्र जप, तप और साधना का क्षेत्र है जिसके हर कोने में कोई न कोई साधक अपनी साधना में रत नजर आएगा। महाकुम्भ के तपस्वी नगर में बसंत पंचमी से एक खास तरह की साधना का आरंभ हुआ है जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा कौतूहल है। इस साधना को पंच धूनी तपस्या कहा जाता है जिसे आम भक्त अग्नि स्नान साधना के नाम से भी जानते हैं। इस साधना में साधक अपने चारों तरफ जलती आग के कई घेरे बनाकर उसके बीच में बैठकर अपनी साधना करता है। जिस आग की हल्की से आंच के सम्पर्क में आने से इंसान की त्वचा झुलस जाती है उससे कई गुना अधिक आंच के घेरे में बैठकर ये तपस्वी अपनी साधना करते हैं। वैष्णव अखाड़े के खालसा में इस अग्नि स्नान की साधना



की परम्परा है जो बेहद त्याग और संयम की स्थिति में पहुंचने के बाद की जाती है। श्री दिगंबर अनी अखाड़े में महंत राघव दास बताते हैं कि अग्नि साधना वैष्णव अखाड़ों के सिरमौर अखाड़े दिगंबर अनी अखाड़े के अखिल भारतीय पंच तेरह भाई त्यागी खालसा के साधकों की विशेष साधना है। यह साधना अठारह वर्षों की होती है। इस अनुष्ठान को पूरा करने के पीछे न सिर्फ साधना के उद्देश्य की पूर्ति करनी होती है बल्कि साधु की क्षमता और सहनशीलता का परीक्षण भी होता है। लगातार 18 वर्ष तक साल के 5 माह इस कठोर तप से गुजरने के बाद उस साधु को वैरागी की उपाधि मिलती है।

# मानक के अनुरूप समय सीमा में पूरे हों सारे कार्य : डॉ. हीरालाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी वाटरशेड विकास घटक - प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. हीरा लाल की अध्यक्षता में सोमवार को गोमतीनगर स्थित भू-मित्र भवन में कृषि विभाग एवं ग्रेटर शारदा सहायक समादेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक

- **वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 की समीक्षा बैठक**
- **प्रदेश के परियोजना प्रबंधक व भूमि संरक्षण अधिकारी बैठक में रहे उपस्थित**

हुई। बैठक में एजेंसी से जुड़े 34 जिलों के परियोजना प्रबंधक और भूमि संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर डॉ. हीरा लाल ने सभी अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानक के अनुरूप सभी कार्य समय सीमा में पूरे किए जायें। हर कार्य की चेकलिस्ट जल्दी से जल्दी तैयार



कर लंबित कार्यों को पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने पानी की महत्ता पर कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है उसका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल सिंचाई में किया जाए और कृषि उत्पादन को बढ़ाया जाए।

डॉ. हीरा लाल ने कहा कि परियोजना में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की सहभागिता को बढ़ाकर परियोजना का शत-प्रतिशत लाभ समुदाय तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए करीब 37 सरकारी विभागों से परियोजना से जुड़ने का पत्र भेजा जा चुका है। इसी तरह करीब 155 स्वयंसेवी संस्थाओं और फाउंडेशन की भी मैपिंग कर उनको परियोजना से जोड़ने का प्रयास चल रहा है। सभी के सहयोग से ही समग्र विकास की दिशा में हम आगे बढ़ सकते हैं। इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ आरएस वर्मा ने पब्लिक सेक्टर और प्र. उप निदेशक आकांक्षा यादव ने निजी क्षेत्र को परियोजना से जोड़ने को लेकर किए गए प्रयासों पर प्रस्तुतिकरण दिया।

डॉ. हीरा लाल ने कहा कि नवाचार के तहत परियोजना में इंटर्नशिप के प्रारूप को जल्दी से जल्दी अंतिम रूप दिया जाए ताकि कृषि क्षेत्र में रुचि रखने वालों को इससे जोड़ा जा सके और उनके अनुभवों का लाभ लिया जा सके। कार्यालयों के दस्तावेजीकरण पर भी उन्होंने पूरा जोर दिया। इसके साथ ही अधिकारियों से कहा कि सभी लोग परियोजना से जुड़ी 10 प्रमुख समस्याओं और उनके संभावित समाधान की लिस्ट तैयार कर कार्यालय को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि परियोजना से जुड़े लोगों के क्षमतावर्धन के लिए जल्द से जल्द प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भुवन पोर्टल पर जियो टैगिंग की प्रगति और राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यक्रम एवं सूक्ष्म उद्योग के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा हुई। परियोजनावार सीए आडिट को लेकर किए जा रहे बदलावों के बारे में बैठक में अवगत कराया गया। बैठक में रजनीश प्रकाश चौधरी संयुक्त निदेशक, मूल चंद सैनी संयुक्त निदेशक, शैलेश कुमार वर्मा प्राविधिक अधिकारी एवं जितेन्द्रमणि त्रिपाठी तकनीकी समन्वयक उपस्थित रहे।

# एकता के महाकुम्भ के साथ ही महाकुम्भ ने दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश

## दुनिया के कई देश, देश के हर राज्य और हर जाति, संप्रदाय के लोगों ने एक साथ लगाई संगम में डुबकी, महाकुम्भ के तीसरे और अंतिम अमृत स्नान पर नजर आया सनातन का संगम

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भनगर।** बसंत पंचमी पर महाकुम्भ में भारत के हर राज्य और हर जाति लोगों ने एक साथ संगम में अमृत स्नान किया। इसके साथ दुनिया भर के कई देशों के श्रद्धालु भी पहुंचे

- **संगम की रेती पर नाचते गाते जयकारे लगाते श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान**
- **दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, असम, पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्र प्रदेश और बिहार समेत हर जगह से पहुंचे श्रद्धालु**

और जय श्री राम, हर हर गंगे, बम बम भोले के उद्घोष के साथ भारतीय जनमानस के साथ घुल मिल गए।

अमृत स्नान पर महाकुम्भ नगर में एकता का महाकुम्भ नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा स्नान किया। जय श्री राम, हर हर गंगे का नारा लगाकर लोग उत्साह से लबरेज नजर आए। महाकुम्भ के इस ऐतिहासिक मौके पर संगम का तट भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं से पूरी तरह से भर गया। आस्था का ऐसा संगम हुआ कि संगम की रेत तक नजर नहीं आ रही थी। हर जगह सिर्फ मुंड ही मुंड नजर आ रहे थे। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश समेत हर राज्य, हर जाति के लोग और अन्य देशों से आए विदेशी नागरिकों ने संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। अमेरिकी, इजरायली, फ्रांसीसी समेत कई अन्य देशों के नागरिक गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हुए। वे भी बम बम भोले के नारे लगाते हुए उत्साह से झूमते नजर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्य और भव्य महाकुम्भ का



अलौकिक आयोजन किया गया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक शक्ति महाकुम्भ के इस बार के अद्भुत आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी ज्यादा बढ़ा दी है। महाकुम्भ में दुनिया भर के कई देशों के नागरिकों ने भाग लिया और भारत की संस्कृति को अनुभव किया। विदेशी श्रद्धालु भारत की सनातन संस्कृति से गहरे प्रभावित हुए और परिवार के साथ गंगा में स्नान किया। संगम के तट पर जय श्री राम और हर हर गंगे के उद्घोष से माहौल बना और श्रद्धालु श्रद्धा से गंगा में डुबकी लगाते रहे। प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व का सबसे बड़ा मानवीय और आध्यात्मिक सम्मेलन है। यूनेस्को ने महाकुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। सीएम योगी का मानना है कि महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रतीक है। यहां सब एक समान हैं। करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालु, समस्त साधुए संन्यासियों का आशीर्वाद ले रहे हैं, मंदिरों में दर्शन कर अन्नक्षेत्र में एक ही पंगत में बैठ कर भण्डारों में खाना खा रहे हैं। महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रदर्शन स्थल है, जिसे दुनिया भर से आये पर्यटक देखकर आश्चर्यचकित हैं। कैसे अलग-अलग भाषायी, रहन-सहन, रीति-रिवाज को मानने वाले एकता के सूत्र में बंधे संगम में स्नान करने चले आते हैं। साधु-संन्यासियों के अखाड़े हों या तीर्थराज के मंदिर और घाट, बिना रोक टोक श्रद्धालु दर्शन, पूजन करने जा रहे हैं। संगम क्षेत्र में चल रहे अनेक अन्न भण्डार सभी भक्तोंए श्रद्धालुओं के लिए दिनरात खुले हैं जहां सभी लोग एक साथ पंगत में बैठ कर भोजन ग्रहण कर रहे हैं। महाकुम्भ मेले में भारत कि विविधता इस तरह समरस हो जाती है कि उनमें किसी तरह का भेद कर पाना संभव नहीं है। महाकुम्भ में सनातन परंपरा को मनाने वाले शैव, शाक्त, वैष्णव, उदासीन, नाथ, कबीरपंथी, रैदासी से लेकर भारशिव, अघोरी, कपालिक सभी पंथ और संप्रदायों के साधु, संत एक साथ मिलकर अपने-अपने रीति-रिवाजों से पूजन-अर्चन और गंगा स्नान कर रहे हैं। संगम तट पर लाखों की संख्या में कल्पवास करने वाले श्रद्धालु देश के कोने-कोने से आए हैं। अलग-अलग जाति, वर्ग, भाषा को बोलने वाले साथ मिलकर महाकुम्भ की परंपराओं का पालन कर रहे हैं। महाकुम्भ में अमीर, गरीब, व्यापारी, अधिकारी सभी तरह के भेदभाव भुलाकर एक साथ एक भाव में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। महाकुम्भ और मां गंगा, नर, नारी, किन्नर, शहरी, ग्रामीण, गुजराती, राजस्थानी, कश्मीरी, मलयाली किसी में भेद नहीं करती। अनादि काल से सनातन संस्कृति की समता, एकता कि ये परंपरा प्रयागराज में संगम तट पर महाकुम्भ में अनवरत चलती आ रही है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

## घर के सामने खड़ी कार चोरी

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में घूम रहे चोरों ने बीते दो दिन पूर्व रात्रि समय एक घर के सामने खड़ी कार पार कर दिया। वहीं चोरों की करतूत घर में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई कार मालिक ने फुटेज आधार पर आशियाना थाने पहुँच पुलिस से शिकायत की है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर जे रेल नगर निवासी विनय कुमार के अनुसार बीते शनिवार रात्रि करीब 11 बजे चोरों ने उनके घर के सामने खड़ी गाड़ी यूपी 93 बीके 7781 पार कर मौके से फरार हो गए। चोरों की करतूतें उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में पहुंच पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरो के खिलाफ चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

## डंपर पर नगर निगम लखनऊ लिख कर रहे ढो रहे मिट्टी

लखनऊ। गोसाईंगंज के भदुआ गांव के पास चल रहे खनन में मिट्टी ढोने का काम करने वाले डंपर नगर निगम लखनऊ की तख्ती लगाकर मिट्टी एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने का काम कर रहे है। सोमवार को एआरटीओ ने एक डंपर को पकड़कर सीज कर गोसाईंगंज पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि डंपर चालक कोई कागज नही दिखा सका। वह मिट्टी लेकर एचसीएल थाना सुशान्त गोल्फ सिटी की ओर जा रहा था।

# सनतकदा मेले में सिलेंडर से लगी आग, मची भगदड़







**विशेष संवाददाता (vol)**

लखनऊ। बारादरी परिसर में चल रहे सनतकदा मेले में आग लगने से भगदड़ मच गई। मौके पर दमकल की 4 गाड़ियां पहुंची हैं। आग पर 1 घंटे बाद काबू पा लिया गया है। घटना के कारण बारादरी की तरफ जाने वाले लोगों को रोक दिया गया। बारादरी परिसर में 31 जनवरी से महिंद्रा सनतकदा लखनऊ महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। मेला चार फरवरी तक चलेगा। सोमवार दोपहर 2 बजे मेला परिसर में स्टॉलों से धुआं उठता दिखा। देखते ही देखते कई स्टॉल आग की चपेट में आ गए। मेले में जो खाने पीने के स्टॉल लगे हैं, वहां घरेलू सिलेंडर का उपयोग हो रहा था। आग के कारण फ्रिज के कम्प्रेसर फटे। धमाके की आवाज से लोग भागे। मौके पर मौजूद उत्तरह्र मंगेश कुमार का कहना है कि खाना बनाते समय आग लगी थी। शॉर्ट सर्किट को लेकर भी जांच की जा रही है। महोत्सव का ये सोलहवां संस्करण है। यहां लखनऊ के गली-कूचे को दिखाया गया है। 60 से अधिक गलियों की प्रदर्शनी है। शहर की 25 गलियों का आर्किटेक्चर, इतिहास, संस्कृति और स्मारक है। 5 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में लखनऊ की विरासत को सजाया गया है। यहां लोग संगीत, गजल गायन, पैनल चर्चा, मुशायरा, हैंडीक्रॉफ्ट, फैशन शो, बैतबाजी, पपेट शो, कव्वाली समेत लखनवी खान-पान का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। महोत्सव का उद्घाटन तस्वीर हसन, नगमा परवीन और विशाल शर्मा ने किया था। उद्घाटन के दिन तस्वीर हसन ने कहा था- इसकी शुरूआत वर्ष 2010 में अवध के शिल्प को श्रद्धांजलि देने और इंदिरा महिंद्रा की याद में की गई थी। यह महोत्सव कला और संस्कृति के बहुरूपदर्शी के रूप में आगे बढ़ता है।

**धूं-धूंकर जली कार :** बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार की देरशाम एक कार को गाड़ी के अंदर के अन्दर धुआं दिखाई दिया। कार के इंजन में आग लगने की आशंका पर उसने सड़क किनारे कार खड़ी की और बोनट खोलकर इंजन देखने लगा। इसी दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सड़क किनारे धूं-धूंकर जलती कार देखकर राहगीरों में हडकंप मच गया। उन्नाव जनपद के असोहा थानान्तर्गत कांथा के रहने वाले सुक्रीत व अंकित रविवार को अपनी कार (यूपी-32एमपी-2840) की सर्विस करने आलमबाग आए थे। वापस जाने के दौरान उनकी कार में बंथरा क्षेत्र की आजाद विहार कॉलोनी के सामने धुंआ उठता हुआ दिखाई दिया। जिसके चलते सुक्रीत ने कार को सड़क किनारे खड़ी कर बोनट खोलकर देखने लगे। इसी दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते कार धूं-धूंकर जलने लगी। मौके पर पुलिस व फायर टीम द्वारा आग को बुझा दिया गया।

## यूनीफार्म की दुकान में लगी आग

लखनऊ। लखनऊ में हजरतगंज स्थित जनपथ मार्केट में स्कूल यूनीफार्म की दुकान में सोमवार सुबह आग लग गई। दुकान से धुआं निकलता देख मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। दमकल की दो गाड़ियों ने 25 मिनट में आग पर काबू पा लिया।

जनपथ मार्केट की पार्किंग में स्कूल यूनीफार्म की दुकान में आग निकलते देख गुरुमीत बत्रा ने फायर स्टेशन को घटना की सूचना दी। एफएसओ हजरतगंज के मुताबिक पार्किंग में स्थित दुकान में शार्ट सर्किट से आग की सूचना मिली थी। मौके पर दो गाड़ियों के साथ पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग को बुझाना शुरू किया। 25 मिनट पर में आग पर काबू पा लिया गया। दुकान बंद होने से आग बुझाने में दिक्कत आई। छोटे एरिया में आग लगी होने के साथ समय पर आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा होने से बच गया। वहीं मार्केट भी खुली नहीं थी, जिससे दमकल की गाड़ियों को पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं हुई।

## डीसीएम ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत

**विशेष संवाददाता (vol)**

लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनी नगर मे भर्ती कराया। जहां पर एक महिला की अधिक तबीयत खराब होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां पर इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक बाजार खाला खजुआ के रहने वाली रोमा सोनकर (40) के भाई अंकित 14 फरवरी को शादी है जिसके चलते रोमा अपने भाई की शादी का कार्ड बांटने के लिए अपने बहनोई कल्लू एवं छोटी बहन मोहिनी के साथ मोटरसाइकिल से सरोजिनी नगर स्थित दरोगा खेड़ा अपने रिश्तेदार के यहां शादी का कार्ड देने के लिए जा रही थी तभी रास्ते में सरोजिनी नगर के हाईडिल चौराहे के पास साइड से गुजर रही डीसीएम से मोटरसाइकल में टक्कर हो गई जिससे मोटरसाइकल अनियंत्रित होकर गिर पड़ी वही डीसीएम चालक मौका देखकर डीसीएम लेकर मौके से भाग निकला हादसे में तीनो घायल हो गए बहनोई कल्लू ने घर वालों को जानकारी दी उसके बाद घर वालों द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां से रोमा की हालत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया वहां उन्होंने दम तोड़ दिया मृतका के पति मुन्ना यहियागंज में एक दुकान में नौकरी करते हैं।

## खड़े ट्रेलर से टकराई कार, बुजुर्ग की मौत, 6 घायल

- बनारस से राजस्थान जा रहे थे गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव के पास हुआ हादसा
- देररात होने के कारण घंटो कार में फसे रहे लोग, ट्रेलर का चालक भागा




**लखनऊ।** गोसाईगंज इलाके में सोमवार की देर रात सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। कार सवार सभी राजस्थान के रहने वाले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कबीरपुर के पास रविवार की रात करीब साढ़े 12 बजे बनारस से लखनऊ जा रही अर्टिका कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। कार खैरथल राजस्थान निवासी कृष्ण कुमार (60) चला रहे थे। ड्राइवर को नींद आने की वजह से उसने कार अनियत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी गोसाईगंज भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने कृष्ण कुमार को मृत घोषित कर दिया। दो लोगों को गंभीर घायल होने की वजह से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। बाकी की मामूली इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया। कार सवार सभी प्रयागराज से अयोध्या गए फिर बनारस से राजस्थान अलवर वापस जा रहे थे। तभी गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव के पास खड़े ट्रेलर से कार टकरा गई। मृतक के परिवार में पत्नी मंनोज देवी बेटा शेर सिंह समशेर सिंह है।

**हादसे में ये हुए घायल:** गोसाईंगंज में हुई सकड दुर्घटना में परमाल (59) निवासी लोधाना रेवाड़ी हरियाणा, नरेश (45), सतेंद्र (35), सतीश (52), विनोद (48) और सतेंद्र (61) सभी निवासी शेरपुर कोटकासिम खैरथल राजस्थान घायल हो गए।

**चीखते रहे लोग कोई नही आया मदद को:** गोसाईंगंज में इस हादसे के बाद रात के वक्त लोग मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन मदद के लिए कोई नही आया। कार में फसे लोगो ने ही 112 डायल कर पुलिस को बुलाया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

**शादी के कार्ड बांटने निकली महिला को डीसीएम मारी टक्कर :** अपने बहनोई और छोटी बहन के साथ भाई की शादी के कार्ड बांटने बाइक से निकली 40 वर्षीय महिला की बाइक में तेज रफ्तार डीसीएम ने सरोजनीनगर में ठोकर मार दी। जिससे महिला घायल हो गई। उसे सरोजनीनगर सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा में सोमवार सुबह इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दी। पुलिस के मुताबिक बाजार खाला के खजुआ में रहने वाली रोमा सोनकर (40) के भाई अंकित की 14 फरवरी को शादी है। रोमा रविवार शाम अपने भाई की शादी के कार्ड बांटने के लिए बहनोई कल्लू और छोटी बहन मोहिनी के साथ मोटरसाइकिल से सरोजनीनगर स्थित दरोगा खेड़ा अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थी। तभी सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित हाइडिल चौराहे के पास बगल से गुजरी डीसीएम ने मोटरसाइकिल में ठोकर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। वहीं घटना के बाद डीसीएम चालक अपना वाहन लेकर मौके से भाग निकला। हादसे में बाइक सवार रोमा, कल्लू और मोहिनी घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां रोमा की हालत अधिक बिगड़ने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन ट्रामा में इलाज के दौरान रोमा की सोमवार सुबह मौत हो गई। वहीं कल्लू और मोहिनी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने रोमा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका रोमा के पति मुन्ना यहिया गंज में एक दुकान में नौकरी करते हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं. 219000481 में त्रुटिवश मेरा नाम नमिता यादव दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम राम धारी है। नमिता यादव व राम धारी दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरी पॉलिसी व सभी विभागीय अभिलेखों में मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **श्रीमती राम धारी पत्नी राम शंकर यादव नि.- ग्राम बरूवा, मजरा थावर, पोस्ट काकोरी, जिला लखनऊ।**

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं. 7**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी तह. कादीपुर**
**जि. सुलतानपुर**
**हेतु संदर्षित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**धारा- 116 उ.प्र.रा.सं.**
**ता.पेशी- 10.02.2025**

बद्रीप्रसाद ....वादी

**बनाम**

1. रामप्रताप पुत्र राम कृपाल
2. भानुप्रताप पुत्र राम कृपाल
3. श्रीमती गायत्री पत्नी सत्यप्रकाश
4. विकास } पुत्रगण सत्यप्रकाश
5. योगेश
6. अभिषेक
7. शम्भूनाथ पुत्र दुर्गाप्रसाद
8. माता प्रसाद } पुत्रगण ऋषिराज
9. हौसिला प्रसाद
10. जगदम्बा प्रसाद पुत्र राम लखन
11. निर्मला देवी पत्नी शिवप्रसाद
12. सुनील कुमार मिश्र पुत्र शिवप्रसाद
13. अनिल कुमार मिश्र पुत्र शिवप्रसाद
14. श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी शिवप्रसाद
15. देवी प्रसाद } पुत्रगण स्व. शिव सहाय
16. अम्बिका प्रसाद
17. धर्मेश
18. दुर्गेश

समस्त निवासीगण ग्राम कल्याणपुर परगना अल्देमऊ तहसील कादीपुर जनपद सुलतानपुर

19. ऊषादेवी पत्नी बृजेश निषाद नि.- ग्राम मलिकपुर, दिमरा, तहसील अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर
20. ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान कल्याणपुर परगना अल्देमऊ तहसील कादीपुर जनपद सुलतानपुर
21. उ.प्र. सरकार द्वारा जिलाधिकारी सुलतानपुर समस्त नि.- ग्राम सरैया कमौरा, पर. अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर। **...प्रतिवादी**

चूकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद द्वारा चेतावती दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 10.02.2025 को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर आपका आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 28.01.2025 को निकाली गई।

**न्यायालय**

# बच्ची की तंत्र-मंत्र के चलते हत्या होने की आशंका

- पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गये युवक ने सुसाइड किया
- सिर पर चोट के निशान मिले

**विशेष संवाददाता (vol)**




लखनऊ। दुबग्गा इलाके से लापता 8 साल की बच्ची की हत्याकर उसके शव को नाले में फेंक दिया गया। हत्या हो गई। नाले में मिले शव के ऊपर माला और लाल कपड़ा मिला था। बच्ची का शव पन्नी में लपेटा था। इससे आशंका जताई जा रही है कि बच्ची की हत्या तंत्र-मंत्र को लेकर की गई। पुलिस इस एंगल को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

घटना के बाद पुलिस ने बरावनखुर्द निवासी सोनू जोशी (35) पुत्र सुरेश को पूछताछ के लिए शनिवार को थाने बुलाया था। पूछताछ के बाद मोबाइल अपने कब्जे में लेकर उसे रात करीब 9 बजे छोड़ दिया था। सोनू ने घर जाने के बाद फांसी पर लटक सुसाइड कर लिया। मृतक राजस्थान का रहने वाला था। दुबग्गा इलाके में रहकर कॉस्मेटिक का काम करता था। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा 23 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने 24 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने 27 जनवरी को दुबग्गा-हरदोई रोड पर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने लाठी चार्ज कर ग्रामीणों को भगा दिया था।

1 फरवरी (शनिवार) को शाम करीब 5 बजे सैरपुर थाना पुलिस को स्थानीय लोगों ने सहारा सिटी होम्स के पीछे नाले में शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव निकलवाया तो बच्ची का निकला। परिवार ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने परिवार को बुलाकर शिनाख्त कराई थी। 23 जनवरी को शाम करीब 5 बजे बच्ची बरावनखुर्द स्थित अपने घर से बाजार जाने के लिए निकली थी। देर शाम वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने आसपास तलाश की। 3-4 दिन बीतने के बाद भी जब बच्ची नहीं मिली तो पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने 27 जनवरी को पावर हाउस चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की सभी एंगलों से जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

**महिला-पुरुष संदेह के घेरे में:** पुलिस जांच में दो लोगों को शक के आधार पर थाने बुलाया गया था। इलाके की ही एक महिला को बुलाया था। जिसे पूछताछ के बाद जाने दिया। वहीं दूसरा सोनू था। सोनू ने आत्महत्या कर ली। वहीं सूत्रों के मुताबिक पुलिस को मिले साक्ष्य में एक महिला बच्ची से बात करते हुए दिख रही है। वहीं सोनू भी छात्रा के पीछे जाते हुए दिखा था। हालांकि एक मोड़ के बाद दिखना बंद हो गया।

## तीन दिन पहले एक किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में हुई लापता

लखनऊ। सरोजनीनगर से तीन दिन पहले एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने एक युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर हजारों रुपये की नगदी व कीमती गहनों के साथ किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि उसकी 17 वर्षीया बेटी 31 जनवरी की दोपहर करीब 12 बजे घर से अचानक लापता हो गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के ही सैनिक स्कूल परिसर स्थित कालोनी में रहने वाला संदीप उसे बहला फुसला कर अपने साथ कहीं भगा ले गया है। उसका कहना है कि उसकी बेटी घर से कीमती गहने और 25000 रुपए की नगदी भी साथ में लेकर संदीप के साथ चली गई। पीड़ित न बेटी के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए आरोपी के खिलाफ किशोरी को अगवा करने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## बाइक सवार को मोबाइल से बात करना पड़ा महंगा

लखनऊ। बंथरा में एक बाइक सवार को मोबाइल पर बात करना काफी महंगा पड़ गया। नतीजा यह हुआ कि वह सड़क पर शोरगुल होने के कारण सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ी कर फोन पर बात करते-करते दूर चला गया और उसकी बाइक कोई चोर उठा ले गया। बाद में लौटने पर बाइक गायब देख उसके होश उड़ गए। उसने बंदरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुडंबा के मायापुरी कॉलोनी जहरापुर, निकट कपड़िया बाबा कल्याणपुर निवासी मो. मुर्तजा के मुताबिक बीती 27 जनवरी को वह उन्नाव की ओर से अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी रात करीब 9:15 बजे बंथरा में हनुमान मंदिर के पास पहुंचने पर घर से फोन आ गया। इस पर उसने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और सड़क पर काफी शोरगुल होने के कारण फोन पर बात करते-करते पैदल ही कुछ दूर चला गया। बात करने के बाद जब वापस लौटा तो उसकी बाइक (यूपी 32 एलयू 3897) वहां नहीं खड़ी मिली। उसने इधर-उधर काफी खोज बीन की, लेकिन बाइक का कहीं कोई आता पता नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद मो. मुर्तजा ने अपनी बाइक चोरी होने की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

## एयरपोर्ट पर अचानक विद्युत आपूर्ति ठप, मची अफरा तफरी

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह अचानक विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने से हड़कंप मच गया। वहां यात्रियों से लेकर अधिकारियों तक में अफरा तफरी मच गई। पूरी एयरपोर्ट बिल्डिंग में घुप्प अंधेरा छा गया। यात्री परेशान होने लगे। हालाकि इससे विमान सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे अचानक एयरपोर्ट की विद्युत सप्लाई ठप हो गई। इसके बाद पूरी एयरपोर्ट बिल्डिंग के अंदर अंधेरा छा गया। करीब सवा घंटे तक विद्युत सप्लाई बाधित रही। इस दौरान यहां सारे कंप्यूटर सेट व विद्युत उपकरण ठप हो गए। उन्होंने काम करना बंद कर दिया। कानपुर के यात्री सोहेल ने बताया कि वह यहां से करीब 10 बजे रियाद (जेद्दा) जाने वाली फ्लाइनास की उड़ान से जाने के लिए बोर्डिंग को लेकर लाइन में लगे थे। तभी अचानक लाइट चली गई और अंधेरा छा गया। उन्होंने बताया कि इसकी वजह से उनका विमान कुछ देर के लिए लेट भी हो गया। पूरे एयरपोर्ट बिल्डिंग में अंधेरा हो जाने से अधिकारियों के हाथ पाँव फूल गए आनन फानन जनरेटर का सहारा लिया गया। हालाकि अधिकारियों का कहना है कि विमान संचालन में कोई दिक्कत नहीं आई है और विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण मैनुअल तरीके से सभी काम जारी रहे। फिलहाल विद्युत सप्लाई अचानक कैसे ठप हुई, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि यहां करीब एक घंटा 15 मिनट विद्युत सप्लाई ठप रही। जबकि एयरपोर्ट प्रवक्ता का कहना है कि करीब 45 मिनट के लिए विद्युत सप्लाई ठप हुई थी।

## दबंगों ने की बीडीसी की धुनाई

लखनऊ। थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के पति की खेत में बनी समाधि को दबंगों ने तोड़ दिया। जब महिला ने कुछ लोगों को न्याय करने के लिये एकत्र किया तो दबंगों ने फैसले में गए बीडीसी की धुनाई कर दी। जब महिला ने दोबारा समाधि बनवाई तो उसे फिर तोड़ दिया गया। अब दलित महिला रामरती पत्नी मेड़ीलाल उर्फ मेडई चमार निवासी रनीपारा और बीडीसी धर्मराज रावत पुत्र। भजनलाल दोनों थाना माल और एसीपी कार्यालय मलिहाबाद के न्याय पाने के लिये बीते एक सप्ताह से चक्कर लगा रहे हैं।

# कभी राम बनके-कभी श्याम बनके, चले आना...

## तीन दिवसीय भजन और पारम्परिक लोक गीत महोत्सव का शुभारम्भ





**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

लखनऊ। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से माँ दुर्गा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवस के प्रथम दिन भजन एंव पारम्परिक लोक गीत महोत्सव का आयोजन आज दिन 03 फरवरी 2025 को लखनऊ के अवध एकेडमी इंटर कालेज लखनऊ अयोध्या रोड पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती का पूजन, वंदन एंव मंगलाचरण तथा मुख्य अतिथि इंटर कालेज की प्रधानाचार्या रूचि यादव, माँ दुर्गा सेवा संस्था के अध्यक्षा गीता मिश्रा, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सचिव मगन मिश्र, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मंच से कलाकारों ने सरस्वती भजन गाया..हे शारदे माँ, हे शारदे माँ - अज्ञानता से हमें तार दे माँ.. की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अगली कड़ी में प्रसिद्ध गायक श्याम मिश्र ने अपनी सुरीली आवाज में कभी राम बनके-कभी श्याम बनके, चले आना, प्रभु जी चले आना...गाकर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में लोक कलाकार आरुषि, आराध्या, अंशिका, वैष्णनवी, खुशी ने पारम्परिक लोक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। आज के कार्यक्रम समापन पर प्रशस्तिपत्र व शील्ड देकर सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।

**राम बरन महाविद्यालय विमारपुर जयसिंहपुर सुल्तानपुर**

**आवश्यकता है**

1- प्राचार्य- एक पद, 2. स्नातक स्तर कला संकाय पर - संस्कृत, मध्यकालीन इतिहास, हिंदी, गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, अंग्रेजी ,शिक्षा शास्त्र,राजनीतिशास्त्र,अर्थशास्त्र विषयों में प्रवक्ता की।, 3 - स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय - भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित विषयों में प्रवक्ता की।, 4- परास्नातक स्तर कला संकाय- हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान एवं मध्यकालीन इतिहास विषयों में दो - दो प्रवक्ता पद।

**योग्यता** - यूजीसी/डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार।

**वेतनमान**-विश्वविद्यालय मानकानुसार।

इछुक अभ्यर्थी दो प्रतियों में समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्रों सहित दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित विज्ञापन प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर डाक अथवा स्वयं महाविद्यालय के कार्यालय में प्रेषित करें।

**प्रबंधक**


केजीएमयू के वसंत उत्सव में भाग लेतीं युवतियां


वसंत पंचमी पर सरसों के खेत में चुनरी लहराती युवतियां


केजीएमयू में वसंत उत्सव में सेल्फी लेतीं युवतियां

सभी फोटो-अमित वर्मा

# वसंत पंचमी : मां सरस्वती के चरणों में नतमस्तक हुए श्रद्धालु



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को भी वसंत पंचमी का त्यौहार श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मां सरस्वती के पूजन का दौर शुरू हो गया। स्कूलों व कालेजों में ज्ञानदात्री मां सरस्वती का पूजन किया गया तो दूसरी ओर से मंदिरों में यज्ञ अनुष्ठान के साथ ही भंडारे का आयोजन हुआ।

निराला नगर के श्रीराम कृष्णमठ में अध्यक्ष मुक्तिनाथा नंद ने मां के आह्वान के साथ पुष्पांजलि की। घसियारी मंडी के काली बाड़ी मंदिर में गौतम भट्टाचार्य व आरएन बोस की मौजूदगी में पूजन के साथ ही भंडारा हुआ। दूसरी ओर बंगाली क्लब में अध्यक्ष अरुण बनर्जी की उपस्थिति में मां शारदा का पूजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने मां को पीले फूल, वस्त्र और भोज्य सामग्रियां अर्पित कीं। विवेक खंड के पानी टंकी पार्क में गोमती नगर सरस्वती पूजा समिति की ओर से मां शारदा का पूजन किया गया। ऐशबाग के साईं मंदिर में सुदर्शन समाज कल्याण समिति की ओर से मां सरस्वती का पूजन किया गया। मालवीय नगर स्थित सरस्वती पार्क में नवजागृति समिति की ओर से वसंत महोत्सव मनाया गया। बासमंडी स्थित इस्कॉन मंदिर में मां सरस्वती का विशेष पूजन किया गया। इसके बाद हरे कृष्णा नाम संकीर्तन हुआ। शाम को फूलों की होली खेली गई। कुड़ियाघाट परशाम को वहां दीपदान किया गया। श्री शुभ संस्कार समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त पांडेय ने बताया कि यह अनुष्ठान 2005 से किया जा रहा है। राजेन्द्र नगर स्थित दुर्गा मंदिर में वसंत पंचमी पर खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। हनुमान सेतु मंदिर में गुरुकुल के बच्चों ने मां सरस्वती की अराधना की। अलीगंज के विध्यांचल देवी मंदिर में तहरी भोज हुआ।

**केजीएमयू में मां सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन :** किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के शताब्दी लान प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर माँ शारदालय में 111 वां माँ सरस्वती पूजन का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के कुलपति ने माँ सरस्वती के पवन स्वरुप के दर्शन एवं पूजन कर उन्हें पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बसन्त पंचमी माँ सरस्वती की अराधना का पर्व है, जो हमें ज्ञान, सद्बुद्धि, विवेक और यश पदान करती हैं। इस अवसर पर कुलपति ने छात्र छात्राओं के कार्यो की प्रशंसा की एवं शुभकामनायें दी।

कार्यक्रम में सरस्वती पूजा के उपरांत यज्ञ एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चिकित्सक एवं एमबीबीएस व बीडीएस के छात्र छात्राओं समेत विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूरे प्रांगण को एमबीबीएस के छात्र छात्राओं द्वारा एमबीबीएस के छात्र छात्राओं के सहयोग से रंग बिरंगी रंगोली से सजाया गया।

**पूजा संग सजी मनभावन रंगोली:** केजीएमयू में मां शारदालय में मां सरस्वती पूजन के अवसर पर वीसी ने दर्शन एवं पूजन कर पुष्प अर्पित किए और छात्र छात्राओं के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनायें दीं। सरस्वती पूजा के उपरांत यज्ञ एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंग बिरंगी रंगोलियां भी बनाई गई।

**कैंट पूजा सेवा समिति में सरस्वती पूजा:** सोमवार को सुबह 10 बजे कैंट पूजा सेवा समिति के पूजा पंडाल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन भी हुआ। इस दिन सरस्वती माँ के सामने छोटे बच्चों का हाथे कोडी( पहली बार लिखना ) भी किया गया।

इसमें बच्चो के लिए खेल कूद ,कला एवं नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। यहां पर इस दिन फल एवं भोग प्रसाद वितरण किया जायेगा इस पूजा में सेना के अधिकारी गण एवं कैंट क्षेत्र के नागरिक पूजा पंडाल में एकत्र हो कर बड़े धूम धाम से मनाते है तथा भोग प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के समस्त सदस्यों एवं कैंट क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं वरिष्ठ आर्मी अधिकारी परिवार के साथ उपस्थित उपस्थित हुए।

**कर कमल वीणा धारनी मां सरस्वती मां भगवती..:** खजुआ पुलिस चौकी के पास बसंत पंचमी के अवसर पर मां भगवती का जागरण का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें राजधानी लखनऊ के भजन गायक राकेश लक्खा ने मां के भजनों को सुना कर लोगों को मंत्र कर दिया। उन्होंने सरस्वती वंदना सुनने के बाद मां का एक भजन प्यारा सजा है दरबार भवानी..., सुनाया तो लोग खड़े होकर माता के दरबार में झूमने लगे पूरा पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। इसी क्रम में अगला भजन कर कमल वीणा धारनी मां सरस्वती मां भगवती..., सुनाया तो लोगों ने तालियां बजाकर भजन गायक का स्वागत किया। इस मौके पर मदन गुप्ता, रिशी राम गुप्ता, राकेश गुप्ता, पार्षद राजीव बाजपेई, सोनू वाजपेई समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। बाद में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।





## श्री श्री राधा रमण बिहारी जी को पीले फूलों से सजाया




लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर सेक्टर एफ सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में आज द्वादशम प्राण प्रतिष्ठा दिवस धूम धाम से मनाया गया, जिसमे विशेष भक्त मंडली द्वारा सुन्दर कीर्तन किया गया। भगवान का प्रथम पूजन व अभिषेक श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन लखनऊ द्वारा किया गया, भक्तो द्वारा बड़े ही उल्लास से भजन, नृत्य व आरती की गयी।

इस्कॉन भक्तवृंद द्वारा श्री श्री राधा रमण बिहारी जी के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर फूलों से विशेष श्रंगार किया गया और 256 प्रकार के भोग अर्पित किये गये। द्वादशम प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव पर भगवत कथा में अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने बताया कि श्री श्री राधारमण बिहारी जी लखनऊ वासियों पर कृपा करने के लिए अर्चा विग्रह के रूप में प्रकट हुये हैं, उनका यह प्राकट्य लखनऊ से सेवा लेने के लिए हुआ है, क्योंकि हम जिसकी सेवा करते हैं उससे उतना ही प्रेम करते हैं जैसे आम जीवन में व्यक्ति अपने माता-पिता की अपेक्षा अपने पुत्र-पुत्री की सेवा करता है, अर्थात व्यक्ति का प्रेम माता-पिता से अधिक बच्चों से होता है, इसी तरह जब हम भगवान की सेवा प्रेम भाव से करेंगे तो हमारा उनसे प्रेम होगा। अंत मे मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने सभी लोगों से श्रीमद्भगवतगीता यथारूप स्वाध्याय, हरिनाम जप एवं श्री श्री राधारमण बिहारी जी की अधिक से अधिक प्रेम भाव से सेवा करने को कहा जिससे उनकी कृपा सबको प्राप्त हो। कार्यक्रम की समाप्ति पर उपस्थित सभी भक्तों ने स्वादिष्ट भोजन प्रसाद ( भंडारा ) का आनंद उठाया, जिसमें भगवान को लगाए गये 256 प्रकार के भोग भक्तों मे वितरित किये गये।

## निराला नगर में 75 बटुकों का हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निराला नगर स्थित माधव सभागार में सोमवार को सामूहिक यज्ञोपवीत कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह आयोजन श्री परशुराम शौर्य समाज फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 75 से अधिक लोगों ने हिन्दू धर्म के हिसाब से और पूरे विधि विधान से यज्ञोपवीत करवाया। यज्ञोपवीत कार्यक्रम सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर दो बजे तक चला।

फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक डॉक्टर स्वामी राम अवस्थी ने बताया कि यज्ञोपवीत को जनेऊ भी कहते हैं। यह हिन्दू धर्म में पहना जाने वाला एक पवित्र सूत्र है। इसे धारण करने का विशेष महत्व है और इसे 24 संस्कारों में से एक माना जाता है। यज्ञोपवीत को उपनयन संस्कार के दौरान पहनाया जाता है। श्लोक ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं, प्रजापतेयर्त्सहजं पुरस्तात। आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।। की ध्वनि से पूरा वातावरण सनातन धर्म से आतप्रोत हो गया। इस मौके पर फॉउण्डेशन के का. अध्यक्ष एडवोकेट हिमांशु शेखर अवस्थी, उपाध्यक्ष शशि प्रभा, सचिव रागिनी अवस्थी और डॉ आकांक्षा पांडेय, करन शुक्ला, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**श्री सद्गुरु कबीर साहेब वेद वेदांग गुरूकुलम में 51 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार:** बसंत पंचमी के पर्व पर आज यहां श्री सद्गुरु कबीर साहेब वेद वेदांग गुरूकुलम के तत्वावधान में 51 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। श्री सद्गुरु कबीर जागू आश्रम, दसौली बसहा, निकट इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, कुर्सी रोड पर हुये इस संस्कार समारोह में आश्रम के महन्त योगेन्द्र दास साहेब, अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, भाजपा पूर्व विधायक बीकेटी अविनाश त्रिवेदी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला, राम तिवारी, जनविकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी, दिव्या शुक्ला सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर यज्ञोपवीत संस्कार कराने वाले बटुकों को आशीर्वाद प्रदान किया। यज्ञोपवीत संस्कार के सफल आयोजन की जानकारी देते हुए गुरूकुलम के प्रबन्धक शिवपूजन दीक्षित ने बताया कि गुरूकुलम में अध्ययनरत बालकों सहित 51 लोगों को पहली बार इस यज्ञोपवीत संस्कार का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बटुकों के परिवारीजन और करीबी रिश्तेदार भी शामिल हुए। इस सफल आयोजन के बाद गुरूकुल के प्रबन्धक शिव पूजन ने अगले वर्ष और व्यापक स्तर पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराने की घोषणा की।

# चार शुभ योग में रथ सप्तमी आज, होगी सूर्यदेव की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सनातन धर्म में रथ सप्तमी का दिन सूर्यदेव की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित माना जाता है। द्रिक पंचांग के अनुसार, इस साल 4 फरवरी 2025 को रथ सप्तमी मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को सूर्यदेव का अवतरण हुआ था। इसलिए रथ सप्तमी के दिन सूर्यदेव की पूजा करना शुभ माना गया है। कहा जाता है कि ऐसा करने से आरोग्यता का वरदान मिलता है और नौकरी-कारोबार में तरक्की के योग बनते हैं। रथ सप्तमी के दिन स्नान-ध्यान और सूर्यदेव की आराधना करके जीवन में आने वाली अड़चनों को दूर कर सकते हैं। द्रिक पंचांग के अनुसार, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि की शुरूआत 04 फरवरी को सुबह 4 बजकर 37 मिनट पर होगी और अगले दिन 05 फरवरी को सुबह 02 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, 04 फरवरी को रथ सप्तमी मनाई जाएगी। इस साल शुक्ल योग, शुभ योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग समेत 4 शुभ योगों में रथ सप्तमी मनाई जाएगी।

**स्नान मुहूर्त :**04 फरवरी को रथ सप्तमी के दिन सुबह 5 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 08 मिनट तक स्नान का मुहूर्त है।

**पूजा विधि:**रथ सप्तमी के दिन सुबह जल्दी उठें। पीले रंग के वस्त्र धारण करें और सूर्यदेव की पूजा शुरू करेंसबसे पहले तांबे के लोटे जलभर सूर्यदेव को अर्घ्य दें। सूर्यदेव की विधि-विधान से पूजा करें। सूर्य मंत्र और सूर्य चालीसा का पाठ करें। इसके बाद सूर्यदेव की आरती उतारें।

**क्यों खास है रथ सप्तमी:** रथ सप्तमी का दिन सूर्यदेव की पूजा-आराधना के लिए खास होता है। मान्यता है कि ऐसा करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है और सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान प्राप्त होता है। रथ सप्तमी के दिन सूर्यदेव की पूजा करने से सभी सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही शारीरिक और मानसिक कष्टों से छुटकारा मिलता है।

# वसंत पंचमी पर काव्य समारोह का आयोजन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा संस्थान कार्यालय में मां सरस्वती पूजन एवं काव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्थान की उपाध्यक्ष डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. सीपी शर्मा, विशिष्ट अतिथि स्वाति द्विवेदी, श्रीमती कोमल रावत एवं श्रीमती प्रतीक्षा तिवारी रही। समारोह का कुशल संचालन चंद्रदेव दीक्षित चंद्र ने किया। कार्यक्रम का आरंभ संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ सरस्वती पूजन एवं वाणी वंदना द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद पांडेय, डॉ. सीमा गुप्ता, चंद्रदेव दीक्षित, अनंत प्रकाश तिवारी, हरी प्रकाश हरि, राम राज भारती, अखिलेश द्विवेदी, डॉ. सुधा मिश्रा, डॉ. रश्मिशील, डॉ. रेनू वर्मा रेणु, मुकेश प्रधान, श्रवण कुमार, श्रीमती प्रतीक्षा तिवारी, डॉ. राधा विष्ट, सुरेन्द्र गौतम, कोमल रावत, श्रीमती स्वाति द्विवेदी, अमरेंद्र द्विवेदी, राजेश कुमार चौहान, ऋषि कुमार सिंह, इंद्रासन सिंह इंदु, डॉ. जटाशंकर त्रिपाठी आदि द्वारा मां सरस्वती एवं बसंत के बारे में गीत, मुक्तक, गजल एवं छंदों से सबका मन मोह लिया। अंत में संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. उमेशचंद्र वर्मा आदित्य ने समारोह में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# पं. बिरजू महाराज जयंती समारोह आज

लखनऊ। बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कल 04 फरवरी को पं. बिरजू महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह उ.प्र., संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में सांय 05:00 बजे से शुरू होगा। समारोह का उद्घाटन संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। समारोह में पं. बिरजू महाराज जी की शिष्या डॉ. दीपान्विता सिंधा राय द्वारा एकल नृत्य की प्रस्तुति भी दी जायेगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पं बिरजू महाराज जी शास्त्रीय कथक नृत्य के लखनऊ कालिका बिंदादीन घराने के अग्रणी नर्तक थे। वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। कथक नृत्य के अलावा उनको गायन, तबला, पखावज इत्यादि के वादन में भी महारथ हासिल थी। उन्होंने ठुमरी, भजन और कवित्त आदि की रचना की थी। कथक क्षेत्र में उनका अद्वितीय योगदान है।


## कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 104/न.पं.धौ./ई-निविदा/2024-25, दिनांक- 31 जनवरी, 2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में नगर पंचायत धौरहरा को सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित / स्वीकृत निर्माण कार्य कराने के लिए ई-टेण्टर पोर्टल के माध्यम से दिनांक - 01.02.2025 से दिनांक - 23.02.2025 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिनके निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो निर्धारित समयान्तर्गत डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है, तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक- 24.02.2025 को समय अपराह्न 03:00 बजे टेण्डर कमेटी द्वारा खोला जायेगा उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश पड़ने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।

**नोट-** कार्य का विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित आवश्यक नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**

# निरस्त ट्रेनें की गईं बहाल, यात्रियों को मिलेगी राहत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व में अधिसूचित रि-शिड्यूल एवं परिवर्तित मार्ग से चलने वाली निम्नलिखित गाड़ियों के संचलन को पूर्ववत बहाल कर दिया गया है।

बहाल गाड़ियों में छपरा से 04 फरवरी को चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग एवं समय से चलाई जायेगी। गोरखपुर से 04 फरवरी को चलने वाली 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग एवं समय से चलाई जायेगी। गोरखपुर से 04 फरवरी को चलने वाली 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग एवं समय से चलाई जायेगी। पटना से 04 फरवरी को चलने वाली 19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग एवं समय से चलाई जायेगी।

दानापुर से 04 फरवरी को चलने वाली 12792 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग एवं समय से चलाई जायेगी। बलिया से 04 फरवरी को चलने वाली 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग वाराणसी जं.-जंघई-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 04 फरवरी को चलने वाली 12166 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-वाराणसी जं.-प्रयाग-जंघई-प्रयागराज जं.-मानिकपुर-सतना के रास्ते चलाई जायेगी।

जबकि रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व में निरस्त की गई 12333/12334 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग-हावड़ा एक्सप्रेस का संचलन बहाल कर दिया गया है। हावड़ा से 03 एवं 04 फरवरी को चलने वाली 12333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस पूर्व में निरस्त की गई थी। इस गाड़ी का संचलन उपरोक्त तिथियों में बहाल कर दिया गया है। इसी प्रकार प्रयागराज रामबाग से 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 12334 प्रयागराज रामबाग-हावड़ा एक्सप्रेस पूर्व में निरस्त की गई थी। इस गाड़ी का संचलन उपरोक्त तिथियों में बहाल कर दिया गया है। ये गाड़ियाँ उपरोक्त तिथियों में पूर्ववत चलाई जायेंगी।

रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व में निरस्त की गयी 15004/15003 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज-गोरखपुर एक्सप्रेस तथा शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरिजिनेट कर चलायी जा रही 15008/15007 लखनऊ जं.-वाराणसी सिटी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस को पूर्ववत बहाल कर दिया गया है। गोरखपुर से 03 एवं 04 फरवरी को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस तथा कानपुर अनवरगंज से 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 15003 कानपुर अनवरगंज-गोरखपुर एक्सप्रेस का संचलन पूर्व में निरस्त किया था। इन गाड़ियों का निरस्तीकरण समाप्त कर पूर्ववत बहाल कर दिया गया है। लखनऊ जं. से 03 एवं 04 फरवरी को चलने वाली 15008 लखनऊ जं.-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस तथा वाराणसी सिटी से 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरिजिनेट कर चलाये जाने की सूचना पूर्व में जारी की गयी थी। इन गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन समाप्त कर पूर्ववत बहाल कर दिया गया है। ये गाड़ियां उपरोक्त तिथियों में पूर्ववत अपनी निर्धारित समय एवं ठहराव के अनुसार चलायी जायेगी।

## ट्रेनों में लगाये गये अतिरिक्त कोच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ मेला में आने/जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 01033/01034 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-मऊ-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस, 01025/01026 दादर-बलिया-दादर एवं 01027/01028 दादर-गोरखपुर-दादर कुम्भ मेला विशेष गाड़ियों में विभिन्न तिथियों को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का अतिरिक्त कोच अस्थाई रूप से लगाया जायेगा।

01033/01034 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-मऊ-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस कुम्भ मेला विशेष गाड़ी में 05, 22 एवं 26 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस से तथा 06, 23 एवं 27 फरवरी को मऊ से वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04 अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे। 01025/01026 दादर-बलिया-दादर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी में 14, 17, 19 एवं 21 फरवरी को दादर से तथा 16, 19, 21 एवं 23 फरवरी को बलिया से वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। 01027/01028 दादर-गोरखपुर-दादर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी में 15, 16, 18, 20 एवं 22 फरवरी को दादर से तथा 17, 18, 20, 22 एवं 24 फरवरी को गोरखपुर से वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

# उत्तर प्रदेश में 157 अमृत स्टेशन हो रहे विकसित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बजट 2025-26 हेतु उत्तर प्रदेश में रेल परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने हेतु रिकार्ड बजट आवंटन हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उत्तर प्रदेश में रेल के विकास के लिए कुल 1,04,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। जिससे प्रदेश में दोहरी लाइन, तीसरी लाइन, अमृत भारत स्टेशन आदि का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 19,858 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है, जो कि यूपीए सरकार (वर्ष 2009-14) की तुलना में 18 गुना ज्यादा है।

अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उत्तर, उत्तर-मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक एवं मंडल रेल प्रबन्धक की उपस्थिति में स्थानीय पत्रकारों को बजटीय प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले 10 सालों में 5,200 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं जो कि पूरे स्विट्जरलैंड अथवा बेल्जियम के रेलवे ट्रैक की लंबाई से अधिक है। उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश हेतु स्वीकृत रेल परियोजनाओं को समय से पूरा कराने के लिए विशेष रूचि ली और उन्हें पूरा कराने में सराहनीय योगदान दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में एलिवेटेड ट्रैक परियोजना में आ रही अड़चनों को दूर कर विशेष योगदान दिया है।

रेल मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 157 स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित कर उनकी क्षमता बढ़ाई जा रही है। उत्तर प्रदेश में 14 वंदे भारत ट्रेनों का संचलन 20 जिलों से होकर किया जा रहा है तथा उनका ठहराव 25 स्टेशनों पर दिया गया है। दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस का उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में अवस्थित 10 स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। गोरखपुर, लखनऊ एवं वाराणसी से अमृत भारत एक्सप्रेस के संचलन संबंधी प्रश्न का उत्तर देते हुए रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि अमृत भारत ट्रेनों के लिए सुनियोजित तरीके से कार्य किया जा रहा है। पुणे, बैंग्लोर, चेन्नई, दिल्ली में नये टर्मिनल बनाये जा रहे है। आगामी चार वर्षों में इन स्टेशनों से/के लिए कई गाड़ियां चलाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक यात्रा टिकट पर 55 प्रतिशत की रियायत दी जाती है। इस वर्ष 740 करोड़ यात्रियों ने भारतीय रेल पर यात्रा की। जुलाई,2024 से अबतक 40,000 करोड़ के लागत की रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 4800 किमी रेल नेटवर्क में कवच प्रणाली लागू करने हेतु कार्यवाही तेजी से चल रही है और आगामी छः वर्षों में सम्पूर्ण भारतीय रेल पर कवच प्रणाली लागू कर दी जायेगी। इसके उपरान्त पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर ने कहा कि गोरखपुर जं. स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तीन वर्षों में पूरा कर लिया जायेगा। गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन पर नये फुट ओवर ब्रिज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहजनवा-दोहरीघाट, घुघली-महराजगंज-आनन्द नगर तथा खलीलाबाद-बहराइच नई लाइन निर्माण के संबंध में तेजी से कार्यवाही चल रही है। गोरखपुर कैंट-गोरखपुर के मध्य तीसरी लाइन निर्माण का कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा। यात्रियों की सुविधाजन्य यात्रा हेतु 17,500 गैर वातानुकूलित सामान्य कोचों का निर्माण किया जायेगा। अगले पॉच वर्षों में सभी आई.सी.एफ. कोचों के स्थान पर एल.एच.बी. कोच लगा दिये जायेंगे। पहली वंदे स्लीपर ट्रेन का परीक्षण किया जा रहा है। 50 नमो भारत ट्रेन, आधुनिक सुविधाओं से युक्त 100 गैर वातानुकूलित अमृत भारत ट्रेनों तथा 200 वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण किया जा रहा है। खान-पान की गुणवत्ता में सुधार हेतु 600 बेस किचन चालू किये जा रहे हैं।

# कलाकार होना ईश्वर की विशेष कृपा : डॉ. जीके गोस्वामी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कला दीर्घा अंतरराष्ट्रीय दृश्य कला पत्रिका एवं द सेंट्रम, लखनऊ द्वारा आयोजित बसंत अखिल भारतीय चित्रकला प्रदर्शनी का आज उद्घाटन हुआ। द सेंट्रम, लखनऊ में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ जी के गोस्वामी, भा.पु.से., अपर पुलिस महानिदेशक एवं संस्थापक निदेशक, उ.प्र. स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ ने दीप प्रज्वलित कर किया और कहा कि कलाओं के सहचार्य से मन पवित्र होता है और कलाकार होना ईश्वर की अतिरिक्त कृपा है। डॉ अवधेश मिश्र और डॉ लीना मिश्र के सानिध्य में इतने सारे कलाकारों का एक साथ आकर अपनी कला का प्रदर्शन करना इस नगर में कलात्मक वातावरण बनाने में एक महत्वपूर्ण अवदान की तरह देखा जाएगा। बसंत प्रदर्शनी में कला दीर्घा पत्रिका के संपादक एवं डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अध्यापक डॉ अवधेश मिश्र, अमृतसर के सहायक आचार्य डॉ ललित गोपाल पाराशर, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ के सहायक आचार्य रविकांत पाण्डेय, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना के अध्यापक डॉ राकेश कुमार मौर्य, लखनऊ की टैक्सटाइल डिजाइनर एवं सहायक अध्यापक डॉ अनीता वर्मा, स्वतंत्र कलाकार सुमित कुमार, युवा छायाकार एवं अभिकल्पक अर्चिता मिश्र सहित कई कलाकारों ने हिस्सा लिया।

## वर्ल्ड मॉडर्न शोटोकॉन कराटे कप में मोहलक्षिका का उत्कृष्ट प्रदर्शन



लखनऊ। राजधानी के चौक स्टेडियम में रविवार को आयोजित वर्ल्ड मॉडर्न शोटोकॉन कराटे कप में 4-5 वर्ष बालिका श्रेणी में मोहलक्षिका सिंह, छात्रा, अपर प्रेप, ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक प्राप्त किया गया। यह पदक उन्हें प्रो. रवि शंकर सिंह कुलपति, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर, निर्दोष गुप्ता, निदेशक आरडीएसओ, लखनऊ एवं डॉ.बिंदु सिंह, प्रांत संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने किया। इस अवसर पर जसपाल सिंह, महासचिव कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश एवं संतोष जायसवाल ने मोहलक्षिका की प्रशंसा की।

## लविवि में इंटर हॉस्टल कॉम्पिटशन फेस्ट 19 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट का आयोजन 19 से 28 फरवरी के मध्य विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में कर रहा है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो वीके शर्मा ने बताया कि इस फेस्ट का शुभारंभ 19 फरवरी को सुबह 9:30 पर हबीबुल्लाह हॉस्टल में किया जाएगा जबकि इस फेस्ट का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 28 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में दोपहर 2:30 बजे किया जाएगा।

चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने सूचित किया कि इस इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट में विभिन्न प्रकार की इंडोर एवं आउट डोर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। विभिन्न पुरुष एवं महिला छात्रावासों के अंतःवासियों के लिए नियोजित प्रतियोगिताओं को कुल तीन वर्गों में विभाजित किया गया है, प्रथम वर्ग में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, मुशायरा, स्किट, रंगोली, मिमिक्री तथा कुकिंग को शामिल किया गया है। द्वितीय वर्ग में साहित्यिक (शैक्षिक) प्रतियोगिताओं को शामिल किया जाएगा जिसमें डिबेट, जस्ट ए मिनिट, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्वरचित कविता और शायरी को रखा गया जबकि तृतीय वर्ग में खेलकूद (स्पोर्ट्स) प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें आउटडोर प्रतियोगिताओं में क्रिकेट (केवल लड़कों के लिए), कबड्डी (केवल लड़कियों के लिए), बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्साकसी, रिले रेस, ट्रेक इवेंट्स तथा इंडोर प्रतियोगिताओं में चेस, कैरम, टेबल टेनिस आदि को शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिताओं का आयोजन विश्वविद्यालय के विभिन्न हॉस्टलों, एपी सेन हॉल तथा विश्वकर्मा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। साथ ही आउटडोर खेलों का आयोजन परांजपे ग्राउंड, शिवाजी ग्राउंड, द्वितीय परिसर में स्पोर्ट्स ग्राउंड आदि स्थानों पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि फेस्ट में भारतीय अंतःवासियों के साथ-साथ विदेशी अंतःवासी भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिता के लिए विभिन्न प्रोवोस्ट एवं असिस्टेंट प्रोवोस्ट को समन्वयक एवं सह-समन्वयक बनाया गया है। इसी तरह विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल भी बनाये गये है।

## कराटे चैम्पियनशिप में अर्णव ने जीते दो गोल्ड मेडल



लखनऊ। सीएमएस के अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-7 के प्रतिभाशाली छात्र अर्णव पाण्डेय ने द्वितीय इंटर-स्कूल वाडो काई कराटे चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस चैम्पियनशिप के अन्तर्गत अर्णव ने 70 किग्रा से अधिक भार वर्ग में इण्डिविजुअल काटा एवं इण्डिविजुअल क्यूमिटे प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल अर्जित किया है। चैम्पियनशिप का आयोजन वाडो काई कराटे एसोसिएशन, उ.प्र. के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, अलीगंज, लखनऊ में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

## अवध कॉलेजिएट के छात्रों ने मनायी बसंत पंचमी



लखनऊ। 'बसंत पंचमी' एक ऐसा अवसर है जो बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और इस दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं में यह दिन बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्या की देवी सरस्वती मां की पूजा करने के लिए सब एकत्रित हुए। इस दिन को यादगार बनाने के लिए, छात्र घर से पारंपरिक पीले व्यंजन लाये और उन्हें अपने दोस्तों के साथ मिलकर खाया एवं छात्रों ने सरस्वती वंदना पर प्रस्तुति दी। विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह, निर्देशिका जतिंदर वालिया, संयुक्त निर्देशिका डॉ. ब्रह्मजोत कौर एवं सभी प्रधानाचार्यों में दरोगा खेड़ा शाखा की इंदु चंदेल, रामगढ़ शाखा की नीरजा सिंह, पारा शाखा की शिल्पी बाजपेई एवं मोहान शाखा की अनिता झा ने सभी छात्रों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस दिन के महत्व के बारे में बताया। छात्रों को अपनी संस्कृति को समझने और उसका सम्मान करने के लिए प्रेरित किया और देवी सरस्वती की पूजा की। बच्चे पीले कपड़े पहनकर आये और देवी को पीले रंग के फूल चढ़ाये और सभी ने इस शुभ दिन को खूब हर्ष और उल्लास के साथ मनाया।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल में कला प्रदर्शनी और बाल मेले का आयोजन



लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउन्डेशन) की जानकीपुरम शाखा द्वारा कला प्रदर्शनी एवं बाल-मेले का आयोजन किया गया। प्रातः काल से ही बाल मेले में बच्चों एवं अभिभावकों का आकर्षण बना रहा। कला प्रदर्शनी में अनेक छात्र/छात्राओं ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित और कला विषय पर कई ज्ञानवर्धक एवं रोचक मॉडल एवं चित्रकारी का प्रदर्शन किया जिसे अभिभावकों, शिक्षकों द्वारा काफी सराहा गया। बाल मेले में गेम शो, म्यूजिक मस्ती, झूले आदि के साथ अनेक चटपटे व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए जिसमें छात्र/छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मेले का आनन्द उठाया। इस भव्य समारोह में विद्यालय के प्रबन्धक लोकेश सिंह एवं निदेशिका रश्मि पाठक ने शिक्षकों एवं छात्रों के कार्यों की सराहना कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य/उपप्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# लविवि में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की हुई पूजा, माहौल हुआ भक्तिमय



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज संस्थान एवं विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक बोर्ड सांस्कृतिकी के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी का भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन किया गया।

यह आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा सुंदर रंगोली निर्माण से हुई, जिसने बसंत के उल्लास और ज्ञान की शक्ति को दर्शाया। इसके बाद मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर डी. फार्मा की छात्रा सौम्या मिश्रा ने मां सरस्वती का रूप धारण कर कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनायें प्रेषित की।

फार्मास्युटिकल साइंसेज संस्थान के निदेशक डॉ. पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को ज्ञान और नवाचार के प्रति प्रेरित किया। वहीं, सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने इस पर्व के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को अपनी रचनात्मकता एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता हुआ संदेश भेजा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पीले और केसरिया परिधान धारण कर बसंत पंचमी के रंगों को जीवंत किया। इस आयोजन ने सभी को ज्ञान, संस्कृति और परंपरा से जोड़ते हुए आनंद और उल्लास से भर दिया, मुख्य परिसर में छात्रों ने सरस्वती प्रतिमा पर मुख्य परिसर हवन पूजन किया तथा कर्मचारियों ने सुंदर कांड का पाठ कर प्रसाद रूप में तहरी वितरण किया। प्राच्य संस्कृत विभाग में भी सरस्वती पूजन किया गया।

## हवन कर एबीवीपी ने मनाई बसंत पंचमी



लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ (एबीवीपी) महानगर के अंतर्गत एकेटीयू इकाई द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर एकेटीयू परिसर स्थित हनुमंत धाम मंदिर पर मां सरस्वती का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत हवन व पूजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत की उपाध्यक्ष प्रो. मंजुला उपाध्याय, फार्मा विजन के प्रांत प्रमुख डॉ. आकाश वेद राज्य विश्वविद्यालय संयोजक मुस्कान उपाध्याय, महानगर उपाध्यक्ष डॉ. अरुणिमा वर्मा, नगर अध्यक्ष जानकीपुरम डॉ. रवि शर्मा, इकाई अध्यक्ष अंकुर अवस्थी, इकाई उपाध्यक्ष विक्रांत तिवारी, अनुज तिवारी, सोमिल कटियार, हर्ष व कार्यक्रम संयोजक संग्राम मिश्रा, अनुराग सेंगर, आकाश, शिवदत्त, दीपक सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद एकेटीयू इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा झुग्गी-झोपड़ी गरीब की बस्तियों में जाकर बच्चों को काफी किताब कलम तथा अन्य शैक्षिक कार्य संबंधी वस्तु में वितरित की।

**सेंट जोजफ विद्यालय समूह में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी बंसत पंचमी:** सेंट जोजफ विद्यालय समूह की राजाजीपुरम्, सीतापुर रोड, रूचिखण्ड आदि सभी शाखाओं में बंसतोत्सव का पर्व बंसत पंचमी विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना, पूजा-अर्चना कर बड़ी ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बंसत पंचमी के अवसर पर सभी अध्यापक और अध्यापिकायों ने पीले रंग के परिधान पहन कर ऋतुराज बंसत का स्वागत करते हुए विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस पावन पर्व पर विद्यालय के सभी बच्चों ने मां सरस्वती को नमन करते हुए विद्या व ज्ञान का आशीर्वाद मांगा। सेंट जोजफ समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल और प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल के साथ निदेशक नम्रता अग्रवाल ने सभी को बसंतोत्सव पर्व एवं ऋतुराज के आगमन की बधाइयां देते हुए मां सरस्वती से सर्वत्र मंगल की कामना की। प्रधानाचार्या सहित उपस्थित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने पूजा कर विद्या की अधिष्ठात्री देवी से सभी के लिए बुद्धि, ज्ञान और विद्या का आशीर्वाद मांगा।



**कवि कुंभ में छात्र-छात्राओं ने पढ़ी कविता:** डॉ अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट की ओर से सोमवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित कवि कुंभ का आयोजन कुलपति प्रो.जेपी पांडे के मार्गदर्शन में कराया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ किया, जिसमें मुख्य रूप से प्रशांत यादव, हर्ष पांडे, सूर्यांश चौहान, रवि शर्मा, आशीष यादव, सत्यम केसरवानी, नमन कुमार ने कविता का पाठ किया। मुस्कान सिंह, ओम गुप्ता, अंकित यादव ने कविता पढ़ी। इस मौके पर उप कुलसचिव डॉ आरके सिंह, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट के डॉ विनय चतुर्वेदी, डॉ गजेन्द्र गुप्ता, शेफाली सिंह, आरजू गुप्ता व सेंट्रल ऑफ स्टडी के डॉ सिद्धार्थ यादव, डॉ विजय सिंह उपस्थित रहे।

**बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का किया गया पूजन:** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को बसंत पंचमी के मौके पर कुलपति प्रो. जेपी पांडे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के सुख समृद्धि एवं शैक्षिक उन्नयन की कामना की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शिक्षक अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।



## हमारी बुद्धि, प्रज्ञा तथा मनोवृत्तियों की संरक्षिका मां सरस्वती : प्रो. मंजुला




लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा सरस्वती पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। पंडित शैलेन्द्र के मंत्रोच्चार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत पूजन कराया गया। सभी प्रवक्ताओं और छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि बसंत पंचमी का त्योहार हमारे सनातन धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है वाग्देवी सरस्वती परम चेतना है, सरस्वती के रूप में यह हमारी बुद्धि प्रज्ञा तथा मनोवृतियों की संरक्षिका है। हममें जो आचार और मेधा है उसका आधार स्वयं मां भगवती सरस्वती ही है। इनकी समृद्धि और स्वरूप का वैभव बहुत ही अद्भुत और अलौकिक है। यह वीणा वादिनी मां सरस्वतीसभी प्रकार की ब्रह्म विद्या, बुद्धि एवं वाक् प्रदाता है। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण इन्हें संगीत की अधिष्ठात्री देवी भी कहा जाता है। प्रसाद वितरण में पुस्तकालय की लता तिवारी, अंजू कनौजिया, अर्चना सरकार, रीतिका ने सहयोग दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रो. संगीता कोतवाल, प्रो. विन्नी कक्कर, प्रो. ऋचा शुक्ला, प्रो. अर्चना सिन्हा, डॉ गीताली रस्तोगी, प्रो. शर्मिता नंदी, प्रो. मंजू गुप्ता, डॉ वंदना द्विवेदी, डॉ विनीता सिंह, डॉ नेहा अग्रवाल आदि सभी सम्मानित प्रवक्ताएं और छात्राएं तथा सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्य प्रो.मंजुला यादव, प्रो.सीमा सरकार, डा. सीमा पांडे, डा.अपूर्वा अवस्थी और डा. क्षितिज शुक्ला आदि उपस्थित रहीं।

संक्षेप

## हजारों रुपये नगदी व जेवरात चोरी

बिछिया, उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के लहिया निवासी वीरेंद्र बहादुर सिंह थाना क्षेत्र के मुर्तजानगर स्थित एक फैक्ट्री में गार्ड के पद नौकरी करता है। रविवार रात वह नौकरी पर था। घर में पीछे के रास्ते चोर घुसे और कमरे में लगे दरवाजे को तोड़कर दाखिल हो अलमारी तथा अटैची को तोड़कर उसमें रखी 75 हजार नगदी मंगल सूत्र, सोने की चैन, चांदी की पायल, कमर की हाफ पेटी चुरा ले गए और घर के दरवाजे बाहर से बंद कर दिया। रात दो बजे उठे बेटे करन ने जब सामान फैला हुआ देखा तो उसने घर में दूसरे कमरे में लेटी मां कामिनी और बड़ी बहन शंकुतला सिंह को जगाया जिसके बाद तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दिया। परिजनों ने दही थाना पुलिस को तहरीर दी है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नहीं पहुंचे सीतापुर

सीतापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को जेल में बंद सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर से मुलाकात करने वाले थे। इसको लेकर रविवार को जानकारी मिली थी। लेकिन सोमवार सुबह होते ही सीतापुर कांग्रेस कार्यवाहक जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कार्यक्रम रद्द होने की सूचना दी। जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने बताया कि अपरिहार्य कारणों के चलते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का सीतापुर दौरा रद्द हो गया है। जिस वजह से वे सोमवार को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर से मुलाकात नहीं करेंगे।

## सीएमओ से एनसीपी प्रदेश महासचिव ने की मुलाकात

सीतापुर। एनसीपी के प्रदेश महासचिव लखनऊ मंडल प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने सोमवार को सीएमओ सीतापुर से मुलाकात की। यह दौरान उन्होंने कहा कि सीतापुर की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाए। इस दौरान आयुष्मान कार्ड के संबंध में चर्चा की गई। प्रयास रहे की आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहने पाए। बुजुर्ग और गरीबों के पास आयुष्मान कार्ड जरूर होने चाहिए। इससे गरीब जनता को गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में जो स्वास्थ्य सेवाएं चल रही है उनको और भी बेहतर किया जाए। जिला अस्पताल के अलावा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध रहें। ताकि लोगों को दवा की कमी न हो। इस मौके पर प्रदेश महासचिव के साथ जिला अध्यक्ष ललित सिंह भी मौजूद रहे।

## ज्ञापन सौंप मजदूरों ने उजागर की अव्यवस्थाएं

सीतापुर। पिसावां में सोमवार को ब्लाक पर मजदूरों का प्रतिनिधित्व कर रही संगतिन किसान मजदूर संगठन की रामबेटी ने बताया कि दो फरवरी को मनरेगा के उन्नीस वर्ष पूरे हो गये हैं बावजूद इसके मनरेगा कानून का पालन नही किया जा रहा है। मनरेगा कानून के अनुसार डिमांड करने के चैदह दिन के अंदर काम मिलना चाहिये और काम पूरा होने के चैदह दिन मे मजदूरी का भुगतान होना चाहिये एक वर्ष मे सौ दिन का काम मिलने का नियम है। लगातार काम की मांग करने के बावजूद सौ दिन का काम दूर की बात है। काफी संख्या मे मजदूरों के जाब कार्ड ही नही है कुछ जाब कार्ड डिलीट कर दिए गये हैं कुछ जाबकार्ड बनाये भी गये हैं जो नाकाफी हैं। उन्होंने बताया कि उनतीस नवंबर से बकाया मजदूरी का भुगतान नही हुआ हैं। निरंतर मांग के बावजूद समय से मजदूरी व भुगतान ना होना मनरेगा एक्ट का उल्लंघन है उन्होंने कहा संगठन की तरफ से ब्लाक की विभिन्न ग्राम पंचायत के सैकड़ों मजदूरों ने काम की डिमाण्ड ब्लाक पर बीडिओ की ना मौजूदगी मे एपिओ रामशंकर को सौंपते हुये समय से भुगतान, मार्च तक लगातार कार्य देने, जिनके पास जाबकार्ड नही हैं या जाब कार्ड नंबर हैं लेकिन जाब कार्ड नही हैं उनको जाब कार्ड दिलाने की मांग की। इस मौके पर मनरेगा मजदूर सुनीता, मनोहर लाल, जगन्नाथ, सुरेंद्र कुमार, उत्तम, सहित काफी संख्या मे मनरेगा मजदूर मौजूद रहे।

# धर्मगुरुओं के सुझाव से पूर्ण करायें काम: डीएम

जिला संवाददाता(vol)



- 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला एवं पंचकोसीय परिक्रमा मेला के दृष्टिगत बैठक हुई संपन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में तहसील सभाकक्ष मिश्रित में आगामी 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला एवं पंचकोसीय परिक्रमा मेला के दृष्टिगत बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में आये हुये सभी धर्मगुरूओं का माला पहनाकर स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया गया। सभी पड़ावों से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं एवं सुझावों पर चर्चा की गयी।

धर्मगुरुओं, पड़ाव प्रभारियों एवं परिक्रमा मेला से सम्बन्धित पदाधिकारियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए अभी तक की गयी व्यवस्थाओं के विषय में फीडबैक दिया एवं शेष कार्यों व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी देते हुए प्रशासन द्वारा समयबद्ध रूप से कार्यों को पूर्ण कराए जाने की अपेक्षा भी की। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पड़ाव स्थलों तथा परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, मार्ग व्यवस्था, रैन बसेरा आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि मार्गों का दुरूस्तीकरण कराया जाये तथा तथा चोक नालियों, जलभराव एवं साफ-सफाई को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि जर्जर हुये विद्युत तारों को सही करा दिया जाये तथा जिनकी भी ड्यूटी लगायी जाये उनका नम्बर कन्ट्रोल रूम में उपलब्ध करा दिया जाये। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि धर्मगुरूओं के सुझावों को संज्ञान में लेते हुये सभी अधिकारी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ावों में पड़ने वाले मार्गों की झाड़ियों को हटवा दिया जाये। इसके साथ ही सम्बन्धित मार्गों पर स्वच्छता, प्रकाश आदि के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि होली परिक्रमा के पड़ावों में जो भी कार्य कराये जा रहे है उसको पूरी लगन व निष्ठा के साथ पूर्ण करायें, यह कार्य धर्मार्थ का कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा समय रहते सभी कार्य पूर्ण कर लिये जायें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस के प्रबंध के विषय में सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेहतर सुरक्षा व्यवस्था हेतु मोबाइल टीमों का भी गठन किया जा रहा है, जिससे परिक्रमा के दौरान सुरक्षा के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जा सके। विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव ने सभी से कहा कि यह हम सभी का आयोजन है, इसलिए सभी को बेहतर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सफल आयोजन हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण, मेला समिति के पदाधिकारी, धर्मगुरु आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं समय से समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश, पार्किंग आदि हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य का निधन

सीतापुर। पिसावां क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभाल अर्कवंशी का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और हरदोई के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। सुबह नौ बजे उनके करमलकुईयां स्थित निवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। चन्द्रभाल अर्कवंशी के निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन से परिवार के सदस्य बेहद दुखी हैं और रो-रोकर बुरा हाल है। इस दुख की घड़ी में क्षेत्र के गणमान्य लोग परिवार के पास पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी। क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया है।

## 51 बटुकों का स्वामी आत्मानन्द गुरुकुल संस्थान में हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

नैमिषारण्य/सीतापुर। बसंत पंचमी के पावन शुभ अवसर पर धार्मिक नगरी नैमिषारण्य मे स्वामी आत्मानंद गुरुकुल शिक्षण संस्थान में संस्थान के प्रबन्धक आचार्य सर्वेश शुक्ला के सानिध्य में 51 बटुकों को यज्ञोपवीत पहना कर गुरु मंत्र दिया गया। आत्मानंद गुरुकुल के आचार्य स्वदेश शुक्ल ने बताया की बसंत पंचमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की बात इस वर्ष भी 51 बटुको का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। इस आयोजन में सीतापुर सहित अन्य जनपदों से भी लोग आकर अपने बच्चों का यज्ञोपवीत कराते है। जिसमे सीतापुर, लखनऊ, शाहजहांपुर, लखीमपुर, हरदोई आदि स्थानों के बालकों का जनेऊ संस्कार आत्मानंद गुरुकुल शिक्षण संस्थान के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे व्यासपीठा धीश अनिल शास्त्री व उनके पुत्र रंजीत शास्त्री विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने दीपप्रज्वलन के साथ माँ स्वरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर गुरुकुल के संरक्षक रामकिशोर दीक्षित, अध्यक्ष रमेश शुक्ल, मनोज पांडे, शुभम दीक्षित, देवेश, मोहित, सहित गुरुकुल के आचार्य गण मौजूद रहे। इसी क्रम में नैमिषारण्य में कई अन्य जगह पर भी यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुए पहला आश्रम, स्वामी नरदानंद आश्रम में व अन्य जगहो यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुए।




## महाप्राण निराला के व्यक्तित्व व कृतित्व पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

- मनोहरा मोहनी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने कार्यक्रम के जरिये मोहा मन




पाटन, उन्नाव। बसंत पंचमी पर महाप्राण निराला की धर्मपत्नी के नाम पर स्थापित मनोहरा मोहनी पब्लिक स्कूल गौरी के वार्षिक समारोह में महाप्राण निराला के कृतित्व और व्यक्तित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। वहीं विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न सामाजिक पहलुओं पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत कर क्षेत्र व कार्यक्रम में पहुंचे। विशिष्ट जनों तथा अभिभावकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर आए मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ आईएएस पी सी एफ के प्रबंध निदेशक सीबी त्रिपाठी ने कहा उन्नाव जनपद का यह बैसवारा क्षेत्र साहित्य संस्कृति व देशभक्ति में अपनी जान निछावर कर देने वाले लोगों की भूमि है। यहां आने का सौभाग्य निराला की धर्मपत्नी की स्मृति में स्थापित विद्यालय में जो मिला है। मैं गौरवान्वित हूं। इस विद्यालय परिवार ने जिस तरीके से बच्चों को शिक्षित किया है। उससे लगता है कि वास्तव में इस विद्यालय में पढ़ने वाली यह पीढ़ी आने वाले राष्ट्र निर्माण में सनातन संस्कृति को सहेजने के प्रयास में जुटी हुई है। विशेष अतिथि के रूप में आए आई ओ डब्लू में तैनात आईपीएस राजीव दीक्षित ने कहा कि यह सरस्वती की उपासना का पर्व है और जिस निराला को जिस मातृ शक्ति मनोहरा जी ने निराला को साहित्यकार बना दिया। उनकी पत्नी के नाम पर स्थापित किए गए मुन्ने बच्चों के इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे निसंदेह आज की पीढ़ी जो साहित्य से विमुख हो रही है। आने वाले समय में यह बच्चे साहित्य सरंक्षण में अग्रणी भूमिका निभाएगें। आज इस परिसर में आकर बच्चों के कार्यक्रम को देखकर ऐसा लगता है जैसे इस क्षेत्र में निराला सुमन वा नंद दुलारे बाजपेई रामविलास शर्मा की विरासत हमेशा जीवंत रहेगी। विद्यालय के प्रबंधक गौरव अवस्थी ने कहा कि मेरे पूज्य पिता कमला शंकर अवस्थी साहित्य और शिक्षा की जो अधूरी कड़ी छोड़कर विरासत में हमें सौंप गए हैं उसको इन नौनिहालों के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों के सहयोग से आगे बढाने का कार्य कर रहा हूं विद्यालय में आए हुए अतिथियों का विद्यालय के संयुक्त प्रबंधक शिखर अवस्थी ने स्वागत किया। प्राचार्य शिवानी सिंह ने आभार व्यक्त किया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत कर क्षेत्र के आए हुए लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता, जी एम बी एस एन एल मैनपुरी वाई के सिंह, गोविंद नरायन शुक्ला, प्रकाश सिंह, पवन पासवान, लाला चौधरी, भोले सिंह, अरुण दीक्षित, ऊदल फौजी आदि लोग मौजूद रहे।

## खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर किया प्रसाद वितरण



सफीपुर, उन्नाव। नगर पंचायत सफीपुर में नगर अध्यक्षा गरिमा बाजपेई व सौरभ बाजपेई राजा बेटा चेयरमैन प्रतिनिधि की अगुवाई में निशान यात्रा निकली। समाधान एक विकल्प संस्था द्वारा बाबा खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। तथा सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने भव्य निशान यात्रा में भाग लिया।

समाधान एक विकल्प संस्था द्वारा समय समय पर भंडारे, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, निःशुल्क नेत्र शिविरों का आयोजन कराया जाता है। संस्था के ट्रस्टी अभिषेक सिंह ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य गरीब असहाय लोगों की यथासंभव मदद करना है। मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा कराए गए प्रसाद वितरण कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संस्था के सचिव कमलजीत, कोषाध्यक्ष अनुज सिंह, अध्यक्ष उमेश सिंह मौजूद रहे। निशान यात्रा व प्रसाद वितरण आयोजन में मयंक श्रीवास्तव, वीर सिंह, अंकित सिंह, अतुल सिंह, सत्यभान सिंह, हिमांशू गुप्ता, अशोक सोनी, श्रुती सिंह, अनामिका सिंह व मंदिर के संस्थापक आलोक गुप्ता अरविंद यादव, सोनू श्रीवास्तव आदि सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## मौसम की मार, बढ़े बुखार गठिया बाई के मरीज

उन्नाव। मौसम के बदलते रुख के चलते मरीजों की संख्या में भी लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। रविवार अवकाश के बाद सोमवार को ओपीडी खुलने के साथ ही मरीजों की भीड उमाशंकर दीक्षित संयुक्त जिला चिकित्सालय में देखने को मिली। डायरिया, बुखार, जोड़ों के दर्द गठिया बाई, फैक्चर इत्यादि रोगो के मरीजों में बढोत्तरी हुयी है। मौसम की वजह से सबसे अधिक भीड फिजीशियन के कक्ष में देखने को मिली। हड्डी रोग से जुडे मरीज भी इलाज के लिए अस्पताल में भारी संख्या में देखने को मिले। फिजिशियन डा. कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया कि इस समय सबसे अधिक मरीज बुखार, जुकाम, खांसी, और सांस लेने में परेशानी की समस्या से जुडे आ रहे है। इधर, चिकित्सक मौसम परिवर्तन को इसकी प्रमुख वजह बता रहे है। उधर, ट्रामा सेंटर विभाग की ओपीडी में भी मरीजों की भीड़ बनी रही। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विकास सचान ने बताया कि इस समय गठिया बाई, फैक्चर के मरीज बढ़े है। दरअसल मौसम ने अचानक से अपना रुख बदला है। बदलता मौसम ही इन मर्ज के बढने की अहम वजह है। ऐसे में इस मौसम में जरुरी एहतियात के साथ साथ ठंड से बचाव जरुरी है। अधिक आवश्यक काम होने पर ही घर से बाहर निकले।

## प्रयागराज से सुप्रीमकोर्ट दिल्ली के लिए पैदल जा रहे अधिवक्ताओं का किया स्वागत

महोली/सीतापुर। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किए जाने को लेकर प्रयागराज से सुप्रीमकोर्ट दिल्ली के लिए पैदल जा रहे अधिवक्ता मयंक शर्मा व अभिनव भट्ट का महोली तहसील महोली के निकट बार एसोसिएशन महोली के पदाधिकारियों फूल मालाओं से स्वागत किया। 12 एसोसिएशन महासचिव जगजीवन भारती ने बताया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए हमारे अधिवक्ता साथी सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयागराज से दिल्ली सुप्रीम कोर्ट तक पैदल जा रहे हैं। हम सब अधिवक्ता उनकी इस लड़ाई में उनके साथ हैं। अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर उठाया गया यह कदम सराहनीय है। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा महासचिव जगजीवन भारती कोषाध्यक्ष कमलेश भार्गव अधिवक्ता हरीकरन नाथ दीक्षित, राजकृष्ण शुक्ला, संगीत मिश्रा, अनुराग त्रिपाठी, ऋषभ कटियार, अभय मिश्रा, नीरज मिश्रा, अवनीश भास्कर, यदुनाथ प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पांच को किया गिरफ्तार

सीतापुर। थाना कमलापुर पुलिस ने एक शिकायत पर कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम ककैयापारा में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने गांव के बाहर टीनशेड से कमलापुर थाना क्षेत्र के लखनापुर निवासी रामबरन पुत्र कन्हैया लाल, मोना पत्नी रामबरन, कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुरैचा निवासी राहुल पुत्र चंद्रिका, सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजेश्वर दयालपुर ऊंचा खेड़ा निवासी अमेरिका पुत्र राजनाथ और कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानपारा निवासी रामवती पुत्री रामासरे को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि रामबरन हाल ही में लखनऊ के शायरपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर कासिमा पुलेटन स्कूल की पीछे रहता है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 16 बाइबल 8 धार्मिक पुस्तक एक स्मार्टफोन और 3 हजार रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि पांचो लोग रूपयों का लालच देकर गरीब तबके के लोगों को धर्म परिवर्तन करते थे। पुलिस ने इस मामले में धर्म संपरिवर्तन प्रधिषेक अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए पांचो लोगों को न्यायालय में पेश किया है।

## मिश्रिख कोतवाली का एएसपी ने किया निरीक्षण




सीतापुर। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रवीन रंजन ने सोमवार मिश्रिख कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिश्रित कोतवाली पहुंचे एएसपी ने महिला हेल्प डेस्क व थाना कार्यालय देखा। थाना कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव के निर्देश दिए। इसी तरह से एएसपी ने कंप्यूटर कार्यालय और पुलिस बैरेक का निरीक्षण किया। साफ सफाई के निर्देश दिए। मेस का निरीक्षण करते समय खाने की गुणवत्ता देखी। मेस प्रभारी को बेहतर खाना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एएसपी ने थाना परिसर का भी निरीक्षण किया।

## 17 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

जिला संवाददाता(vol)



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। महादेव मंदिर मे बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें सत्रह बटूको को जनेऊ पहनाकर उन्हें गुरुमन्त्र दिये गए गांव शकुराबाद मे बंसत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया यहां स्थिति मंदिर में पूरा शिव परिवार स्थापित है जो कपिलेश्वर महादेव मंदिर से प्रसिद्ध हैं कपिलेश्वर धाम के तत्वावधान में पुजारी वा गांव वसियो के सहयोग से सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें शुभम तिवारी, दीपक मिश्रा, हरिओम अभिनय शुक्ला शौरी शुक्ला अवनीश बद्रीनारायण, शरद द्विवेदी, अमन रोहित, आदित्य अवस्थी, सुमित द्विवेदी, शिवाक शुक्ला अर्जुन आदि के परिजनो ने उपस्थित रहकर उपनयन संस्कार का कार्यक्रम संपन्न कराया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने बटूको को आशीर्वाद दिया व जनेऊ के महात्व को बताया। इस मौके पर आचार्य देवकीनंदन मिश्रा राजेश तिवारी व राजेश शुक्ला दीपक मिश्रा व मृत्युंजय सफीपुर तथा गोविंद कानपुर व रमाशंकर गौरी व सहयोगी बिजय द्विवेदी व कृष्ण कुमार शुक्ला तकिया आदि ने कार्यक्रम को संपन्न कराकर आर्शिवाद दिया।

## 300 जोड़ों का हुआ विवाह, दिया आशीर्वाद



जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। कृषक इंटर कॉलेज के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आचार्य द्वारा विधि विधान से कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में महोली ब्लाक के 89, पिसावां ब्लॉक के 107, परसेंड ब्लॉक के 17, एलिया ब्लॉक के 34, नगर पालिका खैराबाद के तीन, लहरपुर ब्लाक के 7, हरगांव ब्लॉक के 28, नगर पंचायत हरगांव एक, नगर पंचायत महोली 11 जोड़ों का विवाह रीति-रिवाज से संपन्न कराया। इसमें पिसावां ब्लॉक के चार मुस्लिम जोड़ों का निकाह काजी द्वारा संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना में गरीब परिवार के कन्या का विवाह सामूहिक रूप से सरकार द्वारा कराया जाता है।

इस योजना के तहत कन्या के खाते में 35 हजार व उपहार दिए जाते हैं। कार्यक्रम के अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी व एसडीएम शशीबिंद द्विवेदी ने नव विवाहित जोड़ों को उपहार व आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि बेटियां दो परिवारों को पालती हैं। मायके से लेकर ससुराल पक्ष तक का अनुभव लेती हैं। मुख्यमंत्री की मंशा है कि गरीब परिवार की कन्याओं का विवाह सरकार द्वारा संपन्न कराया जाये। इस विवाह से उनके परिवार के धन की बचत के साथ-साथ समय की भी बचत होती है। जो भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं वह सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। मैं सभी नव विवाहित जोड़ों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, उप जिला अधिकारी शशीबिंद द्विवेदी, महोली बीडीओ प्रशांत शुक्ला, पिसावां अमित यादव, परसेंडी धनंजय सिंह, हरगांव आत्म कुमार रस्तोगी, इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा, प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद, पिसावां प्रमुख मिथिलेश यादव, एलिया प्रमुख प्रतिनिधि संजीव सिंह, सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने रेडिको खेतान ने बांटे कम्बल

सीतापुर। रेडिको खेतान द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत निःशुल्क कम्बल वितरण समारोह विकास खण्ड मिश्रिख के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 1500 से अधिक लोगों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रेडिको खेतान द्वारा जनपद में उपलब्ध कराए गए रोजगार के अवसरों की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि रेडिको खेतान द्वारा सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से सदैव प्रशासन का सहयोग किया गया है। उन्होंने कंबल वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अपेक्षा की कि आगे भी इसी प्रकार सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत अच्छे प्रोजेक्ट लेकर कार्य किए जायेगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव ने रेडिको खेतान द्वारा कम्बल वितरण कार्य की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास सर्वे के विषय में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु प्रेरित किया। विधायक ने सभी अभिभावकों को भी प्रेरित किया कि अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें।

## डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान का नगर विकास राज्य मंत्री ने किया शुभारंभ

खैराबाद/सीतापुर। बसन्त पंचमी के अवसर पर खैराबाद कस्बे में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कूड़ा कलेक्शन अभियान का शुभारंभ किया।

नगर विकास राज्य मंत्री ने इस दौरान नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर के संपत्तिकर ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि संपत्तिकर पोर्टल के शुभारंभ होने से अब नगर के समस्त सम्मानित नागरिक अपने संपति का विवरण स्वयं अपने मोबाइल में देख सकेंगे। वे अपने गृहकर, जलकर एवं अन्य देयों का भुगतान ऑनलाइन अपने घर बैठकर कर सकेंगे। नगर में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का भी प्रारंभ किया गया। इस अवसर नगर विकास राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार निकायों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए यह आवश्यक है प्रदेश के सभी शहर अपने आय को बढ़ाकर आत्मनिर्भर बने इसलिए अपने शहर के विकास में अपने करो का भुगतान समय से करे। साथ ही माननीय मंत्री जी द्वारा यह भी अपील किया गया कि सभी लोग अपने घर के गिला एवं सूखा कूड़ा को अलग अलग रखे और सड़क या नाली में न फेंके। उसे नगर पालिका के गाड़ी या कर्मचारी को ही दे। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद खैराबाद की अध्यक्ष बेबी गुप्ता, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अभिषेक गुप्ता बबलू, अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, सभाषद विष्णु कुमार, हबीब, मुन्नी, युसूफ खां, शबेनाज, सुनील, फरजन्द अली, आलोक बाजपेई, राकेश चंद्र, मुर्सलीन, मोमिना, जफरयाब बेग, शकील अहमद, मो नसीम खां, जावेद, सऊद अहमद, कविता, साबिर अली, हसीन अहमद, रसीदन निशा, शायरुन निशा, श्रीमती नासरा बानो, रोशन जहाँ, महरून निशा आदि लोग मौजूद रहे।



संक्षेप

## मरीजों के उपचार में हो रही लापरवाही

**ललितपुर**। जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से ठप हैं। चाहे मेडीकल कालेज हो, या फिर जनपद के सामुदायिक अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र। हर जगह भ्रष्टाचार एवं खाओ कमाओ की नीतियों के कारण जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इलाज की आस लेकर अस्पताल आने वाले लोग यहां मौजूद दलालों की भेंट चढ़ जाते हैं, यहां आने वाले मरीजों को न तो एक्सरे की सुविधा मिल पा रही है, और न ही अल्ट्रासाउंड और अन्य जांचों की। वहीं समय से उपचार नहीं मिलने से अक्सर मरीजों की मौत हो जाती है, लेकिन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग इस ओर गम्भीरता के साथ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

रविवार की शाम करीब पौने सात बजे तालबेहट की एक प्रसूता महिला को जिला महिला अस्पताल से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जिला अस्पताल के आकस्मिक विभाग में प्रारंभिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इस प्रकरण को लेकर महिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। यहां बताया जा रहा है कि महिला अस्पताल में भर्ती करायी गयी महिला को बिना किसी प्राथमिक उपचार के ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही महिला अस्पताल में आम हो चली है। प्रकरण में जांच की मांग उठायी जा रही है।

## मलिन बस्ती विष्णुपुरा में पेयजल आपूर्ति नहीं होने से रहवासी परेशान

**ललितपुर**। मलिन बस्ती वष्णुपुरा में पेयजल को लेकर मची त्राहि-त्राहि एवं पेयजल के लिए नई पाइप लाइन डलवाने की मांग को लेकर धानुक/बरार समाज सेवा समिति के बैनर तले मोहल्लेवासियों ने विधायक रामरतन कुशवाहा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शहर के वार्ड संख्या 02 मोहल्ला विष्णुपुरा की मलिन बस्ती में कई वर्षों से पीने योग्य पानी की समस्या बनी हुयी है, यहां के लोगों को कई बार प्रभारी मंत्रियों, जिला प्रशासन व जल संस्थान-निगम में समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कार्यवाही न होने से लोगों की इस विकराल होती समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। बताया कि पानी न आने के कारण यहां के लोग बाहर खुले में शौच करने के लिए विवश हैं। इसके अलावा संक्रामक बीमारियों के फैलने की भी संभावना बनी हुयी है।

आगे बताया कि मंदिर के पास नगर पालिका द्वारा लगाया गया सोलर पम्प भी कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है, जिसकी मरम्मत भी करायी जाये। मोहल्लेवासियों ने विधायक से विष्णुपुरा में पेयजल आपूर्ति सुचारू कराये जाने एवं नई पाइप लाइन बिछाये जाने की मांग उठायी है।

ज्ञापन देते समय खुशाल बरार, सचिन बड़कुल, मनोज कुमार, राहुल, अमोल, निवेद, कंचनलाल, अजय, नीरज, मयंक, राजेश कुमार, बृजेश, सुरेन्द्र, आनंद, रानू राजा, नरेश, संजय, प्रमोद, अमित, दीपक रजक, सुधीर, आशाराम, शिवकुमार, पूरन, नरेन्द्र कुमार, शिवप्रसाद, भागचंद्र, अशोक कुमार, अनुराग, शंकर, दीपक, महेश कुमार के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

## लोन दिलाने के नाम पर करता था ठगी का कारोबार



**ललितपुर**। पिछले छह सालों से जनपद में ठगी का कारोबार अपने पूरे शबाव पर है। एलयूसीसी, पर्ल, डायमण्ड सहित अनेकों नामों की चिटफण्ड कम्पनियों ने जनपद में अरबों रूपयों की लुटाई यहां की भोली भाली जनता को मूर्ख बनाकर की है। वहीं साइबर क्राइम भी लगातार बढ़ता जा रहा है, और जनपदवासी लगातार ठगी का शिकार होते जा रहे हैं, लेकिन आज तक जनता से ठगे गये अरबों रूपयों की रकम को कोई भी वापस नहीं करा पाया है।

- साइबर अपराधियों को बेच देता था खाते, लोगों को करता था गुमराह
- ठगी का गढ़ बनता जा रहा है जनपद ललितपुर

ऐसा ही एक मामला संज्ञान में आया है, जिसमें लोन दिलाने के नाम पर लोगों को गुमराह कर अलग सिम दिलाकर खाता खुलवाने और उक्त खातों को साइबर अपराधियों को बेच देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में बिहार राज्य के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने पूरा एक गिरोह होने की बात कहते हुये साइबर अपराधियों को कई खाते बेचने की भी जानकारी दी है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। पकड़े गये शातिर बदमाश के जरिए पुलिस बड़े गिरोह को पकड ? में जुट गयी है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बिहार राज्य के जिला किशनगंज के वार्ड संख्या 01 उत्तर पाली दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले नीरज मण्डल पुत्र विनोद मण्डल को हिरासत में लिया है। पूछताछ में नीरज मण्डल ने पुलिस को बताया कि वह एक गिरोह का सदस्य हैं। बताया कि उसका गिरोह सीधे-साधे लोगों को गुमराह कर लोन दिलवाने तथा अन्य प्रकार के प्रलोभन देकर उनका खाता खुलवा देते हैं और उनके नाम की नई सिम कार्ड निकलवा लेते है, जो खातो में रजिस्टर कराते थे और उनके खातो में धोखाधड़ी करके उसमें अपना कम्यूनिकेशन पता डाल देते हैं जिससे उसमे आने जाने वाले रुपए की जानकारी हम लोगो को हो जाती है और खाता धारक को कुछ भी पता नही चलता है। फिर इन्ही खातों को गिरोह के लोग साइबर अपराधियों को बेच देते हैं तथा आनलाइन धोखाधड़ी में प्रयोग करते हैं, जिसके बदले में हमे उचित दाम मिलता है जिसे हम अपने ऐश और आराम में खर्च करते है। इधर प्रकरण के प्रकाश में आने के बाद एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार व सीओ तालबेहट अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम व सर्विलांस पुलिस टीम को मामले के खुलासे को लेकर लगाया गया था। पुलिस ने प्रकरण में जांच के दौरान प्रकाश में आये नीरज मण्डल को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने पकड़े गये नीरज मण्डल के पास से दो मोबाइल फोन्स व तीन सिम कार्ड बरामद किये हैं। इस प्रकरण को लेकर हुयी थी मामले की जांचनवीन गल्ला मण्डी विवेकनगर निवासी महेन्द्र कुमार दीक्षित पुत्र राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को 7 अक्टूबर 2024 को तहरीर दी थी। बताया था कि उसके खाते से 5 अक्टूबर 2024 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर 99 हजार 999 रुपये एवं 7 अक्टूबर 2024 को 55 हजार 400 रुपये निकाल लिये हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) व आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। इसी मामले की जांच करते हुये पुलिस ने बिहार राज्य के किशन गंज निवासी नीरज मण्डल को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

# राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**ललितपुर**। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब ललितपुर के अंतर्गत सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं जनपद स्तरीय कैरियर गाइड मेला का आयोजन किया गया। प्रतियोगता का उद्घाटन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में लगभग 100 से अधिक मॉडल प्रतिभाग के लिए प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर मॉडल का अवलोकन किया व छात्र छात्राओं की प्रशंसा की तथा भविष्य के लिए महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपना हौंसला मत खोयें और लगातार प्रयास करते रहें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन कम से कम 30 पन्ने पढ़ने का मंत्र दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप विज्ञान को अपने जीवन का अंग बनायें। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने छात्रों के मॉडलों को जीवनोपयोगी बताया। कार्यक्रम संयोजक पूनम मलिक एवं विज्ञान समन्वयक राहुल जैन ने बुके एवं बैच अलंकरण कर अतिथियों का स्वगात किया। प्रतियोगिता में जीआईसी ललितपुर के अनिकेत अहिरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर रुपए 5000 का पुरस्कार जीता। वहीं द्वितीय स्थान पर रॉयल अकैडमी ललितपुर के देशराज सिंह को 3000 रुपये का पुरस्कार मिला।

- प्रदर्शनी में लगभग 100 से अधिक मॉडल प्रतिभाग के लिए प्रस्तुत किए

तृतीय स्थान 2000 रुपए का पुरस्कार हिमांशु साहू राजकीय हाई स्कूल पूरा विरधा तथा दो सांत्वना पुरस्कार 1000-1000 हजार रूप्ये के ध्रुव तथा अर्श दुवे को प्राप्त हुआ। समापन समारोह में पुरुस्कार वितरण में राजकुमार जैन जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, उपसभापति सहकारी बैंक श्रीकांत कुशवाहा, भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ओम शंकर श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुआ। संचालन राहुल जैन एवं दिनेश शर्मा ने सयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर वित्त एवं लेखाधिकारी घनश्याम, जिला सेवायोजना अधिकारी आकांक्षा यादव, अर्पिता जैन अजय कुमार सक्सेना, विवेक कुमार गुप्ता, इंद्रजीत, संजीव कुमार वर्मा, कोमल सिंह नरवरिया पुनीत शर्मा अखिलेश शुक्ला साधना शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## शादी के मौके पर फिजूल खर्ची व भारी भरकम दहेज देने से बचें: मुफ्ती रियासत



**नगीना, बिजनौर**। मदरसा नाबिनान नगीना में इजलास ए आम ब उन्वान इस्लाही मुआशिरा व दस्तारे फजीलत मौलवी डॉक्टर खलीक कासमी की अध्यक्षता व मौलाना हिफजुर्रहमान मजाहिरी के संचालन में जलसे की शुरूआत मौलाना अब्दुल कादिर कासमी की तिलावत कलाम पाक से हुआ, और नात ख्वानी पैश की अजीजम एहतेशाम ने की है। नगीना के मदरसा नाबिनान में आयोजित जलसे में मुख्य अतिथि मौलाना मुफ्ती मोहम्मद रियासत अली रामपुरी उस्ताद हदीस वफिका व मुफ्ती जामा मस्जिद अमरोहा ने अपने खिताब में कहा कि इस नाजुक दौर में जो भी दीनी इल्म हासिल कर रहें हैं वो बहुत ही खुश नसीब लोग हैं। दीनी मामलात पर रोशनी डाली। शादी के मौके पर फिजूल खर्ची, जहेज और रस्म रिवाज आम हो रही है। मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने कहा कि पांच विद्याथीर्यो कारी शारिम, मुदस्सिर, शावेज, बिलाल, अल्तमश को दस्तारबंदी जे नवाजा गया। इस मौके पर शरीक रहें मुफ्ती ओवैस अकर, मुफ्ती इलयास, मुफ्ती अबरार, कारी हम्माद, हाफिज शकील अहमद, मौलाना वकील, मुफ्ती अरशद, हाजी तंजील, मौलाना वारिस, मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, हाफिज हसीब अहमद, हाफिज अकदस खलील अहमद, हाफिज तैयबा, सेठ सगीर, शिराज खलील, मौलाना अतीक अहमद, हाफिज जलील अहमद, मास्टर काशिफ, अनस तनवीर, मास्टर मुमताज, कफील अहमद, जैद अंसारी, इनामुल हक एडवोकेट शामिल रहें।

# पुनर्निर्माण में हो रही धांधली



**बांदा**। ऐतिहासिक कालिंजर दुर्ग की जीवंतता बनाए रखने के लिए खंडहर हो रहे सैकड़ों वर्ष पुराने स्मारकों के पुनर्निर्माण के लिए पुरातत्व विभाग ने लाखों रुपये का बजट स्वीकृत किया है। लेकिन यहां हो रहे निर्माण कार्यों में धांधली की जा रही है। मृगधारा के आस-पास जर्जर व खंडहर हो रहे कंगूरों की मरम्मत का कार्य ठेकेदार करवा रहा है लेकिन यह कार्य मानक विहीन होने के साथ ही इसके निर्माण में लगाए जाने वाले पत्थरों को जोड़ने के लिए चूना, शहद, गुड़, बेल जैसी सामग्री का उपयोग होना चाहिए।

- पुरातत्व विभाग के बजट का बंदरबांट

लेकिन इन सामग्रियों को दिखावा मात्र के लिए रखा गया है जबकि इनका प्रयोग बेहद कम मात्रा में किया जा रहा है।

इस मामले पर गोविंद कुमार, विनोद सैनी, अवधेश आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि आगरा निवासी ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कालिंजर दुर्ग के कंगूरों के मरम्मत कार्य में कंक्रीट, चूना व अन्य सामग्रियों के मिश्रण का अभाव है।

मसाले में प्रयोग होने वाले चूना, बेल, शहद, गुड़ व अन्य सामग्री दिखाने के लिए यह सामग्री तो जरूर रखी गयी है लेकिन पत्थरों की जुड़ाई में इसका बहुत ही कम मात्रा में प्रयोग किया जा रहा है। हो रहे काम को देखने के लिए न तो विभागीय अधिकारी और न ही ठेकेदार अपनी देख-रेख में निर्माण कार्य करा रहे हैं। बल्कि ठेकेदार के मजदूर इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने इस ऐतिहासिक धरोहर में कराए जा रहे निर्माण कार्य के मानक विहीन होने पर कड़ी नाराजगी जताई है और जिलाधिकारी जे0 रीभा से ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## त्रिवेणी स्कूल में सरस्वती प्रतिमा स्थापित मनाया बसंत पर्व



**बांदा**। बसंत पंचमी के अवसर पर बड़ोखर खुर्द ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी में मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही बसंत पर्व मनाया गया। मूर्ति स्थापना के बाद विद्यालय परिवार ने हवन कुंड में आहुतियां दीं। पंडित जगदीश दीक्षित ने गायत्री मंत्र के साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति की कुशलता को लेकर कामना के लिए महामृत्युंजय मंत्र, गौवंश संरक्षण के लिए मंत्र कथा राष्ट्र संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मंत्रों से आहुतियां दीं। उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षाधिकारी बड़ोखर खुर्द प्रसून जैन के अलावा एआरपी कमल सिहं, मनोज कुमार, गोरेलाल, जिला स्काउट मास्टर सुघर सिंह ने समृद्धशाली भारत के बारे में विचार रखे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अंचल, किरन, खुशी, तन्वी ने सबसे आगे बेटी हिन्दुस्तान की के तहत प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान राम बहादुर यादव, रामबिहारी वर्मा, सुनील भार्गव, अनीता गुप्ता, सुस्मिता, रामाशीष बाजपेयी, अनीता यादव, रघुनंदन सिंह के अलावा बीआरसी से प्रेम पांडेय, प्रवीण शुक्ल, शिक्षक आदित्य प्रकाश द्विवेदी, प्रधानाचार्य शिवप्रकाश सिंह, निरंजन कुमार चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

## अमृत सरोवर मरौली झील की हालत बदतर



**बांदा**। विकास खंड बड़ोखर खुर्द के परमपुरवा गांव में लगभग 100 बीघे से अधिक में फैली मरौली झील अब बदहाल स्थिति में है। वर्ष 2022 में तत्कालीन जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने मरौली झील को अमृत सरोवर का दर्जा देकर पानी से लबालब दर्शनीय बनाने का संकल्प लिया था। बीते रविवार को मरौली झील में वन विभाग ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाने की औपचारिकता निभाई। जलीय संरक्षण को लेकर जन जागरूकता के मकसद से कोशों दूर प्राथमिक कक्षाओं के लगभग दो दर्जन बच्चों और विभागीय लोगों में सिमट कर रह गया। कार्यक्रम में भाषण बाजी, फोटो शूट और सेल्फी की बहार देखी गयी। लेकिन इसके उलट मरौली झील अपनी व्यथा बयां कर रही है। मरौली झील डीएम जे0 रीभा को सुध लेने के लिए पुकार रही है। तत्कालीन डीएम अनुराग पटेल का संकल्प उनके स्थानांतरण के बाद धरासायी होता नजर आ रहा है। उन्होने जन प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं के साथ श्रमदान के बीच मिट्टी भरी सिर पर डलिया की तस्वीरें लोगों के जेहन में आज भी कौंध रही हैं। डीएम ने झील के चारों ओर कटीली तार बंदी के साथ ही किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराया था। पौधे तैयार होकर अंगड़ाई ले रहे हैं। उनका प्रयास था कि चारों तरफ पैचिंग के साथ गहराई बढ़ाकर वर्षा जल से झील को बांध जैसे नजारे में बदलकर दर्शनीय बनाया जाए और जिले से बाहर के लोगों को आकर्षित करने का सबब बने। तत्कालीन जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने इसका जिम्मा वन विभाग को सौंपा था लेकिन तबादले के बाद वन विभाग पुराने धर्रे पर आ गया। वन विभाग की लचर व्यवस्था के चलते यहां गंदगी का बोलबाला है। आधी झील घास से पटी है, सूख रही है, पानी भी आधे से भी कम बचा है। हालात यह है कि पानी पीना तो दूर नहाने लायक भी नही है।

# सद्भावना क्रिकेट मैच में जिला जज ने खेली यादगार पारी



**बांदा**। सद्भावना क्रिकेट मैच जजेज एकादश बनाम कर्मचारी एकादश के मध्य स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि डा० बब्बू सारंग, जनपद न्यायाधीश ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जजेज एकादश की ओर से जनपद न्यायाधीश डा० बब्बू सारंग ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुये 15 रनों की यादगार पारी खेली।

जजेज एकादश की ओर से गुनेन्द्र प्रकाश अपर जिला जज व अभिनव ने एतिहासिक पारी खेली। डॉ० विकास श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एस०सी०, एस०टी० एक्ट के घायल हो जाने के कारण उनके सुपुत्र रूद्र श्रीवास्तव ने जजेज एकादश की ओर से खेलते हुये दो चैके लगाकर महत्वपूर्ण पारी खेली। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी चन्द्रपाल, प्रथम अपर जिला जज, डा० विकास श्रीवास्तव, अपर जिला जज, निरंजन चैरसिया अपर जिला जज, छोटेलाल अपर जिला जज, गुणेन्द्र प्रकाश, नोडल अधिकारी, अपर जिला जज, हेमन्त कुशवाहा अपर जिला जज, पल्लवी प्रकाश अपर जिला जज, एवं बी०डी० गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजि०, गरिमा सिंह सिविल जज व अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। कर्मचारी एकादश की ओर से जितेन्द्र कुमार, प्रशासनिक क्लर्क ने जनपद न्यायाधीश को बुके देकर सम्मानित किया। कर्मचारी एकादश की ओर से रेशू ओझा, रोहित चैधरी, अनस सैफी, सौमित्र श्रीवास्तव, कपिल रावत, राजकुमार, राघवेन्द्र अजय, सन्तोष यादव, अमित कुमार, रामनरेश यादव एवं दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे। मैच समापन के पश्चात जनपद न्यायाधीश ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया और न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के मध्य आपसी सामंजस्य बेहतर होने की सराहना की।

## पत्नी से मामूली कहासुनी के बाद के बिजनौर के सिपाही ने लखनऊ में लगाई फांसी

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर**। लखनऊ में थाने के सरकारी आवास में रविवार को बिजनौर जनपद के सिपाही ने घरैलू कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक सिपाही लखनऊ में एसीपी कृष्णा नगर कार्यालय में तैनात था।

जानकारी के अनुसार नहटौर थाना क्षेत्र के मौहल्ला नौधा निवासी सिपाही अजय सैनी (27 वर्ष) परिवार में सबसे बड़ा था। उसके एक छोटी बहन व भाई है। 18 फरवरी को उसकी बहन की शादी होनी है। अजय सैनी के पिता मजदूरी करते है। अजय सैनी का वर्ष 2019 बैच में सिपाही के पद पर चयन हुआ था और लगभग दस माह पूर्व लखनऊ के सरोजनी नगर थाने में तैनाती हुई थी। अजय सैनी अपनी पत्नी काजल और करीब ढाई माह की बच्ची के साथ लखनऊ में बंथरा थाने के सरकारी क्वार्टर में रहता था। रविवार को छुट्टी होने पर वह घर पर था और लगभग दोपहर दो बजे सिपाही अजय सैनी का किसी बात को लेकर पत्नी काजल से विवाद हो गया। नाराज अजय ने पत्नी को कमरे के अंदर बंद कर दिया और खुद बरामदे में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटक गया। काजल ने कमरे की खिड़की से अपने पति अजय सैनी को लटका देखा तो खिड़की का शीशा तोड़ते हुए शोर मचाया।

शोर सुनकर पास में ही रहने वाली बंथरा थाने में तैनात एक महिला सिपाही अजय के सरकारी आवास का मेन गेट खोलकर अंदर पहुंची तो अजय फर्श पर अचेत पड़ा था और उसके गले में दुपट्टा बंधा था जबकि पंखे के हुक से दुपट्टा खुल चुका था। महिला सिपाही ने कमरे की कुंडी खोली तब काजल बाहर निकली। आन्न फान में अजय को अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ देर इलाज के बाद डॉक्टरों ने सिपाही अजय को मृत घोषित कर दिया। एसीपी कृष्णा नगर सौम्या पांडेय ने बताया कि मृतक सिपाही के परिजनों को सूचना दे दी गई है। सूचना पाकर अजय के परिजन लखनऊ पहुंचे और उसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस की शुरूआती जांच में पारिवारिक कलह से तंग होकर सिपाही अजय सैनी द्वारा आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है।

### पीडीए के समर्थन से इस बार प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी: आर के शर्मा

**सिरौली, बरेली**। सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक पंडित आर के शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से जनता परेशान हो चुकी है वह अब सपा की ओर देख रही है तथा अगले चुनावों में प्रदेश में भारी बहुमत से सपा की सरकार बनेगी। यह विचार आर के शर्मा ने गांव खुर्द में आयोजित पीडीए की बैठक में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही है सरकारी मशीनरी आमजनों का जमकर आर्थिक शोषण कर रही है कोई जनता का कार्य बिना रिश्वत के नहीं होता।

जिससे प्रदेश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है अब उसे जल्द विधानसभा चुनावों का इंतजार है ताकि भाजपा सरकार को हटाकर अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बन सके। बैठक में डॉक्टर जीराज यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष वीडी वर्मा, डॉक्टर इंद्रपाल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव सुमित यादव, सेक्टर प्रभारी अरविंद यादव, इंजीनियर अगम मोर्य आदि ने विचार व्यक्त किए।

## ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

बरेली। देहात के आंवला-भमोरा मार्ग पर रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में (50) वर्षीय ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के चार बच्चे हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि ई-रिक्शा चालक यात्रियों (सवारियों) को छोड़कर घर जा रहा था। मगर, इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इसके साथ ही हादसे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रविवार देर रात आंवला-भमोरा मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा चालक ज्वाला प्रसाद (50 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। आंवला कोतवाली थाना क्षेत्र के टांडा गांव के राहगीरों ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। वह रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। मगर, तब तक ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और पूरे गांव में शोक की लहर है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश में जुट गई है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने और ट्रैफिक नियमों के सख्त पालन की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# सारथी वाहन परिवार नियोजन के लिए करेगा जागरूक: सीएमओ

जिला संवाददाता(vol)




**ललितपुर**। मिषन परिवार विकास अभियान के तहत, परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के उद्देष्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने सारथी वाहन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर के कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि इन वाहनों के माध्यम से ग्रामीण व षहरी क्षेत्र के लोगो को परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया जायेगा।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, परिवार नियोजन डा0 प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि छोटा परिवार सबसे सुखी परिवार होता है। भारत विष्व का पहला देष है जहॉ परिवार नियोजन के कार्यक्रम की षुरूआत हुयी थी। हमें प्रजनन स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन के महत्व को समझना चाहिए, परिवार नियोजन के सतत प्रयासों से जनपद की सकल प्रजनन दर में कमी आयी है। वर्तमान परिदृष्य में आवष्यक प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएँ आधुनिक, स्थायी व अस्थायी गर्भ निरोधक साधनों (अल्प व दीर्घ अवधि) पर आधारित होनी चाहिए, जोकि लाभार्थी की ओर से आवष्यकता अनुसार अपनाई जा सकें। इन्हीं प्रयासों की सार्थकता के लिये सारथी वाहन चलाया जा रहा है। डिस्ट्रिक पब्लिक हैल्थ स्पेषलिस्ट, डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि जनपद में परिवार नियोजन की जन-जागरूकता के लिये सारथी वाहन चलाया जा रहा है, इसके माध्यम से परिवार नियोजन की सेवाओं के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा, उन्होने कहा कि दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतराल अवष्य होना चाहिए। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 षिव प्रकाष, परामर्षी चिकित्सक डा0 हुसैन खॉनअधिकारी कार्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# नये कानून से सरल होगी प्रत्यक्ष कर प्रणाली

सुभाष चन्द्र अग्रवाल

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में शीघ्र ही बहुप्रतीक्षित नए आयकर अधिनियम को पेश किए जाने की घोषणा की गई है, जो छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि नया आयकर अधिनियम प्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाएगा। वास्तव में, यह बेहतर होता यदि इसे संघीय बजट के साथ ही लागू कर दिया जाता। कर स्लैब में भारी कटौती स्वागत योग्य है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अधिभार (सरचार्ज) और उपकर (सेस) जारी रहेंगे या नहीं। करदाता इस बात को लेकर भ्रमित हैं कि क्या 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय कर-मुक्त होगी, जब कि 4 लाख से 12 लाख रुपये तक के आय स्लैब भी मौजूद हैं। सामान्य करदाता इस तकनीकी विवरण को नहीं समझ पाते कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 87 ए के तहत उपलब्ध छूट के कारण ही यह संभव हो सकता है। 12 लाख रुपये से अधिक की आय होने पर, करदाता इस धारा 87 ए के तहत उपलब्ध छूट से वंचित हो जाएंगे। प्रत्यक्ष कर प्रणाली को सबसे अधिक सरल बनाया जा सकता है यदि मूल कर-मुक्त सीमा को 4 लाख रुपये से 12 लाख रुपये के बीच बढ़ा दिया जाए और धारा 87 ए के तहत हासिल भ्रमित करने वाली छूट को समाप्त कर दिया जाए। पुरानी कर-व्यवस्था को समाप्त कर केवल एक कर-व्यवस्था होनी चाहिए और अधिभार तथा उपकर समाप्त कर, कर की दर को 30 प्रतिशत से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए। यह कदम राजा चेलैया समिति की सिफारिशों के अनुरूप होगा और अंतरराष्ट्रीय कर-प्रणालियों के साथ भारत की कर-व्यवस्था को संतुलित करेगा।

> पुरानी कर-व्यवस्था को समाप्त कर केवल एक कर-व्यवस्था होनी चाहिए और अधिभार तथा उपकर समाप्त कर, कर की दर को 30 प्रतिशत से अधिक नहीं रखा जाना चाहिए। यह कदम राजा चेलैया समिति की सिफारिशों के अनुरूप होगा और अंतरराष्ट्रीय कर-प्रणालियों के साथ भारत की कर-व्यवस्था को संतुलित करेगा।

**छूट समाप्त करके, कर-संग्रह मजबूत करें**

कर स्लैब में कटौती के साथ, दान, चंदा, राजनीतिक दलों को चंदा और कृषि-आय जैसी कर छूट, जो कि बड़े पैमाने पर दुरुपयोग की जाती हैं, समाप्त कर देनी चाहिए। आम किसान की वार्षिक आय 4 लाख रुपये से अधिक नहीं होती, लेकिन अल्ट्रा-रिच (अत्यंत अमीर) लोग, जिनमें कई प्रसिद्ध हस्तियां भी शामिल हैं, अपनी अघोषित आय को कृषि आय दिखाकर काले धन को सफेद करने के लिए इस प्रावधान का दुरुपयोग करती हैं। इसके लिए कई बड़े लोग गांव में कुछ जमीन खरीद लेते हैं और फिर इसकी बदौलत बिना किसी कृषि उपज के अपनी काली कमाई को सफेद कर लेते हैं। भारत को स्वीडन की तर्ज पर नकदी रहित यानी कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। बैंकिंग अर्थव्यवस्था में नकदी के प्रवाह को सख्ती से रोकना चाहिए जैसा कि 8 नवम्बर 2016 को की गयी नोटबंदी के मूल में सोच थी। एक स्थायी स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजना लाई जा सकती है, जहां करदाता अपनी अज्ञात आय को 30 प्रतिशत की उच्चतम कर-दर पर घोषित कर सकते हैं, बिना आय के स्रोत का खुलासा किये हुए। इस तरीके से, विशेष रूप से संपत्ति सौदों (प्रॉपर्टी डील्स) में नकद लेनदेन को औपचारिक बनाया जा सकता है। यदि संपत्ति-सौदों पर पंजीकरण-शुल्क भी घटाकर नगरपालिका करों सहित केवल पांच प्रतिशत तक ले आया जाये और पूंजी-लाभ को शेयरों की तरह 10 प्रतिशत कर दिया जाये। सुझाये गये उच्चतम 30 प्रतिशत स्लैब के तहत आय का खुलासा करने वाले सभी लोगों के नाम वेबसाइट पर घोषित आय के अनुक्रम में मौजूद होने चाहिए, ताकि स्थिति-सचेत व्यक्ति अधिक आय का खुलासा करने के लिए दौड़े आयें।




आयकर अधिनियम

**बदला जाय वित्तीय वर्ष**

एल.के. झा समिति की सिफारिशों के अनुसार, वित्तीय वर्ष को अप्रैल-मार्च से बदलकर जनवरी-दिसंबर करना चाहिए ताकि भारत अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो और ब्रिटिश शासन की इस पुरानी विरासत को समाप्त किया जा सके।

इसके अलावा, टैक्स और कॉर्पोरेट ऑडिट के लिए अलग-अलग मूल्य ह्रास नियमों को समाप्त कर एकीकृत ऑडिट प्रणाली लागू की जानी चाहिए। इसके साथ ही कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए 10,000 से अधिक के सभी लेनदेन केवल बैंक के माध्यम से अनिवार्य किए जायें। क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर शुल्क को सिर्फ 0.5 प्रतिशत तक रखा जाए साथ ही यह शुल्क केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाए। साथ ही क्रेडिट कार्ड के माध्यम से की जाने वाली खरीद पर सभी प्रोत्साहन समाप्त कर दिए जाने चाहिए। क्रेडिट कार्ड पर वर्तमान में दो प्रतिशत का उच्च लेनदेन शुल्क व्यापारियों को ग्राहकों से अलग से वसूलने के लिए मजबूर करता है, खासकर जहां व्यापार-मार्जिन कम है। जबकि क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंकों को आधे प्रतिशत के ट्रांजेक्शन चार्ज के साथ भी बहुत ज्यादा कमाई होगी क्योंकि क्रेडिट कार्ड का कई गुना इस्तेमाल होता है। व्यापारियों के लिए दो क्रेडिट कार्ड स्वाइपिंग मशीन अनिवार्य होनी चाहिए ताकि भुगतान अस्वीकार करने की बहानेबाजी समाप्त हो सके। डेबिट/क्रेडिट कार्ड से भुगतान स्वीकार न करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो।

**जीएसटी प्रणाली की विसंगतियां और सुधार**

इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) प्रणाली का सबसे अधिक दुरुपयोग निर्माण क्षेत्र में किया जाता है, जहां व्यापारियों द्वारा आम उपभोक्ताओं के छूटे हुए बिल खरीदे जाते हैं और फिर उन्हें बड़े उत्पादकों को बेचा जाता है ताकि वे फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा सकें। इस प्रक्रिया में काले धन का लेनदेन बढ़ता है। इनपुट टैक्स क्रेडिट के दुरुपयोग को रोकने के लिए वार्षिक फॉरेंसिक ऑडिट अनिवार्य किया जाना चाहिए। 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को पूरी तरह समाप्त करने और निर्माण क्षेत्र में इनपुट टैक्स क्रेडिट को पूर्ण रूप से समाप्त करने का अध्ययन किया जाना चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रयुक्त न किए जाने वाले खर्चों पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति नहीं होनी चाहिए जैसे कि निजी उपयोग के लिए खरीदी गई कार पर। 3 प्रतिशत और 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को मिलाकर नया 6 प्रतिषत जीएसटी स्लैब बनाया जाए, जबकि 28 प्रतिशत जीएसटी को 30 प्रतिशत किया जाए। 6 प्रतिशत और 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को मिलाकर भविष्य में 10 प्रतिशत का एक नया कर-संरचना लागू की जा सकती है। अप्रत्यक्ष कर संरचना को सरल बनाने के लिए, केवल तीन जीएसटी स्लैब होने चाहिए- 6 प्रतिशत, 12 प्रतितशत और 30 प्रतिशत।

**अतिरिक्त लक्जरी कर और अन्य सिफारिशें**

स्वर्ण आभूषण की चालान प्रणाली को दो भागों में विभाजित किया जाना चाहिए- एक धातु और जड़े हुए रत्नों के लिए और दूसरा निर्माण शुल्क के लिए ताकि केवल निर्माण शुल्क पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगे। अतिरिक्त लक्जरी वस्तुओं पर उपकर को समाप्त कर, 60 प्रतिशत के गुणक में अतिरिक्त जीएसटी स्लैब जोड़ा जाए। पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाकर राज्यों में डीजल-पेट्रोल की कीमतों को एक समान किया जाए। सेवा क्षेत्र पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के बाद, 10 लाख रुपये या अधिक वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को जीएसटी के तहत लाया जाए, जिसमें वकीलों को भी शामिल किया जाए।

**डाक-सेवाओं पर जीएसटी में सुधार**

सरकारी भुगतान को जीएसटी से मुक्त किया जाना चाहिए, ताकि सरकार को ही एक जेब से दूसरी जेब में पैसा भेजने की प्रक्रिया समाप्त हो। स्पीड पोस्ट जैसी प्रीमियम डाक सेवाओं पर जीएसटी लगाया जाता है, लेकिन अन्य डाक सेवाएं इससे मुक्त हैं.. यह असंगत है। डाक शुल्क संरचना को सरल बनाया जाना चाहिए, ताकि प्रत्येक 50 ग्राम की वजन वृद्धि के लिए शुल्क में समान वृद्धि हो।

## ट्रंप का व्यापार युद्ध

अमेरिका कभी मुक्त और प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता था, आज संरक्षणवाद का प्रतीक बन गया है। राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने पद संभालते ही जिस तरह वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध की घोषणा कर दी है, उससे दुनिया भर के बाजारों में अस्थिरता देखी जा रही है। ट्रंप ने उन देशों के आयात पर भारी टैरिफ लगाने का एलान किया है जिन देशों के साथ अमरीका का व्यापार घाटा है। अपने वायदों के अनुरूप राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा, मैक्सिको और चीन के उत्पादों पर क्रमशः 25, 25 और 10 फीसद का अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। इससे इन देशों के उत्पाद अमेरिका में महंगे हो जायेंगे। महंगे हो जायेंगे तो उनकी मांग घट जायेगी। दरअसल ट्रंप की यह कार्रवाई विश्व व्यापार संगठन और तमाम अंतर्राष्ट्रीय नियमों-कानूनों के प्रतिकूल है। मुक्त व्यापार की दिशा में आज दुनिया इतनी आगे बढ़ गयी है कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। इसी को वैश्वीकरण कहते हैं। ग्लोबल इकोनॉमी के इस दौर में किसी एक देश पर पड़ने वाले प्रभाव से दूसरा देश पूरी तरह से बचा नहीं रह सकता है। अब भारत के बाजारों की ही बात करें तो ट्रंप ने टैरिक मैक्सिको, चीन और कनाडा के उत्पादों पर लगाया है लेकिन हाहाकार भारत सहित तमाम अन्य देशों के पूंजी बाजारों में देखने को मिल रहा है। ट्रंप के चुनाव जीतने के साथ ही भारतीय करेंसी रुपये में अस्थिरता है। ट्रंप के निर्वाचन के बाद से डॉलर के मुकाबले रुपये का एक्सचेंज वैल्यू करीब-करीब तीन रुपये तक घट गया है। लेकिन यह नुकसान सिर्फ पूंजी बाजार और करेंसी तक ही सीमित नहीं रहेगा। ट्रंप ने एक तरह से व्यापार युद्ध का आगाज किया है और इसकी जद में भारत भी आ सकता है। दरअसल ट्रंप बार-बार भारत पर अधिक टैरिफ लगाने का आरोप लगाते रहे हैं। अमरीका के साथ द्विपक्षीय व्यापार में भारत को फायदा है और इसी कारण यह आशंका प्रबल है कि ट्रंप कभी भी भारत के साथ व्यापार घाटे की भरपाई करने के लिए टैरिफ लगा सकते हैं। चीन, कनाडा और मैक्सिको को बड़ा झटका देने के बाद उन्होंने यूरोपीय यूनियन पर भी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इसी कारण भारतीय बाजार आशंकित हैं और भय के कारण करेंसी एक्सचेंज मार्केट में भारतीय रुपये की वैल्यू लगातार गिर रही है। रुपया सोमवार (3 फरवरी) को शुरुआती कारोबार में 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाकर वैश्विक व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती से रुपये पर दबाव बढ़ रहा है। वैसे यह हालात सिर्फ रुपये की ही नहीं है बल्कि तीसरी दुनिया के अधिकांश देशों की करेंगी ट्रंप के एक्शन से संकट में है। ट्रंप की घोर संरक्षणवादी नीतियों और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन अर्थात मागा पॉलिसी के कारण तीसरी दुनिया के देश ही नहीं बल्कि यूरोप से लेकर चीन सब सांसत में है। वैश्विक बाजारों में ट्रंप की दहशत के कारण व्यापक अस्थिरता है और इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार के साथ करेंसी भी लगातार गिर रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्विक बाजारों का असर पड़ रहा है लेकिन अगर सीधे भारतीय उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाया गया तो हाहाकारी स्थिति बन सकती है। इसलिए भारत को ट्रंप के टैरिफ वार से बचने के लिए पहले से ही नये विकल्प तलाशने के साथ ही स्थितियों का मुकाबला करने की तैयारी कर लेनी चाहिए। अमरीका सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है और उसके साथ भारत को सर्वाधिक व्यापारिक लाभ भी है। अब अमरीका के साथ व्यापार बढ़ाना कठिन है इसलिए भारत को अफ्रीका, पूर्वी और पश्चिमी एशिया के साथ ही यूरोपीय बाजारों पर अधिक फोकस करना चाहिए ताकि संभावित अमरीकी नुकसान की भरपाई हो सके।



**चीन, कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ बढ़ाकर ट्रंप ने ट्रेड वार शुरू कर दिया है, भारत भी इससे प्रभावित हो सकता है।**

### विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते।

–टॉलस्टॉय.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे संबंध विच्छेद करा देती है।

–फ्रैंक कासले.

गरीब वह नहीं जिसके पास धन कम है, बल्कि धनवान होते हुए भी जिसकी इच्छा कम नहीं हुई, वह सबसे गरीब है।

–विनोबा भावे.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

–महर्षि वेदव्यास.

### सोशल मीडिया

आ.मोदी जी के नेतृत्व में वित्तमंत्री निर्मला जी ने बजट के द्वारा उप्र.में यात्री सुविधाएं बढ़ाने, रेलवे का कायाकल्प व ट्रैक के विस्तार के लिए 19858 आवंटित किया है। केशव प्रसाद मौर्य.



कालकाजी में मिले अपार जन समर्थन ने ये साबित कर दिया है कि जनता काम की राजनीति और 10 साल के आम आदमी पार्टी के कामों को पसंद करती है। अरविंद केजरीवाल.



आजादी के बाद भारत के दलितों आदिवासियों पिछड़ों अल्पसंख्यकों और गरीबों को संविधान द्वारा अधिकार मिले, लेकिन मोहन भागवत कहते हैं सच्ची आजादी वो नहीं थी। राहुल गांधी.



## ईश्वर दयालु है

### अंतर्दृष्टि

साधारण लोग कठिनाइयों को दुर्भाग्य की बात समझते हैं। जिन लोगों ने किसी सम्पन्न परिवर में जन्म लिया है वे तो हर तरह की असुविधा से ही बहुत घबराते हैं और यही अभिलाषा किया करते हैं कि उनकी समस्त आवश्यकताएं बिना किसी दिक्कत के यथा समय पूर्ण होती रहें। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्तियों को बड़ा भाग्यवान समझते हैं पर वास्तव में बात ऐसी नहीं है। जिन लोगों ने कभी जीवन की कठोरता के दर्शन नहीं किये हैं, वे अनेक दृष्टियों से कच्चे रह जाते हैं। वहां दुखों और कठिनाइयों की रचना कर दी है। इनका अनुभव हुए बिना मनुष्य अपूर्ण रह जाता है और उसका उचित विकस नहीं हो पाता।

भागवान को दया सिन्धु एवं करुणा का सागर कहा जाता है। उनके वाल्सल्य दान और उपकार का कोई अंत नहीं पर इतना महत्व होता तो उस महान प्रभु का अपने बालकों पर कितना स्नेह होगा इसकी कल्पना करना भी सजह नहीं है। चित्रकार अपनी मूर्ति को, किसान अपने खेत को, गड़रिया अपनी भेड़ों को अच्छी उन्नत, विकसित स्थिति में रखना चाहता है। उन्हें अच्छी स्थिति में देखकर प्रसन्न होता है, फिर परमात्मा अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना मनुष्य को अच्छी स्थिति में न रखना चाहे, ऐसा नहीं हो सकता। निश्चय ही प्रभु का यह प्रयत्न निरन्तर रहता है कि हम सब सुखी एवं सुविकसित हों। उनकी दया और करुणा निरन्तर हमारे ऊपर बरसती रहती है।

इतना होते हुए भी देखा जाता है कि कितने ही मनुष्य अत्यंत दुखी हैं। उन्हें अनेक प्रकार के कष्ट अभाव सता रहे हैं, भय, पीड़ा, वियोग, त्रास अन्याय एवं अभाव से संत्रस्त हुए कितने ही व्यक्ति बुरी तरह दुख के सागर में गोते लगा रहे हैं। किसी-किसी पर ऐसी आकस्मिक विपत्ति आती है कि देखने वालों का ह्दय दहल जाता है। ऐसे अवसरों पर ईश्वर की दयालुता पर संदेह होने लगता है, कई बार तो कष्टों को दैवी कोप, ईश्वरीय निष्ठुरता मान लिया जाता है परन्तु वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। प्रभु एक क्षण भर के लिए भी करुणा रहित नहीं हो सकते। उनकी अनन्त दया का निर्झर एक क्षण के लिए भी नहीं रुक सकता। जिसे हम विपत्ति समझते हैं, वह भी एक प्रकार से उनकी दया ही होती है। माता का अपने बच्चे पर असाधारण प्यार होता है, वह उसे सुखी बनाने के लिए अपनी तरफ से सारे प्रयत्न करती है तो भी उसके कई कार्य ऐसे हैं जो बालक को अप्रिय होते हैं। बालक किसी स्वादिष्ट भोजन को बहुत अधिक खाना चाहता है, माता जानती है अधिक खाने से बीमार हो जायेगा इसलिए वह बच्चे के रूठने, रोने हाथ-पांव पीटने की परवाह नहीं करती।

## टैक्स ले लो सरकार

### व्यंग्यलोक

केन्द्र सरकार ने जैसे ही बजट पेश किया और टैक्स से आम आदमी को राहत दी, वैसे ही आम आदमी का मन खट्टा हो गया। उसे महसूस हुआ कि वह ठगा गया है। वह टैक्स देना चाहता था, लेकिन सरकार ने उसे टैक्स में बड़ी राहत दे दी और कहा- तुम टैक्स देते हुए दुखी हो गये हो। इसलिए अब तुम्हें नाम मात्र का टैक्स देना है। इससे पहले कि आम आदमी कुछ सोच पाता, उस पर सरकार ने एक और बज्रपात कर दिया। उसकी तनख्वाह जल्दी बढ़ जाये, इसके लिए एक कमेटी भी बना दी। आम आदमी ने सोचा कि जब सरकार ने टैक्स कम किया है तो कुछ महंगाई भी बढ़ेगी। फिर वह भी बहती गंगा में डुबकी लगा लेगा, पर यह क्या सरकार ने पैसे बचाने के लिए कई रास्ते बता दिए। आम आदमी को एक बेरोजगार मिला, वह बोला - सरकार, टैक्स ले लो पर सरकारी नौकरी दिलवा दो। ज्यादा अच्छी नहीं तो इतनी बड़ी तो हो कि गर्व से कह सकें कि मैं टैक्सपेयर हूं। मुझे लगता है सरकार ने जान -बूझकर मोबाइल और टेलीविजन सस्ते किए हैं। वह जानती है कि आम आदमी टैक्स बचाने के लिए हजारों जतन करता है, लेकिन जब वह मोबाइल और टेलीविजन से समय पाएगा तभी तो नौकरी तलाशेगा।



मनोज वार्ष्णेय

जब नौकरी करेगा ही नहीं तो टैक्स देने का सवाल ही नहीं उठता। फिर तनख्वाह चाहे, कितनी भी बढ़ा दी जाए, क्या फर्क पड़ता है? व्यापारी भी मन मार कर सरकार को दुआएं दे रहे हैं, वाह सरकार सबकी तिजोरी भर दी। सरकार ने मनरेगा, आंगनबाड़ी, संविदा, पीएम एमवाई, एनआर एलएएम, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और स्वरोजगार आदि नामों से सैकड़ों योजनाएं चला रखीं हैं। हर राज्य में दूसरी योजनाएं भी बेरोजगारों का इंतजार कर रही हैं, आओ काम करो, लेकिन हमें तो सरकारी नौकरी ही चाहिए, वह भी एक लाख रुपये तनख्वाह वाली। फिर इतनी रियायतें बस नोट कमाओ। बैंक में जमा करो या मौज मस्ती कर लो। अब दुखी होते हो तो होते रहो। आम आदमी जानता है कि सरकार उसकी हितैषी है, वह उसे इसीलिए इतनी राहत दे रही है। परंतु आम आदमी भी देशप्रेमी है और वह भी चाहता है कि सरकार को अधिक से अधिक टैक्स दे, इसीलिए उसे सरकारी नौकरी चाहिए। आशा है, जैसे टैक्स राहत का भंडारा हुआ है, वैसे ही नौकरियों का भी भंडारा होगा और सरकार एक दिन फिर से टैक्स लगाने को मजबूर होगी। तब आम आदमी कैसे कहेगा, सरकार टैक्स ले लो। एक बार टैक्स न देने की आदत पड़ जायेगी, तो जेब खाली करने की जहमत कौन उठायेगा।

## युद्ध के मैदान में घातक और आधुनिक ड्रोन का जलवा



सामयिक

संजय श्रीवास्तव

युद्धक ड्रोन जिस तरह जंग के मैदान में जलवे दिखा रहे हैं उससे सैन्य संघर्ष की सूरत और सीरत बदल गई है। जासूसी, निगरानी तलाशी और हमला सभी कामों में कारगर ये छोटे, सस्ते और तमाम खूबियों से भरे ड्रोन जिस तरह कामयाब हैं, लगता है कि भविष्य के युद्ध ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। रूस और यूक्रेन तथा इस्त्राइल और हमास का संघर्ष इसकी गवाही दे रहा है। युद्ध के आसमान पर अब बिजली की फुर्ती वाले बमवर्षक फाइटर जेट अथवा भारी भरकम तथा लंबी दूरी तक सटीक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों का राज नहीं रहा, जमाना खामोशी के साथ भीषण नुकसान पहुंचा सकने वाले ड्रोन का है। टोह लेने और हमले करने में इसकी कामयाबी और कमाल के चर्चे चहुंओर हैं।

भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस ड्रोन जब कहर ढाने लगेंगे तब तरह-तरह के ड्रोन के नाम और इनकी खूबियां आम लोगों की जुबान पर होंगी। कुछ महीने पहले चीन की शह पर मालदीव ने भारत पर दबाव बनाने की कोशिश में 'इंडिया आउट' अभियान के अलावा ड्रोन को भी जरिया बनाया। उसने जबसे तुर्की के राष्ट्रवपति एर्दोगान के दामाद की कंपनी बायकर के साथ 3 करोड़ 70 लाख डॉलर के तुर्की निर्मित ऐसे किलर ड्रोन खरीदने का समझौता किया, जो आर्मीनिया से लेकर रूस युक्रेन युद्ध तक में तबाही मचा चुका है। निहितार्थ यह कि आज ड्रोन ऐसा हथियार है जिसके दम पर दिल्ली के सामने पौव्वे जितने आकार वाला कोई देश अपने से सैकडों गुना बड़े और ताकतवर देश को धमकाने का सपना देख सकता है। यह दुस्साहसी स्वप्न यूं ही नहीं आ रहे हैं, ड्रोन के हालिया जंगी जलवे देखकर उनके जेहन में इस सोच ने जगह बना ली है कि बिन मानव के उड़ती मशीनें उनके ये मनोरथ पूरे कर सकती है। उन्होंने देख रखा है कि 2020 में अजरबैजान ने ड्रोन अटैक से आर्मेनिया को कैसे घुटनों पर ला दिया था। उसी साल तीन जनवरी को ईरान की ग्लोबल मिलिट्री ऑपरेशन के बेहद जीनियस, सर्वोच्च कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी जो दो बार जानलेवा हमले के बाद जिंदा बचे हुये थे, मारे गए क्योंकि बगदाद एयरपोर्ट पर हमलावर कोई व्यक्ति नहीं एक इस्त्राइली ड्रोन था, जिसके जरिये पहली बार किसी ऐसे काबिल सैन्य कमांडर को बिना जंग मारा जा सका था। यह ड्रोन के बिना नामुमकिन था। ईरान को इस ड्रोनी हमले का बदला लेने का मौका तीन महीने बाद 300 से ज्यादा ड्रोंस ने ही दिया। इसके बाद 50 लेबनानी ड्रोन इस्त्राइल की सीमा में घुस गये और इस्त्राइअली सुरक्षा तंत्र को भनक भी नहीं लगी, हवाई हमलों से रक्षा करने वाली, जिस पर इस्त्राइल को नाज है, उसकी विश्वविख्यात आयरन डोम तकनीक ड्रोन के मामले में बेकार साबित हुई। हिजबुल्लाह ने गजा युद्ध की शुरूआत से अब तक करीब 1500 ड्रोन ऑपरेशन्स, हमले और टोह के लिये किए हैं, इनमें से बड़ी संख्या ऐसे ड्रोन की है जिनको इस्त्राइल का एयर डिफेंस पकड़ नहीं पाया।

ड्रोन के चलते ही पहली बार इजराइल की हवाई सुरक्षा को इतने बड़े पैमाने पर नाकामी झेलनी पड़ी। सबको याद है, बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल पहली बार अमेरिका ने 9/11 के हमले बाद अफगानिस्तान में किया ताकि सीधे लक्ष्य को पहचानकर हमला हो और बे-कुसूर आम लोग उसकी जद में न आयें। ओसामा बिन लादेन और अल कायदा के अन्य आतंकवादियों की तलाश की सर्जिकल स्ट्राइक में उसने बड़े पैमाने पर ड्रोन का सफल उपयोग किया। रूस जैसे देश से अगर युक्रेन इतने समय तक भिड़ा और उस पर चढा हुआ है तो ड्रोन इसकी एक वजह है। युद्ध के विशेषज्ञ जिस लड़ाई को सात दिन में समाप्त मान रहे थे वह अगर तीसरे साल तक खिंच जाता है तो इसका बहुत बड़ा कारण ड्रोन ही है, ड्रोन युक्रेनी सेना की आंख बना हुआ है। वह दुश्मन की हर गतिविधि का सटीक सुराग देता है और फिर हमला भी करता है, इस बड़ी जंग में छोटे से हथियार ड्रोन ने रूस के हौसले को पस्त कर दिये हैं। एक जमाने में अपने और दूसरे देशों के मशहूर फाइटर जेट विमानों का नाम लोगों के दिमाग में चढ़े रहते थे, फिर उनकी जगह मिसाइलों ने ले ली। अब ड्रोन का दौर है। सभी देश अपने सुरक्षातंत्र को मजबूत, निगरानी को सटीक और हमले को अचूक बनाने के लिए तरह-तरह के ड्रोन का इस्तेनमाल कर रहे हैं। चिली, कनाडा, अजरबैजान, मैक्सिको, कोलंबिया, फिलीपींस स्विटजरलैंड के पास उत्तम किस्म के युद्धक यान और मारक मिसायलें हो न हों पर कई घातक फाइटर ड्रोन जरूर मौजूद हैं।

## आपकी बात

### सौर ऊर्जा का बढ़ता महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। दरअसल सौर ऊर्जा से पर्यावरण को किसी तरह का नुकसान नहीं है और यह सस्ता भी है और भारत को सूर्य की रोशनी पर्याप्त रूप से शुलभ भी है। इसलिए भारत सरकार को सौर ऊर्जा पर फोकस करना चाहिए। सौर ऊर्जा कभी खत्म नहीं होगी और इससे किसी तरह का प्रदूषण भी नहीं होता है। सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलने से ग्लोबल वार्मिक का संकट भी खत्म होगा और रोजगार के मौके भी बनेंगे।

**आदर्श कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### स्टार्टअप की मदद

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। आधुनिक युग युवाओं का है और जिस तरह युवा नये-नये प्रयोग करके बड़े-बड़े व्यापार खड़े कर रहे हैं और उसमें रोजगार के मौके बन रहे हैं वह सराहनीय है। इसलिए सरकार को एक व्यापक स्टार्टअप पालिसी लाना चाहिए और सभी युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रेरित करना चाहिए। क्योंकि जितनी कंपनियां खड़ी होगी देश की अर्थव्यवस्था को उतना ही फायदा होगा।

**राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, लखनऊ.**

संक्षेप

## राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को, हुई बैठक

**फिरोजाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला जज हरवीर सिंह के निदेर्शानुसार सोमवार को जनपद न्यायालय के ए० डी०आर० भवन में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनाक 8-3-2025 में बैक सम्बन्धी प्री वादों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराए जाने के उद्देश्य से सभी बैक अधिकारीगण की वैठक आहूत की गयी। जिसमें सुरेश करेरा लीड बैड विवेक कुमार जैन आर्यवृत्त बैंक नृपेंद्र सिंह इंडियन ओवरसीज बैक संजय वाष्णैय इंडियन बैक रामकुमार कैनरा बैक पवन कुमार सेंटर बैक रिषभ मिश्रा पंजाब नेशनल बैक संतोष कुमार यूनाइ ?टेड बैक , आशीष शाह बैंक आफ इंडिया अंकित अग्रवाल बैंक आफ बड़ौदा उपस्थित रहे।जिन्होंने अधिक से अधिक बाद उक्त लोक में लगाए जाने का आश्वासन दिया।

## सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन किया गया

**टूंडला।** न्यू रेलवे कॉलोनी यज्ञ शाला मंदिर पर 32 वें सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन किया गया यह पूजा काफी वर्षों से मनाई जा रही है,पूजा तीन दिन लागतार चलती है एवं इसमें सुंदर कांड छोटे छोटे बच्चों का नृत्य कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन आदि प्रोग्राम कराए जाते हैं इस कार्यक्रम रेलवे कॉलोनी वासी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं, बसंत पंचमी के प्रथम दिन मां सरस्वती पूजा का उद्घाटन शहजाद खान युवा जिला अध्यक्ष मानवाधिकार परिषद वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानू ने फीता काट कर किया।

सरस्वती पूजा के अध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह ने बताया कि इस पूजा का काफी महत्व है यह पूजा ज्ञान की माता सरस्वती की होती है।कार्यक्रम मैं कमेटी अध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह.मंदिर आदि है।

# राज्यपाल की अध्यक्षता में हुआ 14वां दीक्षांत समारोह

जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह 3 फरवरी, 2025 को संपन्न हुआ। इस अवसर पर नीति आयोग, भारत सरकार के सदस्य प्रो. रमेश चंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलाधिपति ने राष्ट्रगान एवं पर्यावरण गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण एवं विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की । मुख्य अतिथि प्रो. रमेश चंद ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी को स्मरण करते हुए उनके समाज के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में प्रो. रमेश चंद ने

- जीवन में धैर्य और दृढ़ता के महत्व पर राज्यपाल ने डाला प्रकाश
- पीएचडी की 129 उपाधियां राज्यपाल ने की प्रदान

भारतीय कृषि क्षेत्र विशेषकर पशुपालन क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की एवं पशुपालन क्षेत्र के सतत भविष्य तथा पशु चिकित्सा शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त, एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसी गंभीर समस्याओं एवं उसके समाधान की रणनीतियों पर भी मुख्य अतिथि ने प्रकाश डाला।

राज्यपाल जी ने 14वें दीक्षांत समारोह में 129 उपाधियों, जिसमें 64 पशु चिकित्सा स्नातकों, 19 उपाधि जैव प्रौद्योगिकी स्नातको, 42 स्नातकोत्तर छात्रों तथा 04 पीएचडी धारकों को उपाधियां प्रदान की गई। उन्होंने विशेष योग्यता वाले 13 विद्यार्थियों को 21 पदक दिए। उन्होंने बटन दबाकर बच्चों की अंक तालिका तथा डिग्रियों को डिजी लॉकर में समावेश किया। महामहिमजी ने विश्व विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा




प्रकाशित विभिन्न पुस्तकों का विमोचन किया। डेयरी साइंस के प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया।उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए, उन्होंने जीवन में धैर्य और दृढ़ता के महत्व को बताया। राज्यपाल श्री पटेल ने छात्राओ को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सराहा और इसे महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बताया। उन्होंने अधिक महिला भागीदारी के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। अपने भाषण में, उन्होंने कुपोषण जैसी कुछ गंभीर समस्याओं पर चर्चा की और छात्रों को इसके उन्मूलन की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने बकरी के दूध के सेवन के महत्व पर भी प्रकाश डाला और गोद लिए गए गांवों के पांच स्कूलों के बच्चों को बकरी का दूध उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की महिला अध्ययन केंद्र इकाई के प्रयासों की भी सराहना की, जो ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पशुधन क्षेत्र के महत्व और पशुधन उत्पादों की निर्यात क्षमता पर भी चर्चा की।गुणवत्ता शोध को प्रोत्साहित करने के लिए, उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के लिए ह्लएक राष्ट्र, एक सदस्यताह्व प्रस्ताव को भी रेखांकित किया।।छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने हेतु विभिन्न पदक प्रदान किए गए, जिनमें 15 स्वर्ण पदक, 04 रजत पदक एवं 02 कांस्य पदक शामिल थे ।पशु चिकित्सा स्नातकों में शालवी श्रीवास्तव को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान किया गया, जबकि यशवर्धन मिश्रा को रजत एवं नितीश कुमार को कांस्य पदक प्रदान किया गया ।जैव प्रौद्योगिकी स्नातकों में शुभी तिवारी को स्वर्ण पदक, ज्योति सिंह को रजत पदक एवं तुषार बंधु को कांस्य पदक मिला ।स्नातकोत्तर छात्रों में रूपम सचान को स्वर्ण पदक एवं मोहिनी शर्मा को रजत पदक प्रदान किया गया ।इसके अतिरिक्त, विभिन्न प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक भी प्रदान किए गए, जिनमें आईएसवीपीटी मेडल, दुवासु आईपीएसए यूजी स्वर्ण पदक, डॉ. पी.जी. पांडे स्मृति स्वर्ण पदक, पं. जानकीनाथ मदान स्मृति स्वर्ण पदक, कर्नल वाई.एन. उपाध्याय स्मृति स्वर्ण पदक, डॉ. जितेंद्र कुमार स्मृति स्वर्ण पदक, डॉ. पी. राय स्मृति स्वर्ण पदक, डॉ. माही पाल सिंह स्मृति स्वर्ण पदक आदि शामिल थे । इनमें शालवी श्रीवास्तव को आईएसवीपीटी मेडल, कर्नल वाई.एन. उपाध्याय स्मृति स्वर्ण पदक एवं डॉ. माही पाल सिंह स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किए गए । शेखर करन वर्मा को पं. जानकीनाथ मदान स्मृति स्वर्ण पदक एवं डॉ. पी. राय स्मृति स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ । डॉ. पी.जी. पांडे स्मृति स्वर्ण पदक विपुल चतुर्वेदी को एवं डॉ. जितेंद्र कुमार स्मृति स्वर्ण पदक प्रेरणा तोमर को प्रदान किया गया ।दुवासु, आईपीएसए यूजी स्वर्ण पदक यशवर्धन मिश्रा को दिया गया । इसी प्रकार, दुवासु आईपीएसए एमवीएससी स्वर्ण एवं रजत पदक मोहिनी शर्मा एवं पृथ्वी सुनील गुल्हाने को प्रदान किए गए । दुवासु आईपीएसए पीएचडी स्वर्ण पदक जाधव प्रतिक राजाराम को दिया गया ।कुलपति स्वर्ण पदक बीवीएससी के लिए नितीश कुमार एवं एमवीएससी के लिए रूपम सचान को प्रदान किए गए । कुल पदक विजेताओं में 54 प्रतिशत छात्र एवं 46प्रतिशत छात्राएँ थीं। चार सर्वश्रेष्ठ शोध प्रबंध पुरस्कार एमवीएससी तथा चार पीएचडी के लिए प्रदान किए गए ।बेसिक वेटरनरी साइंस श्रेणी में एमवीएससी सर्वश्रेष्ठ शोध प्रबंध पुरस्कार डॉ. उमाशंकर रावत को दिया गया, वेटरनरी पैरा-क्लिनिकल विषयों में डॉ. निधि को, एनिमल प्रोडक्शन साइंस श्रेणी में डॉ. अंकिता पटेल को एवं वेटरनरी क्लिनिकल विषयों में डॉ. अनुपमा वर्मा को प्रदान किया गया।

इसी तरह, बेसिक वेटरनरी साइंस श्रेणी में पीएचडी सर्वश्रेष्ठ शोध प्रबंध पुरस्कार डॉ. खंदैत विवेक नाथूजी को, वेटरनरी पैरा-क्लिनिकल विषयों में डॉ. राउत आकाश को, एनिमल प्रोडक्शन साइंस श्रेणी में डॉ. अवनीश कुमार को एवं वेटरनरी क्लिनिकल विषयों में डॉ. संजय कुमार मिश्रा को प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ विभाग एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के पुरस्कार भी प्रदान किए गए।सर्वश्रेष्ठ विभाग का पुरस्कार वेटरनरी फामाकोलॉजी एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग को प्रदान किया गया, जबकि डॉ. अजय प्रताप (एसोसिएट प्रोफेसर, वेटरनरी माइक्रोबायोलॉजी) को विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। अकादमिक क्षेत्र के अलावा, विश्वविद्यालय ग्रामीण लोगों के उत्थान हेतु भी सक्रिय है और मथुरा के आंगनवाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है।दीक्षांत समारोह के दौरान 20 आंगनवाड़ी कार्यकताओं को ट्राइसाइकिल, झूला घोड़ा, संख्याएँ, अक्षर, फल, पशु ब्लॉक्स, पजल, गेंद, मिट्टी की रिंग्स, पंचतंत्र की कहानी की किताबें, शैक्षिक मानचित्र, व्हाइट बोर्ड, मार्कर, डस्टर, किडनी आकार की टेबल एवं कुर्सियाँ वितरित की गईं। सर्वश्रेष्ठ संरक्षित आंगनवाड़ी केंद्र का पुरस्कार गढ़ी डड्डी, ब्लॉक छौमुहा को प्रदान किया गया। महिला अध्ययन केंद्र इकाई के माध्यम से विश्वविद्यालय ने पाँच गोद लिए गए गाँवों के विद्यालयों में चित्रकला, कहानी लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित कीं।कुल 18 विजेताओं को माननीय राज्यपाल द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।इन विद्यालयों के छात्रों को कहानी की किताबें, ड्राइंग बुक्स, पेंसिल बॉक्स, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, क्रेयॉन कलर पैकेट्स, बकरी का दूध एवं रिफ्रेशमेंट बॉक्स वितरित किए गए ।उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (डूवासु), मथुरा के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि नीति आयोग भारत सरकार के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद, जिलाधिकारी विकास अधिकारी मनीष मीना, प्रशासन विजय शंकर दूबे, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग विभाग तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना में डाटा गलत होने पर नाराजगी जाहिर की गई तथा उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि उक्त योजना के सम्बन्ध में पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया करें तथा बैठक में उपस्थित एडीओ पंचायत को निर्देश दिये कि वह योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाना सुनश्चिति करें ।एम ओ यू की समीक्षा में पाया कि जनपद में पूर्व में हस्ताक्षरित हुए एम ओ यू में से काफी एम ओ यू जो धरातल पर नहीं आ सकते हैं उन्हें केंसिल करने के निर्देश बैठक में उपस्थित मुख्य मंत्री उद्यमी मित्र को दिये, मुख्य मंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते बैंक की प्रगति अच्छी न होने पर नाराजगी जाहिर की बैठक में उपस्थित जिला समन्वयक बैंक ऑफ इंडिया पंजाब नेशनल बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की प्रगति काफी खराब होने पर नाराजगी जाहिर की तथा जिला समन्वयक को निर्देश दिये कि अपनी बैंक शाखाओं से समन्वय करते हुए तत्काल प्रगति सुधारना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परियोजना निदेशक जिला पंचायत राज अधिकारी , उपायुक्त उद्योग जिला अग्रणी प्रबन्धक जिला खादी ग्रामोध्योग अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी उपस्थित रहे।

## मां शारदे के मंदिर का शिलान्यास और भूमि पूजन किया




**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के प्रांगण में बसंत पंचमी के शुअवसर पर मां शारदे के मंदिर का शिलान्यास एवं भूमि पूजन बड़े हर्षोल्लास एवं मंत्राचार के साथ हुआ। भूमि पूजन का शिलान्यास आचार्य सुशील सुधीर शर्मा प्रबंधक ब्रजेश उपाध्याय संस्थाध्यक्ष संतोष उपाध्याय प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय एवं अशोक चौहान के द्वारा विधान विधि से किया गया।इस अवसर पर आचार्य सुशील ने कहा कि मां शारदे का मंदिर कॉलेज प्रांगण में होना बहुत ही आवश्यक है, इससे विद्यार्थियों में ज्ञान का संचार होता है।सभी भामाशाहों ने अपना योगदान करके इस आयाम को एक नई दिशा दी। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह धाकरे उमाशंकर बाबा विद्या राम उपाध्याय दौलत राम शर्मा ताराचंद उमेश पाराशर, जयवीर सिंह सुनील जैन अरुण उपाध्याय, धर्मेंद्र तेनगुरिया सुनील पांडे संजीव श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर बांकेबिहारी की होली का शुभारंभ



**मथुरा।** ब्रज की 40 दिवसीय पारंपरिक होली का शुभारंभ वसंत पंचमी से हो गया। बांकेबिहारी सहित वृन्दावन के प्रमुख मंदिरों में भक्तों पर ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल छिड़का गया। जिसका स्पर्ष पाकर भक्तजन निहाल हुए। वसंत पंचमी से ब्रज की पारंपरिक होली का विधिवत आगाज होता है। इसी क्रम में सोमवार से ब्रज के प्रमुख बांकेबिहारी मंदिर में दर्षनार्थियों पर ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल सेवायतों द्वारा छिड़का गया। वहीं राधावल्लभ, राधारमण, राधादामोदर आदि मंदिरों में भी ठाकुरजी के प्रसादी गुलाल का स्पर्ष पाकर श्रद्धालु मानो निहाल हो गए।सभी का भाव अपने आराध्य के रंग में सराबोर होने को आतुर था।इसके लिए प्रातःकाल से ही मंदिरों के द्वारों पर श्रद्धालुओं ने अपना डेरा जमा लिया। मंदिर खुलते ही बांकेबिहारी लाल, राधावल्लभ लाल और लाड़लेलाल के जयकरों से वातावरण भक्तिमय हो गया।इसके साथ ही मंदिरों को वसंती फूलों और गुब्बारों की विषेष सजावट से आकर्षक बनाया गया। वहीं बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने वसंत पंचमी के पावन पर्व पर यमुना स्नान तथा श्रीधाम वृन्दावन की पंचकोसीय परिक्रमा भी की।

# संस्कृति विवि में माता-पिता के स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक



जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा ह्यपेरेंटल मेंटल हेल्थ डेह्न के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा माता-पिता के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और उसके प्रभाव पर विस्तार से जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उनके माता-पिता की सम्मिलित उपस्थिति ने कार्यक्रम को और उपयोगी बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. रजनीश त्यागी ने बताया कि आज के समय में माता-पिता को किन मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और उन चुनौतियों से कैसे आसानी से निबटा जा सकता है। विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने मुख्य अतिथि से प्रश्नों के द्वारा अपनी अनेक समस्याओं को उठाया गया।डा. त्यागी ने माता-पिता के तनाव, मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के तरीके, रणनीति और उचित सहयोग को लेकर सुझाव दिए।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा कविता, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से माता-पिता के मानसिक और भावनात्मक संघर्षों को दिखाया गया।इन प्रस्तुतियो के माध्यम से माता-पिता के मानसिक रूप से स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए उचित सहयोग और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया गया।छात्रा ज्योति, मोक्षदा व छात्र चैतन्य ने कविता पाठ किया। छात्रा शिवानी, दीपशिखा, देवयानी, स्निग्धा व सौम्या ने नाट्य प्रस्तुतियों द्वारा बच्चों द्वारा माता-पिता की अनदेखी, आज्ञा न पालन करने का दुष्परिणाम दशार्या गया। कार्यक्रम में एक नाटिका द्वारा अपने देश की संस्कृति, भाषा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।इस नाटिका को छात्र अंकुर, हर्ष, जिज्ञासा, मुस्कान वैदिका और श्रुति ने मंचित किया। मनोविज्ञान विभाग की डीन डा. मोनिका अबरोल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए इस संदर्भ में और जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन वेदिका रूहेला, अन्वी दीक्षित ने किया। अंत में दीपिका यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बच्चों को भोजन कराकर मनाया बसंत पंचमी

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा संचालित ट्रांसपोर्ट नगर एवं श्यामकुंज के एस एफ स्ट्रीट स्कूल में बच्चों के साथ बसंत पंचमी का पावन पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की अध्यक्ष शिखा अग्रवाल ने माँ सरस्वती के विधिवत पूजन के साथ की। संस्था द्वारा बच्चों को प्रसाद के रूप में भोजन कराया गया। प्रसाद को ग्रहण कर बच्चों को मन आनंद से प्रफुल्लित हो गया।संस्था के वरिष्ठ सदस्य तुषार बंसल ने बताया की वसंत पंचमी देवी सरस्वती की जयंती है, इस दिन लोग देवी सरस्वती से ज्ञान और बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार विद्यारंभ संस्कार इसी शुभ दिन पर किया जाता है। और छोटे बच्चे देवी सरस्वती की कृपा से अपना पहला अक्षर लिखते हैं और बताया बसंत पंचमी पर खाने का दान भी अत्यधिक शुभ माना जाता है।साथ ही साथ संस्था के वरिष्ठ पियूष बंसल ने बताया की एस एफ स्ट्रीट स्कूल बिना किसी समझौते के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। जिसमें शिक्षकों और सह-पाठयक्रम गतिविधियों की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाता है। स्कूल सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल वातावरण प्रदान करता है, जहां एक बच्चा राष्ट्र के एक योग्य नागरिक के रूप में विकसित होता है और बताया मथुरा के विभिन्न स्थानों पर शिक्षा से वंचित में अपनीकरने वाले ऐसे 500 से भी ज्यादा बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है।

## पति के पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर परिवार अदालत ने किया विवाह विच्छेद

**आगरा।** पत्नी द्वारा पति के विरुद्ध विवाह विच्छेद की याचिका पर पति के हाजिर नहीं होने पर अपर परिवार न्यायाधीश माननीय प्रदीप कुमार मिश्रा ने एक पक्षीय सुनवाई कर विवाह विच्छेद कें आदेश दिये ।मामले के अनुसार रुई की मंडी शाहगंज निवासनी वादनी मुकदमा द्वारा बरेली निवासी पति के विरुद्ध शराब पीकर गाली गलौज, मारपीट अप्राकृतिक कृत्य करने का प्रयास एवं अन्य आरोप लगा विवाह विच्छेद हेतु याचिका प्रस्तुत की गई थी ।पति द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुति हेतु अदालत में उपस्थित नही होने पर वादनी के अधिवक्ता पीयूष सागर के तर्क पर अदालत नें एकपक्षीय आदेश पारित कर विवाह विच्छेद के आदेश पारित किये।

## चेक डिसऑनर आरोपी अदालत में तलब

**आगरा।** चैक डिसऑनर होनें कें मामलें में आरोपित आलोक कुमार प्रोप्राइटर मैसर्स जी.एच. एंटरप्राइजेज, मोहम्मद पुर सिकन्दरा, जिला आगरा को मुकदमे के विचारण हेतु सीजेएम आगरा ने अदालत में तलब करने के आदेश दिये है ।

मामले के अनुसार वादी मुकदमा मैसर्स रॉयल पॉलिमर्स सिकन्दरा के अधिकृत प्रतिनिधि कमल बाबू श्रीवास्तव ने अपने अधिवक्ता जैकी सिंह के माध्यम से अदालत में मुकदमा दायर कर आरोप लगाया कि वादी की फर्म सोल बनाने का कार्य करती हैं ।आरोपी की फर्म द्वारा एक लाख एक हजार रुपये के सोल खरीद वादी की फर्म को उसकें एवज में उक्त धनराशि कें पांच चैक दिये थे । जो बैंक में प्रस्तुत करने पर डिसऑनर हो गयें थे। अदालत ने वादी के मुकदमें पर संज्ञान ले आरोपी को अदालत में तलब करने के आदेश दिये।

## बसंत पंचमी पर यज्ञ का आयोजन किया




**फिरोजाबाद।** आर्य गुरुकुल महाविद्यालय, सिरसागंज में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन सम्पन्न हुआ,जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और संस्थान के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।यज्ञ के दौरान विद्यालय के प्राचार्य सत्यकाम सिंह तोमर ने वसंत पंचमी के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने माता सरस्वती की उपासना करते हुए शिक्षा, ज्ञान और संस्कारों के विकास पर जोर दिया।

इस अवसर पर छात्रों ने भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए ।कार्यक्रम के अंत में रंजन गुप्ता एवं विष्णु अग्रवाल ने प्रसाद वितरण किया गया और उपस्थित जनसमुदाय ने यज्ञ के पवित्र वातावरण में आत्मिक शांति का अनुभव किया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य अरुण कुमार द्विवेदी ने आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में आशीष कुमार, दीपक चौहान शिवम गुप्ता मुकेश सिंह जगबीर सिंह आदि ने भाग लिया।

## एसडीएम के एक लाख के जुर्माने संबंधी आदेश पर जिला जज की रोक

*आगरा।* खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत एडीएम /न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील प्रस्तुत करने पर जिला जज माननीय विवेक संगल ने आरोपी की अपील स्वीकृत कर अर्थ दंड राशि का 30 प्रतिशत जमा करने पर एडीएम कें आदेश को स्थगित करने के आदेश दिये ।मामले के अनुसार राजकुमार निवासी गणेश बिहार कॉलोनी, ताल सेमरी, थाना सदर के प्रतिष्ठान पर निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा 8 मार्च 2016 को पनीर का सैंपल लें नमूना जांच हेतु प्रेषित किया था। नमूना अधोमानक पायें जानें पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था ।आरोपी ने उक्त आदेश के विरुद्ध अपनी अधिवक्ता कामिनी जैन के माध्यम से जिला जज की अदालत में अपील करने पर जिला जज माननीय विवेक संगल ने आरोपी की अपील स्वीकृत कर अर्थ दंड राशि की 30 प्रतिशत राशि जमा करने पर एडीएम का आदेश स्थगित करने के आदेश दिये।

## प्रतिष्ठित रंगयात्रा सम्मान से सम्मानित होंगे समाजसेवी अधिवक्ता और भागवत मार्कण्ड



**मथुरा।** साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक ब्रज प्रदेश की प्रभावी संस्था जाग्रति कला संगम का रंगयात्रा सम्मान 2025 ब्रज के मुख्य समाजसेवी अधिवक्ता हुकुम चंद तिवारी एवं चर्चित श्री मद् भागवत कथा वक्ता डॉ. अच्युत लाल भट्ट को देश का प्रतिष्ठित रंगयात्रा सम्मान प्रदान किया जाएगा।यह सम्मान नौ फरवरी25 को समाजसेवी चर्चित अधिवक्ता हुकुम चंद तिवारी के आवास प्रोफेसर कॉलोनी द्वारिकापुरी, बीएसए कॉलेज पर किया जाएगा। वहीं डॉ. अच्युत लाल भट्ट को रंगयात्रा सम्मान २४ फरवरी को उन के निवास स्थान वृंदावन में समर्पित एक भव्य दिव्य आयोजन में प्रदान किया जावेगा। ब्रज प्रांत की मुख्य संस्था जाग्रति कला संगम के प्रमुख व देश के प्रख्यात रंगकर्मी लोकधर्मी रंगाचार्य पंडित लोकेंद्र नाथ कौशिक ने बताया कि देश के ऐसे कला मनीषी, साहित्यकार, संगीताचार्य, समाजसेवियों को रंगयात्रा सम्मान प्रदत्त किया जाता है जिन्होंने समाज और देश की किसी भी क्षेत्र में 75 वर्षों तक सेवा की व साधनारत होते हुए तन मन और धन न्योछावर किया।

## परमात्मा से जुड़ाव ही भवसागर से तारक:इंद्रदेवानंद

**वृंदावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित राधा किशोरी सेवा धाम आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा वाचक महामंडलेश्वर स्वामी इन्द्रदेव महाराज ने व्यासपीठ से भक्तों को कथामृत पान कराते हुए कहा कि परमात्मा से नाता जोड कर ही इस भवसागर से पार पाया जा सकता है। हरिनाम का सुमरिन करने के लिए कल का इंतजार नहीं करना चाहिए, जीवन में सुख-दुख की लहर आती जाती रहती है। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण का एकमात्र साधन श्रीमद भागवत का रसपान है। इसी क्रम में ब्रज भूमि कल्याण परिषद, अध्यात्म रक्षा संघ, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, दिव्य शक्ति मानस मंडल, ब्रह्म कीर्ति दल आदि संस्थाओं ने मिलकर महाराज श्री को उनके अध्यात्म गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित तीन लोगों की मौत

जिला संवाददाता(vol)

मथुरा। जिले की छाता कोतवाली और थाना रिफायनरी एंव जैत क्षेत्र में हुये सड़क हादसे में एक महिला और दो युवको की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पहली घटना आगरा-दिल्ली हाईवे पर छाता कोतवाली क्षेत्र की दौताना चैकी के समीप चलते ट्रक में पीछे से वैगनआर कार टकरा गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद दिल्ली जाने वाली लेन पर जाम लग गया।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने कार को किनारे कराकर यातायात सुचारू कराया। इस कारण करीब 20 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार त्यागी ने बताया कि पलवल (हरियाणा) के एकता नगर निवासी वैगनआर कार चालक पीयूष पुत्र राजपाल मथुरा से पलवल की ओर जा रहे थे। कार ट्रक में टकराने से चालक की मौत हो गई। चालक के भाई सागर को किसी भी प्रकार की चोट नहीं लगी। सागर ने बताया कि वह दोनों भाई अपने किसी निजी कार्य से मथुरा गए थे। कार्य करके पलवल लौट रहे थे। पुलिस ओर हाईवे के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत से बाद हाईवे पर लगे जाम को हटवाया। दूसरी घटना थाना क्षेत्र जैत के अंतर्गत कस्बा चैमुहा के समीप हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वृंदावन की तरफ आ रहे छाता कस्बा के तेलीपाड़ा निवासी 44 वर्षीय राजकुमार पुत्र सुरेश चंद युवक की मौत गयी। मृतक के बड़े भाई चेतन ने बताया कि उनका भाई राजकुमार गुप्ता छाता से वृन्दावन के लिए निकला था। करीब एक बजे उनको सूचना मिली कि उनका भाई गंभीर अवस्था में सौ शैय्या हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती है। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे एसएन मेडिकल के लिए रेफर कर दिया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना थाना रिफायनरी के राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से हाथरस सासनी निवासी 28 वर्षीय सोनी देवी पत्नि उदयभान की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतको के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## गैंगलीडर व उसके 2 सदस्यों को चोरी गैंग में पंजीकृत किया

**फिरोजाबाद।** जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने एवं अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर की जा रही है कड़ी कार्यवाही के अंतर्गत संगठित गिरोह बनाकर चोरी नकबजनी अवैध असलहा व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंगलीडर शहबाज व गैंग के अन्य दो सदस्यों अवधेश व गौतम को चोरी गैंग के रूप घोषित किया गया है जिसे थाना रामगढ़ पर पंजीकरण करते हुए अभियुक्तों की निगरानी प्रारम्भ की गयी है। आपराधिक किस्म के अभ्यस्त अपराधियों गैंगलीडर शहबाज व उसके अन्य दो साथियों अवधेश व गौतम पर जनपद के विभिन्न थानों में करीब तीन दर्जन गम्भीर अपराधों के अभियोग पंजीकृत हैं।

संक्षेप

## मैग्नाइट ने ग्लोबल स्टेज पर रखा कदम

चेन्नई। निसान मोटर इंडिया द्वारा लॉन्च की गई नई निसान मैग्नाइट अब वैश्विक स्तर पर लेफ्ट-हैंड ड्राइव (एलएचडी) बाजारों में अपने कदम बढ़ा रही है। निसान मोटर इंडिया ने एलएटीएएम क्षेत्र के चुनिंदा बाजारों के लिए जनवरी, 2025 के आखिर में नई निसान मैग्नाइट की करीब 2,900 यूनिट्स की पहली शिपमेंट को हरी झंडी दिखाई। इस शिपमेंट को चेन्नई के कामराजर पोर्ट से रवाना किया गया। यह कदम निसान की वन कार, वन वर्ल्ड की रणनीति को रेखांकित करता है। इससे वैश्विक स्तर पर उपस्थिति को विस्तार देने और भारत को निर्यात के लिए एक ग्लोबल हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में निसान मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता भी दिखाई देती है। फरवरी, 2025 में निसान मोटर इंडिया पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीकाके बाजारों और एलएटीएएम व एशिया प्रशांत क्षेत्र के चुनिंदा बाजारों में नई निसान मैग्नाइट की 7,100 से ज्यादा यूनिट्स का निर्यात करेगी।

## केंद्रीय बजट से बुनियादी ढांचे के विकास में मिलेगी मदद

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर केंद्रीय बजट 2025-26 की सराहना करती है। इसमें सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास, राजकोषीय अनुशासन को सुदृढ़ करने, कराधान को युक्तिसंगत बनाने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर फोकस है। इन सबका मकसद समग्र विकास को बढ़ावा देना है। पूंजीगत व्यय के लिए बढ़ा हुआ आवंटन बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह उद्योगों में विकास को गति देने और ऑटोमोटिव क्षेत्र सहित उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने में एक महत्वपूर्ण कारक है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड ने विक्रम गुलाटी ने कहा कि आयकर उपायों के माध्यम से कराधान को कम करना और कृषक समुदाय के लिए पीएम धन धान्यकृषि योजना से आम आदमी को काफी लाभ होगा, खपत बढ़ेगी और मांग पैदा होगी जिससे आर्थिक विकास में तेजी आएगी।

## आशीर्वाद का चार कदम आगे क्रिकेट कैंप लॉन्च

मुंबई। आशीर्वाद ने युवा और उभरती हुई महिला क्रिकेटरों को सशक्त बनाने के लिए यूपी वॉरियर्स के साथ साझेदारी में रोमांचक चार कदम आगे क्रिकेट कैंप की शुरूआत की है। भारत में महिला क्रिकेट ने जबरदस्त उछाल देखा है, जिसने लोगों के दिलों को जीता है और अनगिनत युवतियों को इस खेल को एक गंभीर करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया है। महिला क्रिकेटरों द्वारा वैश्विक मंच पर ऐतिहासिक प्रदर्शन, दर्शकों की बढ़ती संख्या और जमीनी स्तर पर बढ़ते समर्थन के साथ, युवा महिला क्रिकेटरों के लिए भविष्य पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल नजर आ रहा है।


## बीएएसएफ का 'वाह रे किसान' अभियान लॉन्च

मुम्बई। बीएएसएफ ने अपने वाह रे किसान' अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान बीएएसएफ के धरती पर किए जाने वाले सबसे बड़े काम के संबंध में चलाए जा रहे अभियान का एक हिस्सा है और इसके अंतर्गत अपने समुदायों और भारत के कृषि परिदृश्य में बदलाव ला रहे 5 किसानों की खासियत बताकर भारत के किसानों का पक्ष-समर्थन किया जा रहा है। बीएएसएफ ने अन्नू कपूर को यह अभियान होस्ट करने की जिम्मेदारी सौंपी है, और इन एपिसोड्स को विशेष रूप से बीएएसएफ के यूट्यूब और फेसबुक चैनल पर प्रसारित किया जाएगा।

## आत्मन 2025 ने आध्यात्मिक साधकों पर स्थायी प्रभाव छोड़ा

नई दिल्ली। वाराणसी ने नमो घाट पर आयोजित आत्मन 2025 महोत्सव के उद्घाटन के दौरान ज्ञान, उपचार और प्राचीन परंपराओं का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम की मेजबानी की। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के आध्यात्मिक गुरु शामिल हुए जिन्होंने मन, शरीर और आत्मा के उपचार पर अपनी गहरी अंतर्दृष्टि साझा की। उत्सव का दूसरा दिन भी उतना ही प्रेरणादायक रहा। आत्मा की सफलता का सही माप दर्शकों और आध्यात्मिक गुरुओं के बीच सार्थक बातचीत में निहित है, जहाँ भारतीय परंपराओं में निहित कालातीत ज्ञान ने आधुनिक समय की चुनौतियों का समाधान किया। हम रोमांचित हैं कि पहली बार हम इस दृष्टि को इतनी सफलतापूर्वक जीवन में लाने में सक्षम थे। हम इस सफलता को आगे बढ़ाने और अगले साल फिर से सभी का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

# सेंसेक्स में 319 अंकों की गिरावट



मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने कुछ व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क लगाने और कमजोर वैश्विक रुझानों को देखते हुए प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 77,186.74 पर बंद हुआ। इसके साथ ही सेंसेक्स में पांच कारोबारी दिनों से जारी तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 749.87 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 76,756.09 पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 121.10 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 23,361.05 पर आ गया। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और मारुति में बढ़त हुई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग में भारी गिरावट हुई। यूरोप के बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरकर बंद हुए थे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ट्रंप के चीन, मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक इक्विटी बाजारों में गिरावट ने भारतीय बाजारों को भी प्रभावित किया। इसके अलावा, रुपये में तेज गिरावट से विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने की आशंका बढ़ गई। अमेरिका में कनाडा और मेक्सिको से ज्यादातर आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क और चीन से आने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत शुल्क मंगलवार से प्रभावी होगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि व्यापार युद्ध की शुरुआत से वैश्विक बाजार अस्थिर हो गया, क्योंकि अमेरिका और दूसरे देशों के बीच शुल्क को लेकर संघर्ष से कोई आर्थिक लाभ मिलने की संभावना नहीं है। इसके बजाय, यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां पैदा कर सकता है और वैश्विक वित्तीय जोखिम बढ़ सकते हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.15 प्रतिशत उछलकर 76.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शनिवार को 1,327.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# रुपया 55 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ पहली बार 87 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया 55 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 87.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पहली बार रुपया 87 प्रति डॉलर से नीचे गया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में उछाल और डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा व मेक्सिको पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के कारण कमजोर वैश्विक बाजारों से भारतीय रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.00 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ खुला और सत्र के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.29 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छू गया था। स्थानीय मुद्रा कारोबार के अंत में 87.17 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 55 पैसे की गिरावट है। रुपया शक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हमें घरेलू बाजारों में कमजोर रुख के बीच मजबूत अमेरिकी डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की आशंका है। अमेरिकी प्रशासन के शुल्क को लेकर चिंता से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.46 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.41 प्रतिशत चढ़कर 76.74 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। इस बीच, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,186.74 अंक पर और एनएसई निफ्टी 121.10 अंक या 0.52 प्रतिशत फिसलकर 23,361.05 अंक पर आ गया।

## श्रम मंत्रालय गिग कर्मियों लिए स्वास्थ्य सेवा योजना की रूपरेखा पर कर रहा काम: गोविल

नयी दिल्ली। व्यय सचिव मनोज गोविल ने कहा कि वित्त मंत्रालय श्रम विभाग के साथ परामर्श कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत करीब एक करोड़ गिग श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना की रूपरेखा तैयार कर रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि सरकार ई-श्रम मंच पर गिग कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था करेगी।

साथ ही उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए डिलिवरी सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारी आदि गिग कर्मियों की श्रेणी में आते हैं। गोविल ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि श्रम मंत्रालय और संबंधित अन्य मंत्रालयों के साथ परामर्श कर योजना के मापदंडों तथा विवरणों पर काम किया जा रहा है। गोविल ने कहा कि गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना या तो 100 प्रतिशत केंद्रीय क्षेत्र की योजना हो सकती है या केंद्र प्रायोजित योजना हो सकती है, जहां लागत केंद्र व राज्यों के बीच 60:40 के अनुपात में साझा की जाएगी। योजना के विवरण को अंतिम रूप देने के बाद, लागत की गणना की जाएगी। आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना है।

## बड़े आर्थिक झटके से साख में कमी का जोखिम : फिच

नयी दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि भारत की कर्ज घटाने की रफ्तार धीमी है, जिससे बड़े आर्थिक झटके की स्थिति में सरकार की साख में गिरावट का जोखिम बना हुआ है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने मध्यम अवधि में भारत के राजकोषीय रूपरेखा पर टिके रहने की क्षमता पर भरोसा जताया।




जिसका मकसद कर्ज को कम करना और समय के साथ इसे नीचे लाना है। फिच रेटिंग्स के भारत में निदेशक और प्राथमिक सॉवरेन विश्लेषक जेरेमी जूक ने आम बजट 2025-26 पर टिप्पणी करते हुए कहा, इस बात पर भरोसा बढ़ रहा है कि सरकार मध्यम अवधि में राजकोषीय रूपरेखा का पालन कर सकती है और कर्ज को नीचे की ओर रख सकती है। यह समय के साथ सरकारी साख के लिए सकारात्मक होगा। उन्होंने कहा कि फिर भी, कर्ज में कमी की रफ्तार धीमी है, जो बड़े आर्थिक झटके से जोखिम की गुंजाइश बनाती है। फिच ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ भारत की सरकारी साख को बीबीबी- पर रखा है। भारत की रेटिंग अगस्त, 2006 के बाद से इसी स्तर पर बनी हुई है। यह निवेश श्रेणी में सबसे निचला स्तर है। जूक ने धीमे आर्थिक माहौल के बीच भी घाटे को कम करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र भी किया। सरकार ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत और 2025-26 में 4.4 प्रतिशत तक लाने की बात कही है। जूक ने कहा कि अनुमान यथार्थवादी हैं और उनका मानना है कि लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि धीमी आर्थिक वृद्धि के कारण राजस्व संग्रह में मामूली गिरावट हो सकती है, और ऐसे में खर्च करते समय अतिरिक्त संयम की जरूरत होगी।

## जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत: वित्त सचिव

नयी दिल्ली। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के क्रियान्वयन के संबंध में पर्याप्त अनुभव प्राप्त हो चुका है और अब राज्यों के साथ परामर्श कर दरों को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राज्य सरकारों के मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने जीएसटी दरों में बदलाव के साथ-साथ स्लैब को कम करने का सुझाव देने के लिए मंत्रियों के समूह (जीओएम) का गठन किया है। दर और स्लैब में फेरबदल पर रिपोर्ट काफी समय से लंबित है। उम्मीद थी कि दिसंबर में होने वाली परिषद की आखिरी बैठक में मंत्री समूह अपनी रिपोर्ट पेश कर देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उद्योग मंडल फिक्की की बजट बाद बैठक में एक उद्योग प्रतिनिधि के सवाल पर पांडेय ने कहा कि 2017 में जीएसटी के क्रियान्वयन के बाद कराधान में पारदर्शिता आई है। राजस्व सचिव की भी जिम्मेदारी संभाल रहे पांडेय ने कहा कि अब जब हमारे पास जीएसटी क्रियान्वयन का कुछ अनुभव है, तो यह देखना बहुत महत्वपूर्ण होगा कि आगे चीजें किस तरह आगे बढ़ेंगी। इस प्रक्रिया के लिए परिषद में राज्यों के साथ और अधिक परामर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दरों को युक्तिसंगत बनाने का कार्य प्रगति पर है।

# वित्त आयोग को अपनी चिंता बतायें राज्य : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अनुचित कर राजस्व हस्तांतरण पर दक्षिणी राज्यों के चिंता जताने पर कहा है कि राज्यों को 16वें वित्त आयोग के साथ संपर्क कर अपनी चिंताओं से अवगत कराना चाहिए क्योंकि आयोग की अनुशंसाओं से ही राजस्व के बंटवारे में राज्यों की हिस्सेदारी तय होगी।



वित्त आयोग कर राजस्व के बंटवारे का फॉर्मूला तय करने के लिए जनसंख्या को एक मानदंड मानता है। हालांकि, जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगा पाने में कामयाब रहे दक्षिणी राज्यों को ऐसा लगता है कि उन्हें बड़ी आबादी वाले उत्तरी राज्यों की तुलना में कमतर आंका जाता है। वित्त मंत्री ने दक्षिणी राज्यों की इन शिकायतों के संदर्भ में पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि केंद्र सरकार राजस्व हस्तांतरण के फॉर्मूले पर फैसला नहीं करती है। करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किया जाता है और असंतुष्ट दक्षिणी राज्यों को मापदंडों में बदलाव के लिए आयोग से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यों को वित्त आयोग के साथ मिलकर उन मापदंडों के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त करनी चाहिए जिनके आधार पर कर हस्तांतरण के सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं। अगर वे एक दशक से आगे के बारे में सोचते हैं, तो वहां एक अलग ही प्रतिमान देखने को मिलता है। उन मुद्दों को वित्त आयोग के समक्ष उन्हें ही रखना होगा। आखिरकार केंद्र वित्त आयोग की सिफारिशों एवं मुख्य सुझावों को ही अपनाता है और उनका पालन करता है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के लिए कर राजस्व के हस्तांतरण को लेकर चिंता जाहिर करना उचित नहीं है, क्योंकि यह फैसला केंद्र सरकार नहीं करती है। वित्त आयोग आमतौर पर पांच साल के लिए कर राजस्व के विभाजन के लिए सिफारिशें देता है। 13वें वित्त आयोग ने 2010-11 से 2014-15 के लिए सिफारिशें दी थीं और 14वें वित्त आयोग ने 2015-16 से 2019-20 के लिए सिफारिश की थीं। 15वें वित्त आयोग ने अपनी पहली रिपोर्ट में 2020-21 और फिर 2021-2025-26 के लिए सुझाव दिए थे। दक्षिण भारत के पांच राज्यों- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल की 2021-222024-25 के दौरान कर राजस्व में हिस्सेदारी घटकर 15.8 प्रतिशत रह गई जबकि 2014-15 में यह लगभग 18.62 प्रतिशत थी। यह पूछे जाने पर कि क्या कुछ राज्यों का अपने निवासियों से अधिक बच्चे पैदा करने के लिए कहना उचित है, सीतारमण ने कहा, मैं इसपर टिप्पणी भी नहीं कर रही हूं क्योंकि उनका जो भी दृष्टिकोण है।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में छह महीने के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। निर्यात में करीब 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी में 57.7 रहा जो दिसंबर में 56.4 था। फरवरी 2011 के बाद से नए निर्यात ऑर्डर में सबसे तेज वृद्धि से इसे समर्थन मिला। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि जनवरी में भारत का विनिर्माण पीएमआई छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। घरेलू और निर्यात मांग मजबूत रही, जिससे नए ऑर्डर में वृद्धि को समर्थन मिला। वस्तु उत्पादकों ने नए ऑर्डरों में पर्याप्त वृद्धि का श्रेय बेहतर घरेलू मांग तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री में वृद्धि को दिया। इसके बाद, भारत में विनिर्माताओं ने उत्पादन की मात्रा को बढ़ाना जारी रखा। यह वृद्धि अक्टूबर 2024 के बाद से सबसे तेज है। कंपनियां भविष्य में उत्पादन की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। करीब 32 प्रतिशत कंपनियों ने वृद्धि का अनुमान लगाया तथा केवल एक प्रतिशत ने कमी आने की आशंका जाहिर की है।

## महाकुंभ-2025 के लिए 1000 मोबाइल ट्रैफिक बैरियर प्रायोजित

प्रयागराज। इंडियन बैंक ने सड़क सुरक्षा को बढ़ाने, यातायात को प्रबंधित करने और कुंभ में भीड़ प्रबंधन में प्रशासन की मदद करने के लिए 1000 मोबाइल ट्रैफिक बैरियर्स को प्रायोजित किया। जो कि सड़क सुरक्षा और जनसंचार प्रबंधन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम है। ये बैरियर कुम्भ के दौरान प्रशासन की सहायता करेंगे और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। यह ट्रैफिक बैरियर इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक महेश कुमार बजाज द्वारा आईजी, ट्रैफिक और रोड सेफ्टी उत्तर प्रदेश सुभाष चंद्र दुबे को सौंपे गए।

पेज एक का शेष

## महाकुम्भ : बसंत

में महानिर्वाणी और अटल अखाड़े के साधु संतों और पीठाधीश्वर ने संगम घाट पर पहुंचकर स्नान किया। इसके बाद, निरंजनी और आनंद अखाड़ा और जूना एवं आवाहन अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान मची भगदड़ की घटना के बाद यह अमृत स्नान हो रहा है। मौनी अमावस्या पर भगदड़ की घटना में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी तथा 60 लोग घायल हो गए थे। संगम तट पर भीड़ से बचने के लिए बहुत से लोग दारागंज में बने पक्के घाट दशाश्वमेध घाट पर स्नान के लिए जुटे हैं। इस घाट पर स्नान करने रायपुर से आईं राम प्यारी ने कहा गंगा स्नान करना महत्वपूर्ण है। इसलिए हमने भारी भीड़ के कारण संगम जाने के बजाय यहां स्नान करना ठीक समझा। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को दोपहर 12 बजे तक 1.25 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई, जबकि 13 जनवरी से अब तक करीब 35 करोड़ लोग गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं। सरकार का अनुमान है कि सोमवार को पांच करोड़ लोग स्नान करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का ध्यान कर 10 लाख कल्पवासियों ने भी गंगा और संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ में 10 लाख से अधिक कल्पवासी महाकुंभ क्षेत्र में कल्पवास कर रहे हैं और आगामी माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ उनका एक माह का कल्पवास पूरा होगा और वे अपने गंतव्य को रवाना होंगे। महाकुंभ के अंतिम अमृत स्नान पर्व बसंत पंचमी पर मेला प्रशासन और पुलिस को शून्य त्रुटि के साथ सकुशल स्नान संपन्न कराने के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर स्वयं मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण व्यवस्था को देख रहे हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी पुलिस) (महाकुंभ) वैभव कृष्ण ने पीटीआई-वीडियो को बताया कि 29 जनवरी की घटना के मद्देनजर अधिक भीड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। आज सबकुछ सुचारू ढंग से जारी है। सरकार ने बसंत पंचमी पर ऑपरेशन इलेवन से भीड़ प्रबंधन की योजना बनाई है। सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से सोमवार को एकल मार्ग की व्यवस्था लागू रहेगी। वहीं, त्रिवेणी के घाटों पर अत्यधिक दबाव रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाए गए हैं।

## त्रिवेणी तट

के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्वअनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है। शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालुओं के मोबाइल के कैमरे भी नागा साधुओं को कैप्चर करने के लिए हवा में लहरा रहे थे। नागा भी किसी को निराश नहीं कर रहे थे, बल्कि वो अपने हाव भाव से उन्हें आमंत्रित कर रहे थे। कुछ नागा तो आंखों में काला चश्मा लगाकर आम लोगों से इंटरैक्ट भी कर पा रहे थे। उनकी इस स्टाइल को हर कोई कैद कर लेना चाहता था। यही नहीं, नागा साधु नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी जोश और उत्साह से भरपूर गतिविधियों ने श्रद्धालुओं के बीच अपार उत्साह पैदा किया। जितने उत्साहित नागा साधु थे, उतने ही श्रद्धालु भी उनकी हर गतिविधि को देख मंत्रमुग्ध हो गए। स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और पवित्र जल के साथ अठखेलियां कीं। इस दौरान सभी नागा आपस में मस्ती करते नजर आए। पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पुरुष नागाओं की तरह ही महिला नागा संन्यासी भी उसी ढंग से तप और योग में लीन रहती हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि ये गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं उसमें भी ये बिना सिलाया वस्त्र धारण करती हैं। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है। खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है तब जाकर महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं। जब एक बार महिला नागा संन्यासी बन जाती हैं तो उनका लक्ष्य धर्म की रक्षाए सनातन की रक्षा करना होता है। इस महाकुम्भ में हर कोई इनके बारे में जानने को उत्सुक नजर आ रहा है। नागा साधुओं ने अपने व्यवहार और प्रदर्शन से यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मनुष्य के आत्मिक और प्राकृतिक मिलन का उत्सव है। उनकी हर गतिविधि में महाकुम्भ की पवित्रता और उल्लास का अद्वितीय अनुभव झलक रहा था। महाकुम्भ 2025 का यह आयोजन नागा साधुओं की विशिष्ट गतिविधियों और उनकी परंपराओं के कारण लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

## आज महाकुम्भ

गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख आदि ने एयरपोर्ट पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## दिल्ली विधानसभा

अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'मेरे अनुमान के मुताबिक, आम आदमी पार्टी की 55 सीट आ रही हैं, लेकिन अगर सभी वोट करने जाएं और अपने घर के पुरुषों को भी आम आदमी पार्टी को वोट देने के लिए समझाएं तो 60 से ज्यादा भी आ सकती हैं। अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया। सोमवार को नई दिल्ली, कालका जी, छत्तरपुर सहित दूसरे विधानसभा में प्रचार करते हुए केजरीवाल ने लोगों से समर्थन देने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि आप की सरकार बनी तो हर परिवार में करीब 35 हजार रुपये तक की बचत होगी। सरकार बनने के बाद पहला काम महिलाओं के खाते में 2100 रुपये डालने और बुजुर्गों का मुफ्त इलाज कराने का करेंगे। मुफ्त बिजली-पानी, शिक्षा, इलाज और महिलाओं की बस यात्रा की तरह यह सुविधाएं भी शुरू होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव को प्रभावित कर रही है। उनके राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य की क्या हालत है, जबकि आप ने बच्चों को रोजगार देने के लिए एक बहुत बड़ा प्लान बनाया है। आप सरकार बजट का एक-एक पैसा आम लोगों के हितों में खर्च करती है, जबकि भाजपा सरकार कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाती है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं पूरी दिल्ली में घूमा और लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। मेरे हिसाब से 55 सीट आ रही हैं, लेकिन अगर महिलाएं कोशिश करें तो 60 सीट तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा दावा कर रही है कि नई दिल्ली, कालकाजी और जंगपुरा तीनों फंस गई, लेकिन मतगणना के दिन ये सीटें आम आदमी पार्टी जीतेगी।

### उंगली पर न लगवाएं काली स्याही

केजरीवाल ने एक बार फिर दावा किया कि भाजपा उंगली पर काली स्याही लगाकर कहेंगे कि पैसे लेकर वोट डाल दो। चुनाव आयोग कभी भी घर आकर वोटिंग नहीं करवाता है। उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए स्पाई और बॉडी कैमरा झुग्गियों और कार्यकताओं में बांट दिए हैं, जिसमें सब रिकॉर्ड होगा। सूचना देने पर आप की क्विक रेस्पॉन्स टीम 10-15 मिनट में पहुंच जाएगी।

### चुनाव आयुक्त को पद की लालसा

केजरीवाल ने भाजपा पर पुलिस की मदद से चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि चुनाव आयोग भी उनकी मदद कर रहा है। दिल्ली में चुनाव कवर कर रहे 7 पत्रकारों पर हमले हुए। आप की प्रचार गाड़ियां तोड़ी गई। कई सारी सामग्री जब्त कर ली गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा के सामने हथियार डाल दिए हैं, ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग है ही नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार इस महीने के अंत में रिटायर हो रहे हैं। उन्हें शायद पद की लालसा है। जिसके लिए वह निष्पक्ष चुनाव करवाने से पीछे हट रहे हैं।

## सीएम धामी

तेज गति से हो रहे हैं और दिल्ली भी इससे अछूती नहीं है इसीलिए भाजपा ही दिल्ली का सम्पूर्ण विकास कर सकती है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि 5 फरवरी को आप भाजपा के पक्ष में मतदान करते हुए अनिल शर्मा को प्रचण्ड मतों से विजय बनाइये, जिससे इस क्षेत्र का समग्र विकास तेज गति से हो सके। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में डबल इंजन सरकार के प्रयासों के कारण बेरोजगारी दर कम हुई है और राज्य के विकास में तीव्र गति आयी है। उन्होंने भाजपा की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा जो भी वादा करती है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी होती है। मुख्यमंत्री ने यमुना नदी के सफाई के मामले में उन्होंने आम आदमी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि यमुना नदी को स्वच्छ करने के नाम पर केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से झूठ बोला है।

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने यमुना की हालत को बदतर बना दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार ने देवभूमि में सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए हैं और कड़ी कार्रवाई भी की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में उत्तराखंड समेत देशभर में विकास की गति तेज है और मुझे विश्वास है कि दिल्ली में भी डबल इंजन सरकार बनेगी, जो दिल्ली को और भी समृद्ध बनाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अनिल शर्मा, राजस्थान से सांसद सीपी जोशी, हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री लतिका शर्मा, नवीन, मनीष अग्रवाल, नीरज गुप्ता, उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## अयोध्या : दलित

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सपा नेता यह कहते हुए रो पड़े कि मैं उसे बचा नहीं पाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सांसद अवधेश प्रसाद के एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि फैजाबाद के सांसद इस मुद्दे पर नाटक कर रहे हैं। एक चुनावी रैली में आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या की घटना में निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी का कोई अपराधी शामिल पाया जाएगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी दलित महिला का शव नहर में मिलने के बाद भाजपा पर निशाना साधा था और दोषियों तथा निष्क्रियता बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

एक्स पर लिखे एक पोस्ट में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि अगर प्रशासन ने महिला के लापता होने के बाद से ही लड़की के परिवार की मदद की गुहार पर ध्यान दिया होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। कब तक और कितने परिवारों को ऐसे ही रोना-और परेशान होना पड़ेगा?

गांधी ने कहा था कि बहुजन विरोधी भाजपा शासन, खासकर उत्तर प्रदेश में, दलितों पर जघन्य अत्याचार, अन्याय और हत्याओं में वृद्धि कर रहा है। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर पोस्ट किया था कि दलित महिला के साथ जिस तरह की बर्बरता हुई, उसे सुनकर किसी भी इंसान की रूह कांप जाए। ऐसी क्रूर घटनाएं समूची मानवता को शर्मसार करती हैं। महिला तीन दिन से गायब थी लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया।

## 70 लाख बढ़े मतदाता का आंकड़ा उपलब्ध कराये निर्वाचन आयोग : राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच की कुछ महीनों की अवधि में ही राज्य में हिमाचल प्रदेश की आबादी के बराबर मतदाताओं की संख्या बढ़ गई और ऐसे में निर्वाचन आयोग को प्रदेश के विपक्षी दलों को मतदाता सूची से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराने चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि वह आरोप नहीं लगा रहे हैं, लेकिन आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मैं इस सदन का ध्यान महाराष्ट्र चुनाव से जुड़े कुछ डेटा की ओर खींचना चाहता हूं। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच, हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या के बराबर लोगों को महाराष्ट्र की मतदान सूची में जोड़ा गया। लगभग 70 लाख नए वोटर अचानक आ गए। महाराष्ट्र में जितने वोटर पांच साल में नहीं जुड़े, उससे ज्यादा वोटर पांच महीने में जुड़ गए।

# शाह ने केजरीवाल पर साधा निशाना




नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में डबल इंजन की भाजपा सरकार वाले राज्यों ने प्रगति की है लेकिन दिल्ली पीछे रह गई, क्योंकि आम आदमी पार्टी (आप) बहाने बनाती रहती है और केंद्र से लड़ती रहती है। दक्षिणी दिल्ली के जंगपुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़े मियां और छोटे मियां करार दिया और उनपर दिल्ली को लूटने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, पिछले 10 साल में डबल इंजन की भाजपा सरकार वाले राज्यों ने तरक्की की है। दिल्ली पीछे छूट गई, वे बहाने बनाते रहते हैं और बबुआ सा मुंह बनाकर केंद्र से लड़ते रहते हैं। जंगपुरा विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तरविंदर सिंह मारवाह के खिलाफ चुनाव लड़ रहे सिसोदिया पर प्रहार करते हुए शाह ने कहा कि वह (सिसोदिया) देश में ऐसे एकमात्र शिक्षा मंत्री हैं, जो आबकारी घोटाले के सिलसिले में जेल गए। उन्होंने कहा कि बड़े मियां और छोटे मियां ने झूठे वादे करके दिल्ली को लूटा और वे दोनों चुनाव हारने जा रहे हैं। शाह ने दावा किया कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो दिल्ली को विश्व स्तरीय राजधानी बना सकती है। उन्होंने यमुना में डुबकी लगाने का वादा पूरा करने में विफल रहने को लेकर भी केजरीवाल पर निशाना साधा।

## राज्यसभा में गूगल मैप से होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा उठा

नयी दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को एक सदस्य ने गूगल मैप से मिले दिशा-निर्देशों के अनुसरण से होने वाली दुर्घटनाओं का मामला उठाया और इसे एक गंभीर समस्या बताते हुए सरकार से विचार करके ठोस कदम उठाने की मांग की। शून्यकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अजीत माधव राव गोपछड़े ने इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) या अन्य संस्थाओं की मदद से भारतीय स्टार्टअप या कंपनियों को गूगल मैप का स्वदेशी मॉडल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। केरल, उत्तर प्रदेश और बिहार से जुड़े हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए गोपछड़े ने कहा, भारत में गूगल मैप के गलत होने के कारण दुर्घटनाओं का होना एक गंभीर समस्या बनती जा रही है।





गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


### संदेश

वॉयस ऑफ लखनऊ हिंदी दैनिक (विकास खण्ड क्षेत्र-गोला, तहसील-गोला) के समस्त सुधि पाठकों, ईष्टमित्रों एवं क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या व बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

-आर. एस. मिश्र
संवाददाता-गोला



































कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी बाँदा

राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, बाँदा
स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान
जनपद बाँदा

दिनांक 30 जनवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक

* कुष्ठ एक रोग है जो माइक्रोबैक्टीरियम लैप्री नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। कुष्ठ रोग वंशानुगत रोग नहीं है।
* कुष्ठ रोग है पिछले जन्म के पाप या बुराई के फलस्वरूप होने वाला रोग नहीं है।

कुष्ठ रोग के लक्षण निम्नलिखित हैं-

* त्वचा पर हल्के रंग के या तांबाई रंग के दाग धब्बे जिनमें संवेदनहीनता (सुन्नप्रन) हो। हथेली-तलवों और दाग धब्बों में सुन्नपन।
* हथेली और तलवों में झनझनाहट का अनुभव, नसों में दर्द, हाथ पैर या पलकों की कमजोरी। चेहरे/कान में सूजन य घाव।
* हाथ या पैरों में दर्द रहित घाव।
* कुष्ठ रोग को उपचार एम.डी.टी. से पूरी तरह सम्भव है।
* कुष्ठ रोग शीघ्र खोजे जाने एवं एम.डी.टी. के पूर्ण इलाज से कुष्ठ जनित दिव्यांगता से बचाव पूर्णतया सम्भव है।
* कुष्ठ रोग का उपचार एम.डी.टी. सभी सरकारी संस्थानों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

"कुष्ठ पूर्व जन्म का पाप नहीं, यह कोई अभिशाप नहीं"
"आईये मिलकर जागरूकता फैलायेंए भ्रांतियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये"

जिला स्वास्थ्य समिति बाँदा

पत्रांक-मु.चि.अ./कुष्ठ-प्रेस विज्ञप्ति /2025/644 दिनांक 31 जनवरी 2025


Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K